kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-239 | बुधवार, 01 अक्टूबर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



हम राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रम्प द्वारा गाजा संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक व्यापक योजना की घोषणा का स्वागत करते हैं। हमें उम्मीद है कि सभी संबंधित पक्ष राष्ट्रपति ट्रम्प की पहल के पीछे एकजुट होंगे और संघर्ष को समाप्त करने एवं शांति सुनिश्चित करने के इस प्रयास का समर्थन करेंगे। **नरेन्द्र मोदी**

नहीं रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय कुमार मल्होत्रा 11
दिल्ली-एनसीआर में झमाझम बारिश उमस और गर्मी से मिली राहत 12

# तीनों सेनाओं का एकीकरण बेहद जरूरी : राजनाथ सिंह

## तीनों सेनाओं का एकीकरण सिर्फ नीतिगत मामला नहीं, बल्कि अस्तित्व के लिए भी अहम : रक्षामंत्री

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान प्रदर्शित एकीकृत, तत्क्षण अभियानगत समन्वय के साथ तीनों सेनाओं का तालमेल निर्णायक परिणाम देने का एक 'जीवंत उदाहरण' है, और इसे भविष्य की सभी सैन्य कार्रवाइयों के लिए मानक बनना चाहिए।

एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में सिंह ने इस बात पर प्रकाश डाला कि किस प्रकार भारतीय वायु सेना की एकीकृत वायु कमान और नियंत्रण प्रणाली ने सेना की आकाशतीर वायु रक्षा प्रणाली और भारतीय नौसेना की त्रिगुण के साथ मिलकर काम किया और यह भारत और पाकिस्तान के बीच सात से 10 मई तक चले संघर्ष के दौरान संयुक्त अभियान की रीढ़ बना।

तीनों सेनाओं के बीच तालमेल के महत्व को रेखांकित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि एकजुटता का मार्ग संवाद, समझ और परंपराओं के प्रति सम्मान में निहित है। उन्होंने कहा कि सेनाओं को एक-दूसरे की चुनौतियों का सम्मान करते हुए एक साथ मिलकर नई प्रणालियां बनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार का मकसद तीनों सेनाओं के एकीकरण को और बढ़ावा देना है और यह न केवल नीतिगत मामला है, बल्कि तेजी से बदलते सुरक्षा माहौल में अस्तित्व का मामला भी है। सिंह ने कहा,




'ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, तीनों सेनाओं के तालमेल ने एक एकीकृत, तत्क्षण संचालन की तस्वीर तैयार की। इसने कमांडरों को समय पर निर्णय लेने, स्थितिजन्य जागरूकता बढ़ाने और अपने नुकसान के जोखिम को कम करने में सक्षम बनाया। यह निर्णायक परिणाम देने वाली एकजुटता का जीवंत उदाहरण है और यह सफलता भविष्य के सभी अभियानों के लिए एक मानक बननी चाहिए। सिंह भारतीय वायु सेना (आईएएफ) द्वारा आयोजित एक संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युद्ध के बदलते स्वरूप और पारंपरिक तथा गैर-पारंपरिक खतरों के जटिल अंतर्संबंध के कारण, संयुक्तता एक विकल्प के बजाय एक प्रमुख अभियानगत आवश्यकता बन गई है। रक्षा मंत्री ने कहा, 'आज संयुक्तता हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा और अभियानगत प्रभावशीलता के लिए एक मूलभूत आवश्यकता बन गई है। उन्होंने कहा, 'हालांकि हमारी प्रत्येक सेना में स्वतंत्र रूप से जवाबी कार्रवाई की क्षमता रखती है, लेकिन भूमि, समुद्र, वायु, अंतरिक्ष और साइबरस्पेस की आपस में जुड़ी प्रकृति सहयोगात्मक ताकत को जीत की सच्ची गारंटी बनाती है। सिंह ने हाल में कोलकाता में आयोजित संयुक्त कमांडर सम्मेलन को याद किया, जहां स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्तता और एकीकरण के महत्व पर जोर दिया था। उन्होंने रेखांकित किया, 'हमारी सरकार का उद्देश्य तीनों सेनाओं के बीच संयुक्तता और एकीकरण को और बढ़ावा देना है। यह केवल नीतिगत मामला नहीं है, बल्कि तेजी से बदलते सुरक्षा परिवेश में अस्तित्व का प्रश्न भी है।' सिंह ने बताया कि दशकों से प्रत्येक सेना ने विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में अपने विशिष्ट ● शेष पेज 11 पर

### भविष्य में परमाणु और जैविक हमलों के खिलाफ तैयार रहना जरूरी : सीडीएस

**नई दिल्ली।** सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि हमें भविष्य में परमाणु और जैविक खतरों के खिलाफ तैयार रहना होगा। नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में सैन्य नर्सिंग सेवा के 100वें स्थापना दिवस के अवसर पर दिए अपने संबोधन में सीडीएस चौहान ने कहा कि आज के डेटा-केंद्रित युद्ध के युग में, जहां सूचना तक पहुंच, दुश्मन को हम पर बढ़त दिला सकती है, वहां चिकित्सा डेटा की भूमिका भी बेहद अहम है। सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा 'भारतीय डीएनए बेहद खास है। हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली अलग-अलग वातावरण या संक्रमणों के प्रति अलग-अलग प्रतिक्रिया करती है। ऐसे में व्यक्तिगत चिकित्सा डेटा की सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है और इसमें केस हिस्ट्री, रिपोर्ट और चिकित्सा स्वास्थ्य रिकॉर्ड आदि शामिल हैं। परिचालन डेटा, स्वास्थ्य पैटर्न से संबंधित तैनाती, निकासी योजनाओं को भी लीक से सुरक्षित रखने की जरूरत है। हालांकि डेटा सुरक्षा और डेटा संरक्षण सीधे तौर पर एमएनएस (मिलिट्री नर्सिंग सर्विस) की जिम्मेदारी नहीं है, लेकिन आपको इन सभी प्रकार की चुनौतियों के बारे में पता ● शेष पेज 11 पर

# मैं मुंबई हमले का बदला लेना चाहता था : चिदंबरम

एजेंसी

❒ 'अमेरिका ने हमें जवाबी कार्रवाई से रोका', मुंबई हमले पर चिदंबरम का बड़ा कुबूलनामा, बीजेपी बोली- बहुत देर कर दी



नई दिल्ली। कंग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री पी चिदंबरम ने खुलासा किया है कि तत्कालीन यूपीए सरकार ने 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के बाद भारी अंतरराष्ट्रीय दबाव और विदेश मंत्रालय के रुख की वजह से पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई न करने का फैसला किया था। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने स्वीकार किया कि 'मेरे मन में बदला लेने का विचार आया था', लेकिन सरकार ने सैन्य कार्रवाई न करने का फैसला किया।

उनके बयान की बीजेपी नेताओं ने तीखी आलोचना की है और कहा कि यह कुबूलनामा 'बहुत कम और बहुत देर से आया' है। एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में चिदंबरम ने कहा, 'पूरी दुनिया दिल्ली में यह कहने आई थी कि 'युद्ध शुरू मत करो'। उन्होंने आतंकवादी हमलों के कुछ ही दिन बाद केंद्रीय गृह मंत्री का पदभार संभाला था, जिसमें 175 लोगों की जान चली गई थी।

उन्होंने स्वीकार किया, 'कोंडोलीजा राइस, जो उस समय अमेरिकी विदेश मंत्री थीं, मेरे कार्यभार संभालने के दो-तीन दिन बाद मुझसे और प्रधानमंत्री से मिलने आईं। और कहा, 'कृपया प्रतिक्रिया न दें'। मैंने कहा कि यह एक ऐसा फैसला है जो सरकार लेगी। बिना कोई आधिकारिक राज़ बताए, मेरे मन में यह विचार आया कि हमें बदले की कार्रवाई करनी चाहिए।' चिदंबरम ने आगे कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री और 'अन्य अहम लोगों' के साथ संभावित जवाबी कार्रवाई पर चर्चा की।

उन्होंने याद करते हुए कहा, 'जब हमला हो रहा था, तब भी प्रधानमंत्री ने इस पर चर्चा की थी और निष्कर्ष यह था कि, जो काफी हद तक विदेश मंत्रालय और आईएफएस से प्रभावित था, हमें स्थिति पर शारीरिक प्रतिक्रिया नहीं करनी चाहिए।' 26 नवंबर, 2008 को लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े 10 पाकिस्तानी आतंकवादियों के एक ग्रुप ने छत्रपति शिवाजी महाराज रेलवे स्टेशन, ओबेरॉय ट्राइडेंट, ताज महल पैलेस एंड टावर होटल, लियोपोल्ड कैफ़े, कामा अस्पताल और नरीमन हाउस पर हमले किए। मुंबई पुलिस की ओर से पकड़े गए आतंकवादियों में से एक, अजमल कसाब को 2012 में फांसी दे दी गई थी। वरिष्ठ कंग्रेस नेता की टिप्पणी बीजेपी नेताओं को रास नहीं आई और उन्होंने इस कुबूलनामे के लिए उनकी आलोचना की। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि पूर्व गृह मंत्री ने स्वीकार किया है कि देश पहले से ही जानता था कि मुंबई हमलों को 'विदेशी ताकतों के दबाव के कारण गलत तरीके से संभाला गया था। टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने आरोप लगाया कि चिदंबरम मुंबई हमलों के मद्देनजर शुरू में गृह मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के लिए तैयार नहीं थे, वह पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई चाहते थे, लेकिन 'दूसरों का दबदबा रहा। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या वरिष्ठ कंग्रेस नेता सोनिया गांधी या तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने इस कदम को रोका था, और दावा किया कि ऐसा लगता है कि यूपीए सरकार कोंडोलीज़ा राइस के प्रभाव में काम कर रही थी। पूनावाला ने पूछा, 'यूपीए उनसे आदेश क्यों ले रहा था? सोनिया गांधी गृह मंत्री पर क्यों हावी हो गईं? उन्होंने कंग्रेस पर मुंबई हमलों और 2007 समझौता एक्सप्रेस बम धमाकों पर पाकिस्तान को 'क्लीन चिट' देने और साथ ही 'हिंदू आतंकवाद' की कहानी को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने बार-बार आतंकवादी हमलों के बावजूद पाकिस्तान को सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र (एमएफएन) का दर्ज़ा देने के लिए यूपीए सरकार की आलोचना की और आरोप लगाया कि कंग्रेस को इस्लामाबाद के खिलाफ नई दिल्ली की सैन्य कार्रवाई को लेकर अब भी शक है।

## संक्षेप

### 21 करोड़ के आईटीसी घोटाले में तीन सहायक आयुक्त सस्पेंड

**लखनऊ।** राज्य कर विभाग ने 21 करोड़ रुपये के आईटीसी घोटाले में बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन सहायक आयुक्तों को निलंबित कर दिया है। विभागीय जांच में सामने आया कि हापुड़ में तैनात दो सहायक आयुक्तों की लापरवाही से करीब 19.5 करोड़ रुपये की बोगस फर्म संचालित होती रही थी। फर्जीवाड़े के जरिए आईटीसी का गलत लाभ उठाया गया। इस घोटाले की गंभीरता को देखते हुए विभाग ने तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्रवाई की है। अधिकारियों पर मिलीभगत और निगरानी में ढिलाई के आरोप भी लगे हैं। मामला अब उच्च स्तरीय जांच के अधीन है।

### यीडा सीईओ राकेश कुमार को एक साल की मिली पुनर्नियुक्ति

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने वर्ष 2009 बैच के आईएएस अधिकारी राकेश कुमार सिंह को पुनर्नियोजित करते हुए यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद पर कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया है। सचिव औद्योगिक विकास प्रांजल यादव ने मंगलवार को इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया है। इसमें कहा गया है कि राकेश कुमार सिंह 30 सितंबर को सेवानिवृत्त हो रहे थे। इसलिए उन्हें एक साल 30 सितंबर 2026 तक या शासन के अग्रिम आदेशों जो भी पहले हो तक पुनर्नियोजित करने की मंजूरी राज्यपाल ने दी है। उन्हें पुनर्नियोजन के बाद आहरित अंतिम वेतन में से दी जाने वाली पेंशन राशि को घटाते हुए वेतन, भत्ते नियमानुसार दिए जाएंगे। वेतन व भत्ते प्राधिकरण द्वारा अपने स्रोतों से दिया जाएगा। यह आदेश बुधवार से प्रभावी माना जाएगा। राकेश कुमार को यीडा का सीईओ 30 जून 2025 को बनाया गया था। इसके पहले अरुणवीर सिंह इस पद पर हुआ करते थे। उन्हें इस पद पर सात बार सेवा विस्तार मिला था।

### पश्चिमी यूपी में आज से शुरू होगी धान खरीद

**लखनऊ।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत पहली अक्टूबर से पश्चिमी उत्तर प्रदेश और लखनऊ संभाग के हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर जनपद में धान खरीद प्रारंभ होगी। वहीं पहली नवंबर से पूर्वी उत्तर प्रदेश और लखनऊ संभाग के लखनऊ, रायबरेली व उन्नाव में खरीद होगी।

## पाकिस्तान में विस्फोट में 10 लोगों की मौत, कई अन्य घायल

कराची। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में अर्धसैनिक बलों पर मंगलवार को हुए बम हमले में कम से कम 10 लोग मारे गए और 30 से ज़्यादा घायल हो गए। यह विस्फोट प्रांत की राजधानी क्वेटा में फ्रंटियर कांस्टेबुलरी (एफसी) के मुख्यालय के पास एक व्यस्त सड़क पर हुआ। बलूचिस्तान के स्वास्थ्य मंत्री बख्त मुहम्मद काकर ने हमले की पुष्टि की। उन्होंने मीडिया को बताया, ''विस्फोट में दस लोग मारे गए हैं और 32 घायल हुए हैं। घायलों को शहर के विभिन्न अस्पतालों में ले जाया गया। स्वास्थ्य सचिव मुजीबुर रहमान ने एक बयान में कहा, ''क्वेटा सिविल अस्पताल, बलूचिस्तान मेडिकल कॉलेज (बीएमसी) अस्पताल क्वेटा और ट्रॉमा सेंटर में आपातकाल घोषित कर दिया गया है। किसी भी समूह ने विस्फोट की ज़िम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन बलूच विद्रोही समूह अक्सर प्रांत में सुरक्षाकर्मियों को निशाना बनाकर हमले करते रहते हैं। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर सरफराज बुगती ने इस घटना की कड़ी निंदा की और इसे 'आतंकवादी ● शेष पेज 11 पर

# बिहार में एसआईआर के बाद अंतिम मतदाता सूची जारी

एजेंसी

पटन। मंगलवार को मतदाता सूची प्रारूप का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया। चुनाव आयोग ने कहा कि आज यानी 30 सितंबर को अंतिम मतदाता सूची प्रारूप का प्रकाशन कर दिया गया है। मतदाता इस लिंक पर क्लिक कर अपना नाम चेक कर सकते हैं। करीब सात करोड़ 30 लाख से अधिक मतदाताओं की फाइनल सूची जारी की गई। खास बात यह है कि इस बार वोटर लिस्ट में करीब 14 लाख से अधिक नए मतदाता भी शामिल हुए। इनमें अधिकतर ऐसे हैं जिनकी उम्र 18 साल से अधिक है। इधर, चुनाव आयोग ने मतदाता सूची को सार्वजनिक करने के साथ-साथ हर जिले के निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में भौतिक प्रति भी उपलब्ध करवा दी है। सभी राजनीतिक दलों को भी मतदाता सूची प्रारूप की अंतिम सूची उपलब्ध करवा दी गई।



निर्वाचन आयोग ने मतदाता पुनरीक्षण कार्य की शुरुआत जून माह में की थी। इस कार्य से पहले 7 करोड़ 89 लाख मतदाता थे। इसके पुनरीक्षण कार्य के बाद कुल 65 करोड़ मतदाताओं के नाम कटे थे। इनमें 22 लाख से अधित मृत मतदाता, करीब 35 लाख विस्थापित मतदाता थे। वहीं करीब सात लाख लोग ऐसे मतदाता थे, जिनका नाम दो जगह दर्ज था। हालांकि, चुनाव आयोग ने इन्हें दावा आपत्ति के लिए 30 दिन का वक्त दिया था। मतदाता पुनरीक्षण कार्य के बाद जो वोटर लिस्ट प्रकाशित किए गए थे, उनमें सभी जिलों के हजारों लोगों के नाम कट गए थे। इनमें पश्चिम चम्पारण से 191376, पूर्वी चम्पारण से 316793, शिवहर से 28166, सीतामढ़ी से 244962, मधुबनी से 352545, सुपौल से 128207, अररिया से 158072, किशनगंज से 145668, ● शेष पेज 11 पर

# आरएसएस के शताब्दी समारोह में शामिल होंगे पीएम मोदी

एजेंसी

❒ स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी करेंगे



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के बुधवार को यहां डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में आयोजित होने वाले शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को बताया कि इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्र के प्रति आरएसएस के योगदान पर विशेष रूप से डिज़ाइन एक स्मारक डाक टिकट तथा सिक्का जारी करेंगे और उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा 1925 में नागपुर महाराष्ट्र में आरएसएस की स्थापना एक स्वयंसेवी संगठन के रूप में की गई थी जिसका लक्ष्य नागरिकों में सांस्कृतिक जागरूकता, अनुशासन, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देना था। आरएसएस, राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के लिए एक अनूठा जन-पोषित आंदोलन है। इसके उदय को सदियों के विदेशी शासन के जवाबी कदम के रूप में देखा गया है, और इसके निरंतर विकास का श्रेय धर्म में निहित भारत के राष्ट्रीय गौरव के इसके दृष्टिकोण की भावनात्मक प्रतिध्वनि को दिया जाता है। संघ का मुख्य जोर देशभक्ति और राष्ट्रीय चरित्र निर्माण पर है। यह मातृभूमि के प्रति समर्पण, अनुशासन, संयम, साहस और वीरता का संचार करता है। संघ का अंतिम लक्ष्य भारत की ''सर्वांगीण उन्नति'' (सर्वांगीण विकास) है, जिसके लिए प्रत्येक स्वयंसेवक स्वयं को समर्पित करता है। पिछली शताब्दी में, आरएसएस ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक कल्याण और ● शेष पेज 11 पर

# आईएमसी जिलाध्यक्ष समेत 15 और आरोपी भेजे गए जेल

## बरेली बवाल: पुलिस पर गोली चलाने वाला मुठभेड़ में गिरफ्तार, अब तक 72 आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी

बरेली। बरेली में बवाल के मामले में पुलिस की लगातार कार्रवाई जारी है। मंगलवार को आईएमसी जिलाध्यक्ष समेत 15 और आरोपियों को जेल भेजा गया है। पुलिस ने एक आरोपी को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। एसपी सिटी मानुष पारीक ने प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोतवाली क्षेत्र से 14 और बारादरी से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें एक आरोपी नाबालिग है।

एसपी सिटी ने बताया कि बारादरी क्षेत्र से गिरफ्तार शमशाद आलम आईएमसी का जिलाध्यक्ष है। यह फरीदपुर थाने के वाहनपुर का रहने वाला है। शमशाद मौलाना तौकीर रजा, नदीम और डॉ. नफीस के साथ साजिश बनाने में शामिल रहा। वह व्हाट्सएप ग्रुप व सोशल मीडिया पर सक्रिय रहा था। एसपी सिटी ने बताया कि बवाल के मामले में दर्ज 10 मुकदमों में अब तक 72 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। बवाल के आरोपी ताजिम को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में राधा माधव स्कूल के पास



मंगलवार को हुई मुठभेड़ में आरोपी के पैर में गोली लगी है। पुलिस के मुताबिक आरोपी 26 सितंबर को बवाल के दौरान भीड़ में मौजूद था। उसने पुलिस टीम पर फायर किया था। उससे तमंचा और कारतूस बरामद हुए हैं। थाना बारादरी पुलिस के मुताबिक मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिली कि 26 सितंबर को श्यामतगंज पुल के पास पुलिस पर फायर करने वाला बदमाश बाइक लेकर हारुन नगला पुल के पास खड़ा है। पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पहुंचकर बिना नंबर की बाइक पर सवार युवक को घेरने का प्रयास किया। पुलिस को देख उसने बाइक बिथरी चैनपुर की तरफ दौड़ा दी। पुलिस टीम ने उसका पीछा किया। राधा माधव स्कूल के आगे पानी टंकी के पास आरोपी बाइक छोड़कर भागने लगा और उसने पुलिस टीम पर फायरिंग भी की। पुलिस की जवाबी फायरिंग में उसके पैर में गोली लगी, जिससे वह सड़क पर गिर गया। पुलिस ने उसे दबोच लिया गया। आरोपी से एक तमंचा और दो कारतूस बरामद हुए हैं। घायल को जिला अस्पताल ● शेष पेज 11 पर

### सपा पार्षद के चार्जिंग स्टेशन पर चला बुलडोजर, तौकीर के करीबी का बरातघर सील, रिश्तेदार हिरासत में

**बरेली।** बरेली में बवाल की साजिश रचने के आरोपी मौलाना तौकीर रजा के करीबियों और रिश्तेदारों पर जिला प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) और नगर निगम की संयुक्त टीम ने मंगलवार को प्रेमनगर थाना क्षेत्र के बानखाना मोहल्ले में बड़ी कार्रवाई की। यहां सपा पार्षद ओमान रजा के अवैध चार्जिंग स्टेशन को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। बताया गया कि नाले पर बाउंड्रीवाल बनाकर अवैध तरीके से चार्जिंग स्टेशन बनाया गया था। बुलडोजर से बाउंड्री वाल को तोड़ दिया गया। पार्षद उमान का एक और चार्जिंग स्टेशन विद्युत चोरी से संचालित होता पाया गया। इस पर भी कार्रवाई की गई है। मौलाना तौकीर रजा के रिश्तेदार मोहसिन रजा खान और उसके भाई को हिरासत में लिया गया है। मोहसिन रजा मननानी मियां का दामाद है। मोहसिन के घर पर कार्रवाई करने के लिए बीडीए और नगर निगम की टीम पहुंची थी। इस दौरान मोहसिन रजा की अफसरों से तीखी नोकझोंक हो गई। मोहसिन ने आंवला भाजपा जिलाध्यक्ष पर आरोप लगाया और कहा कि यह मामला सिर्फ राजनीतिक है। वह 2005 में आईएमसी छोड़ चुके हैं। तौकीर रजा से कोई वास्ता भी नहीं है। मोहसिन ने कहा कि तौकीर रजा से उसका कोई वास्ता नहीं है। यह सब भाजपा आंवला जिलाध्यक्ष के कहने पर हो रहा है। उन्होंने पहले भी उन पर गोकशी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मोहसिन के पिता ने कोर्ट का स्टे ऑर्डर दिखाया तो टीम ने कार्रवाई रोकी। वहीं मोहसिन रजा और उसके भाई को हिरासत में ले लिया गया है। मोहसिन रजा के घर के सामने ही नाले पर अवैध चार्जिंग स्टेशन पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है। बीडीए की टीम ने शाहजहांपुर रोड स्थित नरियावल में हमसफर बरातघर को सील कर दिया है। ये बरातघर शराफत का है, जो शहर के सूफीटोला का निवासी है और मौलाना तौकीर रजा का बेहद करीबी बताया जाता है। बीडीए की टीम मंगलवार को भारी पुलिस बल के साथ हमसफर बरातघर ● शेष पेज 11 पर

## आज कई महत्वपूर्ण पदों पर तैनात आईएएस और आईपीएस हो जाएंगे रिटायर

लखनऊ। यूपी के कई आईएएस और आईपीएस अधिकारी 30 सितम्बर को रिटायर हो जाएंगे। इनमें कई अफसर वर्तमान समय में महत्वपूर्ण पदों पर तैनात हैं। इनके अलावा दो पीसीएस अधिकारी भी इसी दिन सेवानिवृत्त होंगे। इन अफसरों में 1990 बैच के आईएएस डॉ. सुधीर महादेव बोबड़े इस समय राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव पद पर तैनात है।

इसके अलावा वर्ष 2009 बैच के आईएएस राकेश कुमार सिंह यमुना प्राधिकरण व जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट नोएडा के सीईओ, वर्ष 2009 बैच के आईएएस ब्रजेश नारायण सिंह सचिव सचिवालय प्रशासन, आईएएस अविनाश कृष्ण सिंह डीजी टेक्निकल एजुकेशन है। इसी तरह वर्ष 2014 बैच के आईपीएस पंकज कुमार पाण्डेय पीएसी मुख्यालय के एसपी, वर्ष 2011 के आईपीएस कमल प्रसाद यादव डीआईजी एसीओ, वर्ष 1997 बैच के आईपीएस डॉ. जीके गोस्वामी यूपी फोरेंसिक साइंस इंस्टीट्यूट के संस्थापक निदेशक पद पर तैनात हैं। इनके अलावा ● शेष पेज 11 पर

# मिशन शक्ति 5.0 : उप्र में अष्टमी के दिन 5 लाख से अधिक बेटियों का कन्या पूजन

**मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से जुड़ी 1,500 से अधिक बालिकाएं**

**कन्या पूजन समारोहों में शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य पर जोर, मिशन शक्ति की प्रतिबद्धता को मिली मजबूती**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । नवरात्रि के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान ने नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को एक नई ऊंचाई प्रदान की है। महिला एवं बाल विकास विभाग के आह्वान पर पूरे उत्तर प्रदेश में 30 सितम्बर एवं 1 अक्टूबर को अष्टमी-नवमी तिथियों पर आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। अष्टमी के दिन पूरे प्रदेश में 5 लाख से अधिक कन्याओं का सम्मानजनक पूजन किया गया। साथ ही इन आयोजनों में 1,500 से अधिक बालिकाओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से जोड़ा भी गया है।मिशन शक्ति 5.0 के तहत बालिकाओं का कन्या पूजन धार्मिक परम्परा का निर्वहन भर ही नहीं रह गया है, बल्कि समाज में कन्या जन्म को उत्सव के रूप में स्थापित करने वाली सामाजिक क्रांति का प्रतीक भी बना है। बीते 20 सितम्बर को शुरु हुए मिशन शक्ति 5.0, महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता को मजबूत करने का व्यापक अभियान बन गया है। कन्या पूजन के माध्यम से योगी सरकार ने समाज को गहरा संदेश भी दिया, जिसके तहत बेटियों को परिवार और समाज की आधारशिला के रूप में बताया गया है। विभिन्न जिलों में आयोजित कार्यक्रमों में महिला कल्याण बेबी रानी मोर्या, राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला, प्रभारी मंत्री, जिलाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में ये कार्यक्रम आयोजित हुए।बालिकाओं को दी गई महिला केंद्रित योजनाओं की जानकारी, कन्या सुमंगला योजना के फॉर्म भरवाए गएअष्टमी के दिन विभिन्न विभागों और संस्थाओं के माध्यम से पूरे प्रदेश में 5 लाख से अधिक कन्याओं का सम्मानजनक पूजन किया गया। इन आयोजनों का मूल उद्देश्य कन्या जन्म को बोझ न मानकर आशीर्वाद के रूप में देखने को प्रेरित किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, लोकगीतों और संवाद सत्रों के जरिए बालिकाओं को शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य एवं आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम स्थल पर विशेष काउंटरों पर कन्या सुमंगला योजना के फॉर्म भरवाए गए, जो मुख्यमंत्री योगी के मार्गदर्शन में बालिकाओं को जन्म से उच्च शिक्षा तक 25,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करती है।परिवारों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी देकर अधिकतम लाभ सुनिश्चित किया गया। मिशन शक्ति के तहत बाल विवाह, शिक्षा वंचना और स्वास्थ्य उपेक्षा जैसी कुरीतियों के खिलाफ अभियान चलाया गया, जो नारी सुरक्षा के मूल सिद्धांत को मजबूत करता है।

## छात्राओं को नवाचार, कौशल, डिजिटल समावेशन के बारे में किया गया जागरूक

रायबरेली। जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार जनपद में चलाए जा रहे अभियान 'मिशन शक्ति फ़ेज 5.0' के तहत महिला कल्याण विभाग रायबरेली द्वारा जनपद के फिरोज गांधी इंस्टि्टयूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालॉजी रायबरेली में सेवा पखवाड़ा एवं स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अन्तर्गत छात्रों को नवाचार, कौशल, डिजिटल समावेशन आदि के बारे में प्रेरित किया गया, जिसमें टोल फ्री हेल्पलाइन नंबरों और महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के प्रति छात्राओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के साथ साथ नारी स्वास्थ्य एवं नारी सुरक्षा व सशक्तिकरण संबंधित कई विषयों पर जागरूक किया गया। छात्राओं को मिशन शक्ति के उद्देश्यों को विस्तार से बताया और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के प्रति प्रेरित किया। साथ ही कन्या सुमंगला योजना, विधवा पेंशन, बाल सेवा योजना, विकलांग पेंशन, मातृत्व वंदना योजना, सुकन्या समृद्धि योजना व राष्ट्रीय कृत टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 1930, 112, 1090 आदि के प्रति जागरूक करते हुए विभागीय योजनाओं की पंपलेट वितरण की गई।

## मंडलायुक्त व पुलिस महानिरीक्षक ने किया कन्या पूजन

**बेटियों के शिक्षा–सशक्तिकरण पर दिया जोर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय, कोईलहा में सोमवार को मंडलायुक्त प्रयागराज श्रीमती सौम्या अग्रवाल एवं पुलिस महानिरीक्षक श्री अजय कुमार मिश्र ने कन्या पूजन कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान अधिकारियों ने छात्राओं को रोली-चंदन लगाकर एवं चुनरी ओढ़ाकर विधिवत पूजन किया तथा शिक्षण सामग्री वितरित की।मंडलायुक्त ने छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में कन्या पूजन का विशेष महत्व है, क्योंकि कन्याओं में माँ दुर्गा के स्वरूप की उपासना की जाती है। उन्होंने कहा कि बेटियों को शिक्षा, सुरक्षा और समान अवसर उपलब्ध कराना समाज की जिम्मेदारी है। सरकार एवं प्रशासन मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है।उन्होंने छात्राओं को भरोसा दिलाया कि पढ़ाई व कैरियर निर्माण में हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही उन्होंने महिला हेल्प डेस्क और हेल्पलाइन नंबर 1090 व 112 की जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी समस्या पर तुरंत मदद मिलेगी।पुलिस महानिरीक्षक अजय कुमार मिश्र ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे किसी भी परेशानी की स्थिति में बेहिचक महिला हेल्प डेस्क या हेल्पलाइन पर संपर्क करें।कार्यक्रम में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी, पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी तथा अपर जिलाधिकारी शालिनी प्रभाकर समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे।

## एडिशनल कमिश्नर रतन प्रिया की तैनाती पर उठे सवाल स्थानांतरण नीति पर चर्चाएं तेज

प्रयागराज। एडिशनल कमिश्नर रतन प्रिया की लंबे समय से एक ही मंडल में तैनाती को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। जानकारी के अनुसार रतन प्रिया ने अब तक कुल 9 वर्ष एक ही मंडल में पूरे किए हैं, जिनमें से 8 वर्ष उन्होंने प्रयागराज जनपद में सेवा दी है।स्थानीय स्तर पर यह सवाल उठ रहा है कि जब शासन की स्थानांतरण नीति स्पष्ट रूप से अधिकारियों के एक ही स्थान पर दीर्घकालीन तैनाती को हतोत्साहित करती है, तो आखिर एक ही जनपद में इतने लंबे समय तक सेवाएं कैसे संभव हुईं।जनमानस में चर्चा है कि क्या रतन प्रिया स्थानांतरण नीति के दायरे से बाहर हैं या फिर शासन स्तर पर कोई विशेष अनुमति दी गई है। लोग पूछ रहे हैं कि जब अन्य अधिकारियों के स्थानांतरण समय-समय पर किए जाते हैं, तो रतन प्रिया का मामला अपवाद क्यों बना हुआ है।फिलहाल, शासन की नीति पर सवाल खड़े हो रहे हैं और इस पर अधिकारियों व आम नागरिकों के बीच बहस जारी है।

## नशे में धुत प्रदीप द्विवेदी ने खुद को मारी गोली, हालत गंभीर

प्रयागराज। करछना थाना क्षेत्र के हनुमानपुर धरवारा गांव में मंगलवार देर रात शराब के नशे में धुत एक व्यक्ति ने खुद को गोली मार ली। बताया जा रहा है कि 45 वर्षीय प्रदीप द्विवेदी ने पत्नी मालती देवी के सामने ही अपनी लाइसेंसी बंदूक से जबड़े के नीचे गोली चला दी।गोली चलने की आवाज से घर में अफरा-तफरी मच गई। गंभीर हालत में परिजन प्रदीप को सीएचसी करछना ले गए, जहां से डॉक्टरों ने उन्हें स्वरूप रानी अस्पताल रेफर कर दिया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार प्रदीप की स्थिति नाजुक बनी हुई थी, हालांकि फिलहाल खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।सूचना पर मौके पर पहुंची करछना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। थाना प्रभारी अनूप सरोज ने बताया कि युवक शराब के नशे में था और घरेलू विवाद के चलते आवेश में आकर आत्महत्या की कोशिश की। गांव में इस घटना के बाद दहशत और तरह-तरह की चर्चाओं का माहौल बना हुआ है।

## नैनी में महिला से सोने की चेन छिनी, पुलिस पर सवाल

प्रयागराज। नैनी थाना क्षेत्र की एडीए कॉलोनी में सोमवार दोपहर दुर्गा पूजा पंडाल से लौट रही महिला के गले से उचक्के सोने की जंजीर छीनकर फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई इस घटना से क्षेत्र की महिलाओं में दहशत है। खास बात यह है कि वारदात नैनी पुलिस चौकी के पास हुई, जिससे पुलिस पर लापरवाही के आरोप लग रहे हैं। स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि चौकी के नजदीक स्थित मेडिकल स्टोर पर खुलेआम नशे के इंजेक्शन बेचे जा रहे हैं, लेकिन पुलिस मौन है। सूत्रों का कहना है कि लगातार घटनाओं की अनदेखी से क्षेत्रीय पुलिस कर्मियों के खिलाफ आक्रोश बढ़ रहा है।

## विवादित मकान पर ध्वस्तीकरण से भड़के वकील

प्रयागराज। कर्नलगंज थाना क्षेत्र के बैंक रोड पर स्थित एक विवादित मकान को ध्वस्त करने पहुंची विकास प्राधिकरण की टीम का वकीलों ने कड़ा विरोध किया। सोमवार को मकान स्वामिनी बुजुर्ग महिला का आरोप था कि एक अपर प्रधान सचिव स्तर के अधिकारी के दबाव में मकान गिराया जा रहा है। विरोध में भारी संख्या में वकील मौके पर जुट गए और कार्रवाई रोकने की मांग की। महिला ने आरोप लगाया कि अधिकारी का नाम हिमांशु कुमार है, जो डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के पर्सनल सेक्रेटरी बताए जाते हैं। प्रकरण ने राजनीतिक रंग ले लिया है और प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं।

## पुलिस आयुक्त ने जनसुनवाई कर अधिकारियों को दिए निर्देश

प्रयागराज। पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने जनता की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। पुलिस आयुक्त ने कहा कि शिकायतों के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि थानों में आने वाले हर पीड़ित को गंभीरता से सुना जाए और शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई हो। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और अपनी समस्याएं रखीं। पुलिस आयुक्त ने भरोसा दिलाया कि सभी मामलों का निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

## मेजा में दो समुदायों के बीच विवाद, पुलिस अलर्ट

प्रयागराज। मेजा थाना क्षेत्र के कोटहा गांव में सोमवार रात दो समुदायों के बीच विवाद की घटना सामने आई। किसी बात को लेकर शुरू हुई कहासुनी देखते-देखते तनाव में बदल गई। सूचना पाकर पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को काबू में किया। एसीपी मेजा एसपी उपाध्याय ने बताया कि विवाद को तत्काल शांत करा दिया गया है और गांव में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल गांव में शांति है, लेकिन पुलिस की निगरानी जारी है।

## नगर निगम मुरादाबाद ने छठ पूजा के लिए महानगर में दो घाट पूर्वांचल वासियों को किया समर्पित



मुरादाबाद । नगर निगम ने छठ पूजा के लिए महानगर में दो घाट मंगलवार को पूर्वांचल वासियों को समर्पित कर दिए। पूर्वांचल के लोगों को छठ पूजा करने हेतु मुरादाबाद महानगर में कोई घाट नहीं था, जिसकी पूर्वांचल वासी लंबे समय से मांग कर रहे थे। इसको लेकर बीते माह में नगर विधायक रितेश गुप्ता ने मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह से मिले थे और उन्हें पत्र सौंप कर छठ पूजा हेतु घाट बनवाने की मांग की थी।मंगलवार को पूर्वांचल वासी संस्था के पदाधिकारी व लोग नगर विधायक रितेश गुप्ता के नेतृत्व में नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल से उनके कार्यालय में मिले। इसके बाद नगर आयुक्त ने छठ पूजा हेतु मुरादाबाद महानगर में दो घाट पूर्वांचल वासियों को लिखित रूप से समर्पित कर दिए। जिसके लिए सभी लोगों ने नगर विधायक रितेश गुप्ता के साथ नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल का आभार जताया। इसमें पहला घाट दिल्ली रोड स्थित सम्राट अशोक नगर में लोकोशेड पर अमृत सरोवर अस्थाई घाट के रूप में मिला है। दूसरा स्थाई घाट लाइनपार में आदर्श नगर ढक्का के समीप है।नगर विधायक रितेश गुप्ता ने कहा की पूर्वांचल वासियों की छठ पूजा हेतु घाट की मांग काफी समय से चली आ रही थी।

## दशहरा को सम्पन्न कराने के लिए खाकी वर्दी के साथ-साथ सिविल में गस्त करती रहेगी पुलिस: प्रभारी निरीक्षक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरावं, प्रयागराज। कोराव कस्बा में दशहरा को सम्पन्न कराने को लेकर हर वर्ष की भांति इस साल भी प्रभारी निरीक्षक थाना कोराव राकेश कुमार वर्मा ने एक बातचीत के दौरान बताया कि पर्याप्त पुलिस बल सुरक्षा की दृष्टि से लगाया गया है साथ ही अन्य थानों की भी पुलिस बल चप्पे चप्पे तैनात रहेगी साथ ही कुछ पुलिस बल सिविल ड्रेस में भी अराजकतत्वों को पहचान करने के लिए लगाया गया है साथ ही यातायात को लेकर भी बड़ी तैयारी किया गया है जगह जगह बैरकेटिंग लगाया जाएगा सभी समिति के जिम्मेदार को भी शांति पूर्वक तरीके से त्योहार दशहरा मनाने की अपील किया गया है दशहरा में कोई भी अराजकता फैलाएगा उसके विरुद्ध सख्त से सख्त कठोर कार्यवाही की जाएगी साथ ही तेज ध्वनि व बड़े फटाखा जिससे आम जन मानस को क्षति पहुचे उसके लिए भी सख्त हिदायत दिया गया है कि इस तरह का कोई कृत्य न करे जिससे पुलिस ऐसे लोगो के विरुद्ध कार्रवाही करे दशहरा सभी लोगो से शांति पूर्वक तरीके से मनाने की अपील की है

## पति की संदिग्ध मौत पर उल्टा मुकदमा दर्ज

**पीड़िता सकीना ने आईजी प्रयागराज से लगाई न्याय की गुहार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज, कौशाम्बी। जनपद कौशांबी के थाना कड़ाधाम क्षेत्र की रहने वाली सकीना बानो पति की संदिग्ध मौत के मामले में न्याय पाने के लिए लगातार अधिकारियों के दरवाज़े खटखटा रही हैं। डेढ़ माह से थाना कड़ाधाम, कौशाम्बी एसपी और डीएम कार्यालय के चक्कर लगाने के बाद भी कार्रवाई न होने पर 25 सितंबर को पुलिस ने उल्टा सकीना, उसके पिता और भाई पर ही मुकदमा दर्ज कर दिया।सकीना का आरोप है कि उसके पति की मौत जहर देकर मार डालने एवं ससुराल पक्ष की प्रताड़ना और साजिश का नतीजा है। लेकिन कार्रवाई करने के बजाय पुलिस ने आरोपियों को बचाने के लिए उसे ही झूठे मामले में फंसा दिया। पीड़िता का कहना है कि उसने पहले 19 अगस्त 2025 को एसपी और फिर डीएम कार्यालय में तहरीर दी थी, लेकिन थाना स्तर पर केवल पंचायत कराई गई और समझौते का दबाव बनाया गया। पीड़िता की दी गई तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा नहीं लिखा है और टाल मटोल करते रहे हैं। पीड़िता के मुताबिक उसके ससुर वाले उसे घर में घुसने नहीं दिए जब वह मायके से ससुराल अलीपुर जीता गई और उसके गहने ,दहेज का सामान सब हड़प लिए है और उसके पति द्वारा बनाया गया घर , दुकान सब पर कब्जा कर लिए है ।न्याय न मिलने से हताश होकर सकीना सोमवार को एसपी कौशाम्बी से मिली थीं, वहीं मंगलवार को उन्होंने आईजी प्रयागराज अजय कुमार मिश्र से मिलकर अपनी आपबीती सुनाई और न्याय की गुहार लगाई।अब यह मामला न केवल पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा कर रहा है, बल्कि पीड़िता की सुरक्षा और न्याय को लेकर भी गंभीर चर्चाओं का विषय बना हुआ है।

## जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक डीएम की अध्यक्षता में संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिले के उद्यमियों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में नगर पालिका के अंतर्गत आने वाले भूमि व भवन,यूपीसिडा, रेलवे ओवरब्रिज के नीचे सड़कों, नालों की साफ सफाई व अतिक्रमण, पानी निकासी, सड़कों की मरम्मत, सुल्तानपुर रोड से बालापुर रोड पर स्थित सड़क की स्थिति व उद्यमियों की सुरक्षा आदि विषयो पर विस्तार से चर्चा की गई।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित समाधान प्राथमिकता से किया जाए, ताकि जिले में औद्योगिक गतिविधियों को और अधिक गति मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि नई औद्योगिक इकाइयों की स्थापना को प्रोत्साहन देने हेतु शासन की सभी योजनाओं का लाभ उद्यमियों को दिया जाए।जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसी भी उद्यमी को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि उद्योगों के विकास से जिले में रोजगार सृजन और आर्थिक प्रगति दोनों को बढ़ावा मिलेगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन सिद्धार्थ, नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार वर्मा, सीओ सिटी अरुण कुमार नौहवार सहित उद्योग बंधुगण व विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कक्षा ग्यारह की छात्रा बनी जिला विद्यालय निरीक्षक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। मिशन शक्ति फ़ेज 5.0 एक्स्पोजर-डे के अन्तर्गत जीपीआरपीई का., कुर्री सुदौली, रायबरेली की कक्षा-11 की छात्रा भाव्या शुक्ला ने जिला विद्यालय निरीक्षक, रायबरेली के पद पर कार्य करते हुए विभिन्न प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन किया गया। इस अवसर पर छात्रा ने जनपद के अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों/कार्मिकों का ऑनलाइन वेतन भुगतान के अनुमोदन की कार्यवाही सम्पादित की। साथ ही कार्यालय की कार्यप्रणाली, विभागीय दायित्वों तथा शैक्षिक गतिविधियों से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त की। कार्यालय के कार्मिकों को यह भी निर्देश दिया कि अपने पदीय दायित्वों को सभी सम्बन्धित पूरी ईमानदारी व निष्ठा से करेंगे तो सभी कार्य समय से निष्पादित होगें। जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति फ़ेज 5.0 छात्र/छात्राओं को नेतृत्व एवं प्रशासनिक कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करने की दिशा में यह एक महत्पूर्ण पहल है। इस कार्यक्रम से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, निर्णय क्षमता एवं उत्तरदायित्व की भावना का विकास होता है तथा अपने निर्धारित किये हुये लक्ष्य को प्राप्त करने में निष्ठापूर्वक एवं पूर्ण लगन से आगे बढ़ेंगे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में तीस वर्षीय महिला की मौत

सिद्धार्थनगर । जनपद के इटवा थाना क्षेत्र के ग्राम पकड़ी शुक्ल में तीस वर्षीय राधिका पत्नी कृष्णा गौतम की घर पर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ही गई है। शव को अन्त्य परीक्षण के लिए भेजकर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।पुलिस क्षेत्राधिकारी इटवा शुभेंदु सिंह ने बताया कि उक्त महिला की लगभग दस वर्ष पूर्व शादी हुई थी। इनके 7 वर्षीय लड़की प्रिया तथा 3 वर्षीय लड़का अभय है। पति से रात में इसका कुछ विवाद हुआ था। संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के अंदर इसका शव पड़ा था। शव को अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मोहम्मद गुफरान पुत्र तुफैल निवासी 60 राजा मोहल्ला जिला गोण्डा जिन्हें आज दिनांक 26.09.2025 से मो0 गुफरान MOHD GUFRAAN पुत्र मो0 तुफैल MOHD TUFAIL के नाम से जाना पहचाना जाए।

**मो0 गुफरान पुत्र मो0 तुफैल**
**पता 60 राजा मोहल्ला**
**थाना कोतवाली नगर गोण्डा।**


## मीरजापुर में पीएनबी मेटलाइफ की नई ब्रांच का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मीरजापुर । नगर के रतनगंज में मंगलवार को पीएनबी मेटलाइफ की नई शाखा का उद्घाटन कंपनी के एचआर डायरेक्टर ए. राजेश ने फीता काटकर किया। उद्घाटन अवसर पर क्षेत्रीय व स्थानीय स्तर के प्रबंधक एवं अधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।पीएनबी मेटलाइफ जीवन बीमा क्षेत्र की विश्व की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी है, जिसने अब मीरजापुर में अपनी सेवाओं का विस्तार किया है। कंपनी के एचआर डायरेक्टर ए. राजेश ने कहा कि मीरजापुर में शाखा खुलने से यहां के लोगों को बीमा योजनाओं और सुविधाओं का लाभ आसानी से मिलेगा। उन्होंने बताया कि कंपनी का उद्देश्य ग्राहकों को सुरक्षित भविष्य के लिए बेहतर योजनाएं उपलब्ध कराना है।इस मौके पर रीजनल मैनेजर संदीप सिंह ने कहा कि शाखा शुरू होने से न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि लोगों को जागरूक कर वित्तीय सुरक्षा की ओर भी प्रेरित किया जाएगा। वहीं, ब्रांच मैनेजर संजय दुबे ने कहा कि शाखा में ग्राहकों की जरूरतों को देखते हुए बीमा योजनाओं की विस्तृत जानकारी और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा।उद्घाटन कार्यक्रम में ऑपरेशन मैनेजर हर्षित श्रीवास्तव, संजय वर्मा, सेल्स मैनेजर अजीत द्विवेदी, मनोज मिश्रा और अंकित मिश्रा समेत कई अन्य कर्मचारी व गणमान्य लोग मौजूद रहे। कंपनी प्रबंधन के अनुसार, नई शाखा के माध्यम से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के ग्राहकों को बीमा से संबंधित हर सुविधा और सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे मीरजापुर के लोगों को अब बड़े शहरों की तरह ही बीमा सेवाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर मिल सकेगा।

## साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने में कांग्रेसी नेता सहित 6 लोग नामजद

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में इस समय स्थिरता का वातावरण फैला हुआ है और नार्थ ईस्ट से लेकर साउथ तक अलग अलग मुद्दों को लेकर प्रदर्शन किए जा रहे हैं। जिसको लेकर पुलिस प्रदर्शनकारियों पर कार्यवाही कर रही है। ऐसे ही साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के मामले में मंगलवार को पुलिस ने कांग्रेसी नेता सहित 6 लोगों के विरुद्ध नामजद और आधा दर्जन से अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।मौदहा कोतवाली पुलिस के उपनिरीक्षक विनेश गौतम को सूचना मिली थी कि बिंवार थाना क्षेत्र के हिमौली निवासी मोहम्मद सैफ जो वर्तमान में सऊदी अरेबिया में रहता है, ने धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने का स्टेटस अपने सोशल मीडिया अकाउंट में लगाया है और लोगों को बड़े चौराहे पर पानी की टंकी के पास इकट्ठा होने का आह्वान किया है। पुलिस तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंची तो देखा कि सलीम अहमद, आरिफ कुरेशी, मोहम्मद अहसान, अरमान,फर्रु, इमरान रफीक आदि हाथों में डण्डा लेकर एकत्रित हैं।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/पी०एस०, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचनाः–

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल–वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-SLN-FW-128-25-1 (Parking Four Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 26.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.10.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.10.2025 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-BCN-MX-124-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 26.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.10.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.10.2025 समय 12:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-CIL-MX-148-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 24.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 09.10.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.10.2025 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-MEM-MX-142-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 24.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 09.10.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.10.2025 समय 12:40 बजे |
| निविदा का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3020/2025

# तमिलनाडु गैंग के पांच लुटेरे गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की पुलिस ने मंगलवार को तमिलनाडु अंतर्राज्यीय चोरी गैंग के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

अपर पुलिस उपायुक्त (उत्तरी) ने अपने कार्यालय में पत्रकारवार्ता कर यह जानकारी दी है कि आईआईएम रोड के यादव चौराहो के पास दो मोटर साइकिलों पर खड़े पांच युवकों को रोककर पूछताछ की। इस दौरान उनके पास से लूट के 65 मोबाइल, 15 लैपटॉप अन्य चीजें बरामद हुआ है। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्तों में तमिलनाडु राज्य का रहने वाला कार्तिक सीनिवासन, मुत्तू, गोपाल, हरि और अजय नारायनन शामिल है। पूछताछ में पता चला कि यह गैंग लखनऊ और आसपास जिलों में चोरी की वारदातों को अंजाम देकर चोरी का सामान तमिलनाडु ले जाकर स्थानीय बाजारों में महंगे दाम पर बेचते थे।

इस गिरोह के खिलाफ लखनऊ के कई थाना, मड़ियांव, अलीगंज, चिनहट, बाजारखाला, विकासनगर और बीकेटी में पहले से ही कई मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा जालौन जनपद में भी इनके खिलाफ चोरी के मामलों में कार्रवाई चल रही है। मुख्य आरोपी कार्तिक सीनिवासन का आपराधिक इतिहास तमिलनाडु में भी रहा है, जहाँ उसके खिलाफ चोरी और गुंडा एक्ट के कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है। लखनऊ पुलिस का मानना है कि इस गैंग की गिरफ्तारी से मोबाइल और लैपटॉप चोरी की घटनाओं में कमी आएगी।

# भूमि अधिग्रहण के विरोध में भाकियू का प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। भारतीय किसान श्रमिक जनशक्ति यूनियन की कार्यकर्ताओं द्वारा आवास विकास एवं एलडीए द्वारा क्षेत्र के गांवों में किए जा रहे भूमि अधिग्रहण के विरोध व किसानों की अन्य समस्याओं को लेकर किसान पंचायत का आयोजन किया।

मंगलवार को बेली फॉर्म के निकट पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पुल के नीचे की गई पंचायत में काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।पंचायत में संगठन के जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश ने बताया कि आवास एवं विकास परिषद द्वारा किसानों की आपत्तियों को सुने बिना ही गांवों की भूमि के क्रय विक्रय पर रोक लगा रखी गई है जिसे तुरंत हटाया जाए।एलडीए द्वारा वेलनेस सिटी एवं आईटीसिटी के गांवों में किये जा रहे सोशल इंपैक्ट सर्वे में किसानों से राय मशविरा किया जाये।दोनों विभागों की योजनाओं में किसान अपनी भूमि देने या लैंड पुलिंग करने के लिये कतई तैयार नहीं है क्योंकि जो कृषि भूमि के सर्किल रेट में वृद्धि की गई है वह बहुत कम है।वहीं किसानों ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि कमिश्नरेट व्यवस्था में पुलिस गरीब किसानों का बिना कोई जुर्म के उन्हें जेल भेजा जा रहा है जो पूरी तरह से अन्यायपूर्ण है।धरना प्रदर्शन की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे आवास विकास के एस ई समर उपध्याय व अन्य अधिकारियों ने किसानों से बात की और उन्हें आश्वासन दिया कि 6 अक्टूबर को 12 बजे बेली स्थित रत्ना मैरिज हॉल में उप आवास आयुक्त (लखनऊ जोन) किसानों वार्ता करेंगे और उनकी समस्याएं सुनेंगे तब जाकर धरना समाप्त हुआ।पंचायत में संघठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मान सिंह सचिव राम लखन प्रदेश अध्यक्ष राम सिंह प्रदेश प्रवक्ता राम सेवक रावत युवा प्रदेश अध्यक्ष आलोक यादव युवा जिलाध्यक्ष राकेश यादव सुनील प्रधान सत्यनाम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# भाजपा प्रवक्ता पर भड़काऊ बयान देने का आरोप, कांग्रेस ने दर्ज कराई शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। कंग्रेस ने केरल राज्य के भारतीय जनता पार्टी प्रवक्ता पिंड महादेव पर गंभीर आरोप लगाते हुए लखनऊ के हजरतगंज थाने में शिकायती पत्र सौंपा है। कंग्रेस का कहना है कि पिंड महादेव ने एक टीवी चैनल के लाइव प्रसारण के दौरान कंग्रेस नेता और लोकसभा सांसद राहुल गांधी तथा अन्य विपक्षी नेताओं के खिलाफ आपत्तिजनक और भड़काऊ बयान दिए। उत्तर प्रदेश कंग्रेस कमेटी के विधि विभाग के संयोजक आसिफ रिज़वी रिंकू ने शिकायती पत्र में कहा है कि पिंड महादेव के इन बयानों से न केवल अफवाह फैलाने और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की गई है। बल्कि राहुल गांधी की जान-माल को भी गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है। कंग्रेस ने इसे भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध करार देते हुए भाजपा प्रवक्ता की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। पत्र में यह भी कहा गया है कि इस तरह की बयानबाजी देश की कानून-व्यवस्था को प्रभावित कर सकती है। जिसे किसी भी कीमत पर रोका जाना आवश्यक है। आसिफ रिज़वी ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि मामले में त्वरित संज्ञान लेकर प्राथमिकी दर्ज की जाए और आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# महिला सुरक्षा हेतु चलाया जागरूकता अभियान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

ठाकुरगंज लखनऊ। महिला सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए थाना ठाकुरगंज पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ द्वारा 'निशक्त शक्ति जागरूकता अभियान' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त लखनऊ श्री अमेन्द्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन और संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था श्री बबलू कुमार के निर्देशन में विशेष जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ। अभियान के अंतर्गत महिलाओं और छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए तथा उन्हें महिला हेल्पलाइन 1090, 112 आपातकालीन सेवा, 1930 साइबर हेल्पलाइन, 101, 108 और महिला पावर लाइन जैसी सेवाओं की जानकारी दी गई। इस मौके पर भूहर चौकी प्रभारी मुदित राय, थाना ठाकुरगंज के समस्त पुलिस कर्मी महिला उप निरीक्षक प्रिया देवी, (एंटी रोमियो टीम) प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार भदोरिया और आयोजन में सहयोग देने वाली श्रीमती गीता श्रीवास्तव विशेष रूप से मौजूद रहीं। सभी ने मिलकर छात्राओं को नारी सुरक्षा सम्मान और आत्मनिर्भरता का संदेश दिया। लगभग 80-100 छात्राओं ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया और महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न जानकारियों को आत्मसात किया। पुलिस की ओर से महिला शिकायतों के निस्तारण की प्राथमिकता, साइबर अपराध से बचाव, और आपात स्थितियों में तुरंत सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया पर भी विस्तार से बताया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की भावना को मजबूत करना है।

## आरडीएसओ के एक अधिकारी एवं सात कर्मचारी सेवानिवृत्त



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आरडीएसओ द्वारा डी. बी. सिंह, अपर महानिदेशक, आरडीएसओ की अध्यक्षता में सेवानिवृत्त हुए 01 अधिकारी एवं 07 कर्मचारियों हेतु एक विशेष विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रशासन द्वारा सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को बधाई दी गयी। सेवानिवृत्ति समारोह में, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी एवं आरडीएसओ के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## चुनावे जीते तो करेंगे विकास : लवकुश यादव

**काकोरी लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** काकोरी ब्लॉक के ग्राम पंचायत दसदोई के राष्ट्रीय अन्नदाता यूनियन के जिला अध्यक्ष लवकुश यादव ने इस बार लोगों से प्रधानी के चुनाव में जिताने की अपील की हैं। वही राष्ट्रीय अन्नदाता यूनियन के जिला अध्यक्ष लवकुश यादव ने कहा कि अगर इस बार प्रधानी का चुनाव जीतते है। तो उनका पहला मुद्दा लड़कियों के विकास का होगा.जिसके चलते वह अपनी ग्राम सभा की बच्चियों के लिए गांव में ही राजकीय विद्यालय खोलने का प्रयास करेंगे साथ ही बच्चों के लिए के लिए खेलने के मैदान की व्यवस्था भी करेंगे वही मताओ एवं बहनों के लिए विधवा पेंशन,वृद्धा पेंशन,विकलांग पेंशन के साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही लोक कल्याण की भावना से हर एक योजना को गांव की गरीब एवं पिछड़े में लाने का काम करेंगे।

## गोकशी मामले के वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**नगराम , लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम पुलिस ने गो हत्या व पशुक्रूरता मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार करने का काम किया है , पकड़े गए तस्कर के खिलाफ पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करके उसे जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी विवेक चौधरी के नेतृत्व में गोकशी के मुकदमे में दो वर्षों से फरार चल रहे आरोपी को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने क्षेत्र से पकड़ा है। थाना प्रभारी के मुताबिक तस्कर का नाम अब्दुला उर्फ रेहान पुत्र समीर स्थाई पता ग्राम सिधौली जनपद सीतापुर का रहने वाला है। जिसे नगराम गंगागंज मार्ग से गिरफ्तार किया है, पकड़े गए आरोपी पर दो वर्ष पूर्व में गोवध निवारण व पशु क्रूरता का मुकदमा दर्ज है। दो माह पूर्व भी नगराम थाना पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी को पकड़ने वाली टीम उप निरीक्षक संदीप कुमार, गजेंद्र सिंह कांस्टेबल पवन कुमार, सुरजीत वर्मा की अहम भूमिका रही। आपराधिक मामलों पर लगातार नगराम पुलिस कंट्रोल करने में लगी हुई है लगातार फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा रहा है और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है।

## एलडीए की ओर से जारी हुई मंदिर को नोटिस

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना सुशांत गोल्फ सिटी के ग्राम मुजफ्फरनगर छोटी घुसवल में बने हुए एक मंदिर को तोड़ने की नोटिस जारी की गई है।नोटिस राजेश कुमार सिंह व अन्य के नाम बनी है।इस मामले में स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार गाटा संख्या 152 – 153 खेलकूद का मैदान व खलिहान है।वही पर लगभग 200 वर्ष पुराने पीपल व बरगद के वृक्ष भी लगे हुए हैं।इस जगह पर पीपलेश्वर धाम मंदिर है। जिसपर भूमिया , एलडीए व उच्च अधिकारियों की बुरी नज़र लग चुकी है।इन्हीं सब की मिली भगत से ग्राम समाज के चारों ओर बाउंड्री करवा कर मंदिर तक आने जाने का रास्ता बंद कर दिया गया है इसके अलावा मंदिर के आसपास की जगह पर प्लाटिंग करके बेचने का काम शुरु कर दिया गया है। इस मामले में प्लॉट विक्रेता व अंसल के जिम्मेदारों की ओर से कई बार इस सदियों पुराने पीपल को काटाने के अलावा वहा बने मंदिर की बाउंड्री भी तोड़ी गई ।मंदिर के इस विवाद में स्थानीय लोगों द्वारा शिकायते तो की गई लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई ।स्थानीय निवासियों के अनुसार पिपलेश्वर धाम रजिस्टर्ड मंदिर है किन्तु एलडीए, व अंसल एसडीएम की मिली भगत से रजिस्ट्रेशन की एन ओ सी नहीं दी गई।स्थानीय लोगों के मुताबिक ग्राम समाज , समिति और सोसाइटी के लोगों ने चंदा लगाकर मंदिर का निर्माण करवाया है। एलडीए ने मंदिर को तोड़ने के लिए नोटिस लगा दी।लोगो के मन के अंदर उथल पुथल चल रही है। सभी जानना चाहते हैं कि योगी सरकार में मंदिर बनवाने का काम होता है यह मंदिर तोड़ने का? इसी के साथ पेड़ो के संरक्षण पर भी सवाल खड़ा हो जाता है।लोगो जानना चाहते हैं कि सरकार पेड़ लगवाने का काम करती है या कटवाने का। लोगो का कहना है कि हमारे पूर्वजों से यहां पूजा पाठ की परंपरा चली आ रही है।सरकार की ओर से इसमें बाधा डालने का काम किया जा रहा है।

# समापन एवं पुरस्कार-वितरण समारोह का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। आरडीएसओ में हिंदी पखवाड़ा-2025 का आयोजन किया गया। गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार, हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ दिनांक 14.09.2025 एवं 15.09.2025 को महात्मा मंदिर कन्वेंशन एवं एग्जिबिशन सेंटर, गांधी नगर गुजरात में आयोजित दो-दिवसीय कार्यक्रम अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन से किया गया।

समापन एवं पुरस्कार-वितरण समारोह में श्री डी. बी. सिंह, अपर महानिदेशक, आरडीएसओ ने राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता एवं राजभाषा में प्रशंसनीय कार्य करने वाले 73 कार्मिकों को पुरस्कार वितरित किए । 'सामूहिक पुरस्कार योजना' के अंतर्गत वर्ष के दौरान सर्वाधिक कार्य राजभाषा में करने में भंडार निदेशालय ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया, विद्युत निदेशालय को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ तथा यातायात एवं मनो-तकनीकी निदेशालय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । हिंदी पखवाड़े के दौरान राजभाषा प्रदर्शनी में संगठन के निदेशालयों ने अपने-अपने स्टॉल लगाये, जिनमें राजभाषा में किए गए कार्यों को प्रदर्शित किया गया। इस प्रदर्शनी में संगठन के विभिन्न निदेशालयों ने भाग लिया तथा मूल्यांकन के आधार पर भू-तकनीकी निदेशालय को प्रथम, परीक्षण निदेशालय को द्वितीय तथा वित्त एवं लेखा निदेशालय को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। पुरस्कार-वितरण समारोह में कु. प्रियंका भास्कर द्वारा वाणी-वंदना, विनीत द्विवेदी, कार्यकारी निदेशक/वित्त, आरडीएसओ, कवयित्री शिखा श्रीवास्तव एवं कवि मुकुल महान जी द्वारा काव्य-पाठ किया गया। नटराज नाट्य-दल द्वारा मुंशी प्रेमचंद जी की कहानी 'बूढ़ी काकी' का नाट्य रूपांतरण तथा लोक-नाट्य दल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा जयशंकर प्रसाद जी की कहानी एवं नीरज जी की कविताओं के संपादित अंश पर आधारित नाटक 'पुर्ज़ा-पुर्ज़ा कट मरे' का नाट्य-मंचन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित कार्मिकों को संबोधित करते हुए अपर महानिदेशक महोदय ने संगठन के सभी कार्मिकों से राजभाषा नियमों के अंतर्गत अधिकाधिक कार्य हिंदी में करने का आह्वान किया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य राजभाषा अधिकारी, श्री शमीम अहमद ने राजभाषा विभाग के शब्दार्थ प्रतियोगिता, राजभाषा-प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, तकनीकी-संगोष्ठी एवं साहित्यिक-संगोष्ठी जैसे अभिनव प्रयासों को रेखांकित करते हुए सभी को राजभाषा के प्रयोग हेतु प्रोत्साहित किया तथा कार्यक्रम के कुशल संचालन हेतु श्रीमती स्वर्णा अस्थाना की सराहना की।

# नौ साल बाद भी नहीं मिला प्लॉट पर कब्जा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां,लखनऊ। निगोहां थाना क्षेत्र के मस्तीपुर में स्थित आस्तिक ग्रीन सिटी ऑन एनएच-24 बी में प्लॉट खरीदने के नौ साल बाद भी पीड़ित को कब्जा नहीं मिल सका। पीड़ित की तहरीर पर निगोहां पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक इस्लाम खान पुत्र सलाउद्दीन, निवासी महरूप मोहम्मदाबाद, जिला गाजीपुर ने वर्ष 2015 में प्लॉट संख्या 11, रकबा 900 वर्गफुट (खसरा संख्या 245/0.323) खरीदा था। जिसकी रजिस्ट्री क्रमांक 14815 उनके नाम पर दर्ज की गई थी। पीड़ित का कहना है कि दाखिल-खारिज भी उनके नाम पर हो चुका है, लेकिन विपक्षियों द्वारा अब तक प्लॉट पर कब्जा नहीं दिया गया। पीड़ित ने मामले की तहरीर निगोहां पुलिस को दी वही पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। इसमें ओम एसोसिएट्स श्री राज पांडे प्रॉपर्टी डीलर विकान्त , प्रशांत और सुमनलता निवासी ग्राम मस्तीपुर को नामजद किया गया है। निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घटना

लखनऊ । गोसाईगंज में सुल्तानपुर रोड पर पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी।इस घटना में बाइक सवार गंभीर रूप में घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्वांचल वे की ढाल पर उतरते ही टाटा कंपनी के ट्रक वाहन संख्या फ़21 उग 3596 ने दो पहिया वाहन में टक्कर मार दी। जिसमें दो पहिया वाहन में आग लग गई और वह पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना में दो पहिया चालक राम स्नेही 70 वर्ष पुत्र सत्यनारायण निवासी नंद खेड़ा थाना गोसाईगंज लखनऊ को गंभीर चोटे आई । घायल को एम्बुलेंस से उपचार हेतु CHC गोसाईगंज अस्पताल भेजा गया जहां से उसे घ्क्क्र ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। एक्सीडेंट करने वाले ट्रक का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे मे लिया है । इंस्पेक्टर गोसाईगंज के अनुसार इस मामले में विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## पीडीए चौपाल में पूर्व विधायक का सरकार पर हमला

# महंगाई और खाद की किल्लत से किसान त्रस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम , लखनऊ। नगराम के गढ़ा में मंगलवार को पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक चौपाल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन देवेश कुमार यादव ने किया। अध्यक्षता अंगनू रावत और संचालन दिनेश यादव ने किया। चौपाल के मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर पहुंचे, जहां ग्रामवासियों ने उनका जोरदार स्वागत व अभिनंदन किया। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ह्लसरकार बिहार चुनाव से ठीक पहले जीएसटी महोत्सव मना रही है, जबकि यही सरकार GST लागू करके महंगाई को जनता पर थोपने की दोषी है। इसका सबसे ज्यादा बोझ गरीब, दलित, पिछड़े वर्ग और व्यापारी वर्ग पर पड़ा है।पुष्कर ने बिहार में महिलाओं को 10,000 देने की योजना को चुनावी लालच बताया और कहा कि जनता अब इन झूठे वादो में फंसने वाली नहीं है।

किसानों की समस्याओं का जिक्र करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि खाद की भारी किल्लत और काला बाजारी से किसान परेशान हैं। इसके लिए सीधे तौर पर सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने इसे किसान विरोधी सरकार करार दिया और आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार कृषि ही नहीं, बल्कि रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा और संविधान तक के खिलाफ काम कर रही है।उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से अपील की कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को भारी बहुमत से विजयी बनाएं और अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठाएं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रमुख रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता राम समुझ रावत, अशर्फी लाल धीमान, लतीफ फारुखी, गजराज रावत, विश्वनाथ यादव, विवेक पटेल, मनोहर वर्मा, जगदीश कोरी, प्रकाश रावत, शंकर कोरी, राहुल वर्मा, गुड्डू मियां, रमेश शर्मा, हरी शंकर रावत, चंद्रपाल रावत, दयाल रावत, महादेव कोरी, संत राम रावत व राम सुमिरन रावत सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# एसएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन,बीकेटी में धूमधाम से मनाया गया दशहरा पर्व

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। एसएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के अन्तर्गत एस एस इंटरनेशनल स्कूल एवं एस एस पब्लिक स्कूल में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया।इस मौके पर नन्हें मुन्नों बच्चों ने रंग बिरंगे कपड़े पहन कर भगवान राम और रावण बनकर रामलीला का मंचन किया।नन्हें-मुन्नें बच्चों ने रामलीला पात्रों के वेश में अपनी लीला से सभी का मन जीत लिया।इस दौरान बच्चों को बताया गया कि दशहरे के दिन भगवान श्री राम ने रावण का वध किया।इस पर्व को असत्य पर सत्य की विजय के रूप में मनाया जाता है। एस.एस. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के प्रांगण में रावण का दहन किया गया।और बच्चों को रामलीला दिखाई गयी। इस दिन नवरात्री भी मनायी गयी।विजय दशमी का त्यौहार भगवान राम द्वारा रावण के वध का दिन है।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षिक एवं शिक्षिकाओं सहयोग किया।एवं नवरात्रि के पावन अवसर पर डांडिया नृत्य का भी आयोजन किया गया,इस मौके पर तत्पश्चात चेयरमैन प्रवीण सिंह चौहान द्वारा अनमोल प्रेरक विचारो से विद्यार्थियों और शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया और सभी बच्चों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि यह त्यौहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।यह त्योहार भारतीय संस्कृति के वीरता का पूजक,शौर्य का उपासक है,कार्यक्रम में संस्था की उपाअध्यक्ष श्रीमती हेमा सिंह भी उपस्थित रहीं। एस एस इंटेनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती प्रिया उपाध्याय एवं एस एस पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती सीके शर्मा ने सभी गणमान्य व्यक्तियों और शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापन किया और सभी को दशहरा पर्व की बधाई दी।

# सीतापुर में जिला उद्योग बन्धु की बैठक सम्पन्न, उद्यमियों की समस्याओं के निस्तारण के लिये दिए निर्देश

**समीक्षा के दौरान सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया गया कि लक्ष्य परक योजनाओं में निर्धारित लक्ष्यों की शत प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाये**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर । शासन द्वारा गठित जिला उद्योग बन्धु, सिंगल विण्डों, निवेश मित्र की बैठक जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में औद्योगिक आस्थानों के रख-रखाव, निवेश मित्र पोर्टल, निर्यात प्रोत्साहन योजना, ओडीओपी, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, जेम पोर्टल, क्लस्टर विकास योजना, एमओयू इत्यादि योजनाओं की समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया गया कि लक्ष्य परक योजनाओं में निर्धारित लक्ष्यों की शत प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाये तथा निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं ससमय निस्तारण कराया जाये।

बैठक में औद्योगिक आस्थान सराय मल्हुई सीतापुर के उद्यमियों द्वारा आस्थान में जलभराव की समस्या के निराकरण कराये जाने का अनुरोध किया गया। उक्त समस्या के निराकरण हेतु जिलाधिकारी द्वारा लोक निर्माण निर्माण खण्ड सीतापुर एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सीतापुर को निर्देशित किया गया कि आस्थान के उद्यमियों के साथ नाले का स्थलीय सर्वे करते हुए बंद नाले को खुलवाते हुए समस्या का समाधान करायें।बैठक में प्रमुख रूप से नगर मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी, उपायुक्त उद्योग संजय सिंह, नेहा सिंह उद्यमी मित्र सीतापुर, क्षेत्रीय अधिकारी उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ, उप अग्रणी जिला प्रबन्धक, इण्डियन बैंक, सीतापुर, एस0डी0ओ0 फारेस्ट सीतापुर, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग सीतापुर, विजय बंसल, अध्यक्ष, औद्योगिक आस्थान वि0सह0समि0 सरांय मल्हुई सीतापुर, विवेक अग्रवाल, सदस्य आईआईए सीतापुर, सहित अनेक उद्यमीगण, व्यापारीगण उपस्थित रहे।

## उपसचिव ग्रामीण विकास ने अमावां की दो ग्राम पंचायतों का किया निरीक्षण

रायबरेली। उप सचिव ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार डॉ मोना यास्मीन द्वारा अमावां विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में पूर्व वर्षों के निर्मित आवासों, आवास प्लस सर्वे अन्तर्गत तैयार की गयी सूची का स्थलीय परीक्षण कर योजना की प्रभाविता व लाभार्थियों तक योजना की पहुँच तथा आवास योजना हेतु लाभार्थियों के चिन्हीकरण की प्रक्रिया की जमीनी स्तर पर परीक्षण किया एवं आवास सर्वे सूची में चिन्हित परिवारों के घर-घर जाकर उनकी पात्रता व परिवारिक स्थिति के बारे में पूछताछ की। उप सचिव ने रसेहता व थरूइया अन्दावां ग्राम पंचायत में सेल्फ सर्वे व असिस्टेड सर्वे चिन्हित परिवारों के घर-घर जाकर आवास के साथ-साथ बिजली, शौचालय, गैस सिलेण्डर के बारे में भी लाभार्थियों से पूछताछ की। इस दौरान ग्राम पंचायत में चौपाल लगाकर ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के विषय में जानकारी दी गयी। क्षेत्र भ्रमण के दौरान उप सचिव द्वारा स्वंय सहायता समूह से संचालित वाटर प्लांट का उ?द्घाटन किया गया। स्कूल व आंगनबाडी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

# एल्पिस ग्लोबल विद्यालय में गांधी-शास्त्री जयंती का भव्य आयोजन एवं रोमांचक क्रिकेट मैच

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध बिसवां शहर के प्रतिष्ठित एल्पिस ग्लोबल विद्यालय में दिनांक 2 अक्टूबर (गांधी- शास्त्री जयंती) का कार्यक्रम अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय डायरेक्टर श्री उमंग राजवंशी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ एवं आकर्षक झाँकियाँ प्रस्तुत की गईं, जिन्हें देखकर उपस्थित जनसमूह भावविभोर हो उठा।विशेष आकर्षण के रूप में एकेडमिक एवेंजर्स तथा स्टूडेंट स्ट्राइकर्स के मध्य एक रोमांचक क्रिकेट मैच खेला गया। एकेडमिक एवेंजर्स के कप्तान अनस ज़मीर तथा स्टूडेंट स्ट्राइकर्स के कप्तान अनमोल वर्मा के बीच हुए टॉस में स्टूडेंट स्ट्राइकर्स ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाज़ी करने का निर्णय लिया। स्टूडेंट स्ट्राइकर्स ने निर्धारित 16 ओवरों में 91 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए एकेडमिक एवेंजर्स ने तूफ़ानी बल्लेबाज़ी का परिचय देते हुए मात्र 8 ओवरों में ही विजय प्राप्त कर ली। इस रोमांचक मैच की अंपायरिंग शिक्षक दिलशाद अली, शाह फहद ने की एवं रोचक लाइव कमेंट्री शिक्षक अभिषेक कपूर ने की।मैच के सितारे बने इरफान अली, जिन्होंने 32 गेंदों पर 66 रन की धुआँधार पारी खेली तथा गेंदबाज़ी में मात्र 4 ओवरों में 4 विकेट झटके। उनके इस सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती दीपा चंद्रा ने सभी प्रतिभागियों, निर्णायक मंडल एवं लाइव कास्ट के माध्यम से कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों को हार्दिक शुभकामनाएँ व बधाई दी।

# मिशन शक्ति के तहत एक दिन की प्रधानाचार्या बनीं अंतरिका मिश्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर । आर.जे.जे.एजुकेशन प्वाइंट बीरमपुर मे आज मिशन शक्ति फ़ेज 5.0 के अंतर्गत कक्षा 8 की छात्रा अंतरिका मिश्रा बनी एक दिन की प्रधानाचार्या। प्रार्थना के पश्चात विद्यालय के व्यवस्थापक रूपेश प्रिंस ने कक्षा 8की छात्रा अंतरिका मिश्रा को एक दिन की प्रधानाचार्या घोषित किया। तत्पश्चात एक दिन की प्रधानाचार्या ने सभी बच्चो को सम्बोधित करते हुए आगामी अर्द्धवार्षिक परीक्षाओ की तैयारी करने के लिये प्रेरित किया।

सुश्री मिश्रा ने अध्यापको से बच्चो की पढाई पर चर्चा की व विद्यार्थियो की समस्या का निदान किया,साथ ही साथ अभिवावको से मिलकर उनकी समस्याओ को सुनकर उनका निदान किया।अपने सहकर्मियो के साथ उन्होने कक्षाओ का निरीक्षण किया व शिक्षकाओ से उनके कार्यो की जानकारी भी ली। विद्यालय प्रबंधक कुलदीप जयसवाल ने उनके एक दिन की प्रधानाचार्या बनने व उनकी कार्य प्रणाली की प्रशंसा की। बच्चो के अवकाश के बाद उन्होने पुनः श्रीमती पूनम जयसवाल को विद्यालय की कमान सौप दी। आज का दिन प्रधानाचार्या अंतरिका मिश्रा के लिये एक रोचक व सुखद, शिक्षाप्रद अनुभव रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने मे उपप्रधानाचार्या अरूणिमा श्रीवास्तव, नैन्सी जयसवाल,रूपेश कश्यप,प्रीती मिश्रा, सीता मेहरोत्रा ने अपना विशेष सहयोग प्रदान किया। तदोपरान्त विद्यालय के संस्थापक जगदीश जयसवाल ने सभी के सहयोग की सराहना की।

## मिशन शक्ति फ़ेज 5 के अंतर्गत चला सघन वाहन चेकिंग अभियान

बछरावां,रायबरेली। मिशन शक्ति फ़ेज 5 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक रायबरेली डॉक्टर यशवीर सिंह के आदेशानुसार एवं यातायात प्रभारी रायबरेली इंद्रपाल सिंह सेगर के निर्देशन में स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं यातायात पुलिस के सहयोग से सघन वाहन चेकिंग अभियान कस्बे के मुख्य चौराहे पर चलाया गया। इस दौरान कस्बे के अंदर हाईवे व अन्य मार्गो से निकल रहे काली फिल्म के चार वाहनों का चालान किया गया व स्टंट बाजी एवं गति सीमा से अधिक निकल रहे पांच वाहनों का चालान किया गया, व तीन सवारी वाले दो पहिया सात वाहनों का चालान किया गया, एवं बिना हेलमेट के यात्रा कर रहे दोपहिया 12 वाहनों का चालान यातायात पुलिस प्रशासन के द्वारा मौके पर किया गया। साथ ही साथ यात्रा कर रहे अन्य वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के विषय में जागरूक किया गया और उन्हें चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाकर यात्रा करने एवं दो पहिया वाहनों में हेलमेट लगाकर यात्रा करने के लिए जागरूक किया गया ताकि सड़क दुर्घटनाओं में लगातार हो रही बढ़ोतरी को कम किया जा सके।

# दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। बबुरिहा स्थित मैदान में माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों के लिए आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता मंगलवार को राजा चंद्रचूड़ सिंह इंटर कालेज महराजगंज की मेजबानी में सम्पन्न हुई। सोमवार को चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू व सीएचसी अधीक्षक डॉ गणनायक पाण्डेय द्वारा संयुक्त रूप से प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ था। आयोजित प्रतियोगिता की 3000 मीटर की फाइनल दौड़ के बालक बालिका दोनों वर्गो में गांधी विद्यापीठ इंटर कालेज बछरावां के मोहित व नीतू अव्वल रहे। इसके अलावा बालक वर्ग की की आठ सौ मीटर की दौड़ में मेजबान कालेज के सौरभ साहू व बालिका वर्ग मे बरखंडी विद्यापीठ इंटर कालेज शिवगढ़ की छात्रा शिवानी ने पहला स्थान हासिल किया। वहीं क्षेत्र के अटरा स्थित राजा जितेन्द्र सिंह इंटर कालेज ने लगातार जीत दर्ज कराई यहां के छात्र शिवशरण ने छः सौ मीटर की दौड़ में प्रथम, आकाश ने क्रमशः सौ, दोसौ, व चार सौ मीटर की दौड़ में प्रथम रहे। अन्य एथलेटिक्स खेलों के तहत लम्बी कूद व गोला-फेंक में मेजबान कालेज के हिमांशू, ऊंची कूद में राजकीय इंटर कालेज हलोर के चंदन प्रथम रहे। इसके अलावा बालिका वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता में बरखंडी विद्यापीठ शिवगढ़ की शिवानी 800मीटर, सांची 600 मीटर, जितेन्द्र सिंह विद्यापीठ अटरा की प्रांशिका 400 मीटर, व मेजबान कालेज की अंशिका 200 मीटर में प्रथम रही। मेजबान कालेज के प्रधानाप्राचार्य विनय कुमार सिंह ने बताया सभी कालेजों के विजेता खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर राजकुमार गुप्ता, अंजनी कुमार शर्मा , नीलू सिंह, सभाजीत, मधु रेस प्रताप सिंह, दिलीप सिंह, तिरुपति त्रिपाठी, सहित सभी क्षेत्रीय कालेजों के खेल शिक्षक व विद्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे ।

# ड्रग माफिया दंपती गैंगस्टर एक्ट में गिरफ्तार

**पलिया पुलिस की बड़ी कार्रवाई**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पलिया कलां, खीरी। अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में सक्रिय गिरोह पर पलिया पुलिस ने कड़ा शिकंजा कसते हुए दो आरोपियों को गैंगस्टर एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है। महिला शक्ति पुलिस टीम ने मंगलवार को विशेष अभियान चलाकर पति-पत्नी को दबोच लिया।पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देश पर जिलेभर में मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए चल रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) के पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी पलिया के निर्देशन और थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी के नेतृत्व में गठित टीम ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।आपको बता दें कि थाना पलिया में पूर्व में पंजीकृत एनडीपीएस एक्ट में नामजद अभियुक्त क्रमशः विक्की नेपाली उर्फ विक्की गुप्ता पुत्र बेंचू राम व उसकी पत्नी बसंती गुप्ता के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसी सिलसिले में दोनों की गिरफ्तारी की गई है। जानकारी के मुताबिक इन दंपतियों का आपराधिक इतिहास बड़ा ही चौंकाने वाला है,विक्की नेपाली उर्फ विक्की गुप्ता (उम्र लगभग 34 वर्ष)मूल निवासी ग्राम ज्ञानीपुर थाना शिवगढ़, जनपद सुल्तानपुर, वर्तमान पता मौजा बारूपुरवा मजरा मकनपुर थाना पलिया का रहने वाला है जिसके ऊपर कई आपराधिक मामले दर्ज है, तो वही उसकी पत्नी बसंती गुप्ता (उम्र लगभग 32 वर्ष)मूल निवासी ग्राम ज्ञानीपुर थाना शिवगढ़ जिला सुल्तानपुर, वर्तमान पता थारूपुरवा मजरा मकनपुर थाना पलिया की रहने वाली है जिसका भी आपराधिक इतिहास रहा है।दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक रामजीत यादव, उ.नि. प्रेमनारायण, कांस्टेबल परीक्षित सैनी, कांस्टेबल संदीप चौधरी, कांस्टेबल पवन वर्मा, महिला शक्ति पुलिस टीम में म.आ. अनामिका चौहान, म.आ. शशि तोमर,म.आ. रिचा,म.आ. मोनिका शामिल रहे। इस कार्रवाई से स्थानीय पुलिस ने साफ संकेत दिया है कि जिले में नशे के कारोबार और उससे जुड़े गिरोहों पर अब जीरो टॉलरेंस की नीति लागू रहेगी।

# कावड़ यात्रा वालंटियर को बांटे गए प्रशस्ति पत्र



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पिपरिया, धनी खीरी। कोतवाली मोहम्मदी प्रांगण में पुलिस क्षेत्राधिकारी मोहम्मदी अरूण कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक मोहम्मदी उमेश चन्द्र चौरसिया, चौकी प्रभारी रेहरिया हिमांशु आनंद सिंह ने सावन में सुरक्षा की दृष्टि से किएं गएं कार्यों की प्रशंसा करतें हुएं सभी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।थाना मोहम्मदी की पुलिस चौकी रेहरिया के अंतर्गत सम्मानित गणों की सूची।

इस मौके पर ग्रंट साहबगंज प्रधान सुदेश कुमार शिवपुरी,अमरजीत सिंह समाजसेवी दिस्तापुर, अजय कुमार पोखनापुर,राम कुमार कश्यप दिस्तापुर,धर्मेंद्र कुमार शिवपुरी,विनोद कुमार शिवपुरी, वीरपाल शिवपुरी,सतेंद्र सिंह शिवपुरी,प्रदीप कुमार पोखनापुर, उमाशंकर पोखनापुर,नवनीत कुमार पोखनापुर,पंकज कुमार पोखनापुर,धनपाल सिंह पड़रिया, हरिनाम सिंह सिंघहा,कश्मीर सिंह सुभाषनगर, मनोज सिंह पिपरिया धनी,धर्मेंद्र कुमार पड़रिया,संदीप कुमार साहबगंज,मुलायम सिंह साहबगंज,उदयवीर श्रीवास्तव पड़रिया,आरिफ गाजी बरखेरा, जितेंद्र सिंह सुभाषनगर, विपिन राठौर रेहरिया आदि लोग मौके पर मौजूद रहें।

## खबर का हुआ असरः स्वास्थ विभाग ने अर्नव पैथालॉजी किया सील




मछरेहटा, सीतापुर । अवैध पैथालॉजी लैबों के धंधे का खुलासा होने और अर्नव पैथालॉजी पर झूठी रिपोर्ट का आरोप सामने आने के बाद खबर का बड़ा असर हुआ। खबर प्रकाशित होते ही स्वास्थ्य विभाग सक्रिय हो गया और टीम ने मौके पर पहुँचकर अर्नव पैथालॉजी की जांच की। लैब को तत्काल प्रभाव से सीज कर दिया गया।स्वास्थ्य विभाग के इस कदम से स्थानीय लोगों में संतोष देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि अगर प्रशासन इसी तरह कठोर कार्रवाई करता रहा तो क्षेत्र में फर्जी पैथालॉजी का कारोबार पूरी तरह बंद हो जाएगा और आमजन को सही व सुरक्षित जांच सुविधा मिल सकेगी। वहीं, अन्य संचालित अवैध लैब संचालकों में भी हड़कंप मच गया है।

## घुघली ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय बिरैचा में मनाया गया कन्या पूजन



गोरखपुर। घुघली क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बिरैचा में बच्चों ने नवरात्र और दशहरा पर्व का पर्व बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास पूर्वक मनाया। इस कार्यक्रम को ''कन्या पूजन'' नाम दिया गया। इस अवसर पर कई प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया जैसे - फैंसी ड्रेस, स्टोरी टेलिंग, रैंप वाक, डांडिया, बोर्ड डेकोरेशन आदि। बच्चों ने बड़े हर्ष व उल्लास के साथ हिस्सा लिया। बच्चे, बड़े सब पर्व के रंग में रंगे थे। सेलिब्रेशन का आरम्भ माँ की आरती से किया गया। उसके बाद सभी बच्चों मे अपना - अपना कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। पूरा विद्यालय परिसर कन्या पूजन के धार्मिक हर्ष व उत्साह के रंग में था। सबने खूब आनंद के साथ प्रतिभाग किया और बहुत कुछ सीखा भी जैसे - टीम वर्क, कॉन्फिडेंस बिल्डिंग, स्पीकिंग, स्टोरी टेलिंग, डांस, आर्ट, क्राफ्ट, आदि। सबने अपनी-अपनी रूचि से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।प्राथमिक विद्यालय बिरैचा के प्रधानाध्यापक यशवीर कृष्ण त्रिपाठी ने समस्त विद्यालय परिवार की तरफ से सभी को दशहरा और कन्या पूजन पर्व की बधाई दी और कहा अच्छाई की राह बहुत मुश्किल होती है किन्तु अंत में जीत अच्छाई की ही होती है। हमें सिर्फ अपना धैर्य और विश्वास बनाये रखना चाहिए।कार्यक्रम के अंत में शिक्षक डॉ धनंजय मणि त्रिपाठी ने बताया कि आज के ही दिन राम के हाथों रावण दहन किया गया और सबने साथ में प्रंण किया कि हम सब अपने अंदर के द्वेष, लालच, झूठ, कपट, अमानवता का दहन करते है। बच्चों में कृष्णा, फातिमा, रामकरन, अली शेर, वसुन्धरा, दिव्यांशी, अमित, दीपक, अंश, अभिनंदन आदि ने प्रतिभाग किया।

# बेटियां सिर्फ पूजन की ही नहीं, प्रगति और सशक्तिकरण की भी हकदार : चंद्रभूषण पाण्डेय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। घुघली ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय घुघली प्रथम पर मिशन शक्ति के अंतर्गत मंगलवार को एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन और फल वितरित किए गए।खण्ड शिक्षा अधिकारी चंद्रभूषण पाण्डेय ने बताया कि कार्यक्रम में पारंपरिक पूजन के साथ-साथ बालिकाओं को कॉपियां, पेंसिल और अन्य स्टेशनरी सामग्री प्रदान की गई। इसका उद्देश्य बेटियों को शिक्षा से जोड़ना और उनके सर्वांगीण विकास के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार करना रहा।कार्यक्रम का संचालन घुघली प्रथम की प्रधानाध्यापिका श्रीमती जागृति त्रिपाठी के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर ब्लाक के समस्त एआरपी भी मौजूद रहे। उन्होंने कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर पूजन किया और कहा कि बेटियां केवल परंपरा का प्रतीक नहीं हैं, बल्कि समाज की वास्तविक शक्ति हैं। जब बालिकाओं को शिक्षा, पोषण और सम्मान मिलेगा, तभी एक मजबूत और संतुलित समाज का निर्माण संभव होगा।अधिकारियों ने यह भी कहा कि मिशन शक्ति केवल स्वास्थ्य और आहार सुधार तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे महिला सशक्तिकरण से जोड़ना आवश्यक है। कन्याओं को संसाधन उपलब्ध कराना और उन्हें शिक्षा से जोड़ना न केवल उनके व्यक्तिगत भविष्य को उज्ज्वल बनाएगा, बल्कि समाज और देश के विकास को भी नई दिशा देगा।घुघली ब्लॉक में हुआ यह आयोजन इस बात का प्रतीक है कि नारी शक्ति को देवी मानकर सम्मानित करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें शिक्षा, पोषण और अवसर देकर आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी भी समाज की है।

# सेवा पखवारा के तहत दिव्यांगज़न का किया गया सम्मान

**मुख्य अतिथि विधायक विपिन सिंह ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले नंदकिशोर यादव, संतबली, ज्ञानेंद्र ओझा, लक्ष्मी प्रजापति सहित 10 दिव्यांगजन को सम्मान प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। सेवा पखवारा के अंतर्गत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण एवं दिव्यांगजन सम्मान शिविर का आयोजन राजकीय स्पर्श दृष्टि बाधित बालिका इंटर कॉलेज नॉर्मल कैंपस में किया गया मुख्य अतिथि गोरखपुर ग्रामीण के विधायक विपिन सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले नंदकिशोर यादव,संतबली, ज्ञानेंद्र ओझा, लक्ष्मी प्रजापति सहित 10 दिव्यांगजन को सम्मान प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विभागीय कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना में 325 पात्र दिव्यांगजन को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए विभिन्न प्रकार के 475 सहायक उपकरण का निः शुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, सहजनवा विधायक प्रदीप शुक्ला, महानगर भाजपा संयोजक राजेश गुप्ता आदि भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी कमलेश कुमार वर्मा, प्रधानाचार्य लक्ष्मी शंकर जायसवाल एवं जवाहरलाल आदि न महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।कार्यक्रम में ज्ञानेन्द्र ओझा को उनके सेवा कार्य में सम्मानित किये जाने पर रेडक्रॉस के संरक्षक सदस्य राम जन्म सिंह, रेडक्रॉस के सभापति शिवेंद्र विक्रम सिंह,उपसभापति डा दिनेश मणि त्रिपाठी, सचिव अजय प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष विशाल जयसवाल, डा प्रियंका यादव, डा अवधेश शुक्ला, नागेंद्र सिंह मुन्ना,डा नायक, डा भानु सिंह,शिवेंद्र प्रताप उपाध्याय, पुष्पराज दूबे, पंकज पाण्डेय, लक्ष्मी प्रजापति,सुषमा, शिखा पाण्डेय आदि ने प्रसन्नता व्यक्त किया।

## घुघली की खण्ड शिक्षा अधिकारी बनीं मानसी मोदनवाल



गोरखपुर। घुघली ब्लाक में मिशन शक्ति के पांचवें चरण के तहत घुघली प्रथम की छात्रा मानसी मोदनवाल को एक दिन के लिए खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) का दायित्व सौंपा गया। यह पहल महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, सम्मान तथा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई।खण्ड शिक्षा अधिकारी चंद्रभूषण पाण्डेय ने बताया कि विकासखंड घुघली के कंपोजिट विद्यालय घुघली प्रथम की छात्रा मनसी मोदनवाल को यह अवसर मिला। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुश्री रिद्धि पाण्डेय की पहल ने उन्हें प्रशासनिक अधिकारी बनने की प्रेरणा देने के लिए यह जिम्मेदारी दी।इस अवसर पर संबोधित करते हुए घुघली ब्लाक के खण्ड शिक्षा अधिकारी चंद्र भूषण पाण्डेय ने बताया कि इसका उद्देश्य छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ाना और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस मिशन का लक्ष्य महिलाओं की सामाजिक व आर्थिक स्थिति में सुधार लाना और उन्हें रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध कराना है।एआरपी बालमुकुंद ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार, मिशन शक्ति का व्यापक उद्देश्य महिलाओं और छात्राओं के सशक्तिकरण, समाज में उनका आदर बढ़ाने तथा विभिन्न सामाजिक सूचकांकों जैसे जनसंख्या अनुपात, लिंगानुपात, स्कूल ड्रॉपआउट दर, बाल विवाह और लैंगिक शोषण में सुधार हेतु जन-जागरूकता फैलाना है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश 2047 की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बतया कि समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के प्रमुख बिन्दुओं के विषय में समस्त आईएमए के सदस्य एवं रोटरी क्लब के प्रतिनिधि तथा राशन डीलरों को अवगत कराया गया है**

सम्भल, बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान के अन्तर्गत रोटरी क्लब के प्रतिनिधि एवं आईएमए के सदस्य तथा राशन डीलरों के साथ विजन डॉक्यूमेंट 2047 के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी के द्वारा समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के प्रमुख बिन्दुओं के विषय में समस्त आईएमए के सदस्य एवं रोटरी क्लब के प्रतिनिधि तथा राशन डीलरों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि भारत 2047 में स्वतंत्रता की 100 वीं वर्षगांठ मनायेगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए 12 सेक्टर चिन्हित किये गये। कृषि एवं संबद्ध सेक्टर, पशुधन संरक्षण सेक्टर, औद्योगिक विकास सेक्टर, आईटी, पर्यटन, नगर एवं ग्राम्य विकास, अवस्थापना, संतुलित विकास, समाज कल्याण, स्वस्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा एवं सुशासन सेक्टर पर कार्य किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश अ2047 अभियान 5 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत 12 सेक्टर को चिन्हित किया गया है जिनपर कार्य किया जाएगा। इनके अतिरिक्त एक 13 वां सेक्टर पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए चिन्हित किया है जिसके 4 बिन्दुओं पर सुझाव प्राप्त किये गये हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि वही योजना सस्टेनेबल होती है जिसमें सभी लोगों के सुझाव होते हैं सब लोगों में भी वह सुझाव जो कॉमन सुझाव निकल कर आये। उन्होंने कहा कि सभी लोग क्यूआर कोड को स्कैन कर अपना विचार या संकल्प साझा करें। इसमें सभी की प्रत्यक्ष भागीदारी हो जिलाधिकारी ने कहा कि जो सबसे ज्यादा सुझाव दिलायेगा उन लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह समृद्धि का शताब्दी वर्ष है। समर्थ, सशक्त एवं समृद्ध प्रदेश बनाने में समस्त लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि विकसित उत्तर 2047 के विजन डॉक्यूमेंट के लिए यह संवाद सुझाव परामर्श डॉक्टर, डीलर्स तथा रोटरी क्लब के प्रतिनिधि उनके परिजनों के माध्यम से जाना चाहिए। हमारा मिशन है समग्र विकास जिसमें सभी लोगों को मूलभूत सुविधाएं प्राप्त होंगी। इसके अंतर्गत परम्परा और आधुनिकता का सामजस्य लेते हुए सांस्कृतिक पुनर्जागरण को भी स्थापित किया जाएगा। विकसित देश बनाने के लिए हर परिवार को काम करना होगा। और उन्होंने कहा कि सभी लोग और लोगों को जागरूक करें जिससे एक जन आंदोलन की तरह लोग अपने सुझावों को साझा करें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर तरुण पाठक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पंकज कुमार विश्नोई, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार एवं जिला पूर्ति अधिकारी शिवि गर्ग समस्त रोटरी क्लब एवं आईएमए के सदस्य तथा समस्त राशन डीलर उपस्थित रहे।

## बच्चों ने मनाया विजयदशमी का पर्व

अनूपशहर। सन रेज स्कूल में विजय दशमी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया। रामायण के माध्यम से असत्य पर सत्य की विजय का संदेश देकर हमेशा सत्य का साथ देने का संदेश दिया। मंगलवार को नगर के सन रेज स्कूल में नवमी एवं विजय दशमी पर्व मनाया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने रामलीला का मंचन कर रामायण के बारे में जानकारी ली। असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक राम-रावण के युद्ध पर प्रकाश डाला। स्कूल प्रबंधक पुनीत जैन ने दशहरा का महत्व बताते हुए कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीत है।

## फर्जी पेपर लगाकर चला रहे थे सायरा अस्पताल, सील

बदायूं। स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए नवादा के पास सागर ताल रोड स्थित सायरा अस्पताल को सील कर दिया। आरोप है कि अस्पताल फर्जी कागजात के आधार पर चलाया जा रहा था। सीएमओ से इसकी लिखित शिकायत की गई है। शहर के नवादा के पास सागर ताल रोड पर मोहम्मद जीशान अस्पताल चला रहे हैं। उन्होंने पंजीकरण के लिए डॉ. अंकित पुरोहित के नाम से फर्जी दस्तावेज लगाकर आवेदन किया था। इस बात का पता चलने पर डॉ. अंकित पुरोहित ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से लिखित शिकायत की। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सीएमओ ने संयुक्त निरीक्षण दल गठित किया। टीम में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पवन कुमार जायसी और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगत के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मोहम्मद असलम को शामिल किया गया। सोमवार शाम को दोनों अधिकारियों ने सायरा अस्पताल की जांच की। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में न तो पंजीकरण डॉक्टर मिला और न ही पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद था। मरीजों की भी कोई व्यवस्था नहीं पाई गई। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद कागजात की जांच की तो वे संदिग्ध और अप्रमाणिक पाए गए। इसके बाद टीम ने तत्काल प्रभाव से अस्पताल को सील कर दिया।

## खराब सड़क बनाने पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

अनूपशहर। लोक निर्माण विभाग द्वारा 30 करोड़ की लागत से बनाई जा रही अनूपशहर-शिकारपुर सड़क में घटिया सामग्री का प्रयोग करने से 2 दिन बाद ही सड़क उखड़ने पर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया।अनूपशहर-शिकारपुर मार्ग का व भेलई- रिवाड़ा तक लगभग 30 करोड़ की धनराशि से सड़क को चौड़ी कर बनाया जा रहा है। सड़क निर्माण शुरू होने के 2 दिन बाद ही उखड़ने लगी। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने एकत्रित होकर मंडल अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ज्ञानेंद्र सिंह राघव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने शिकारपुर रोड बिबियाना ताल चौराहे पर लोक निर्माण विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। ज्ञानेंद्र सिंह राघव से अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग बुलंदशहर राहुल शर्मा से फोन पर शिकायत कर ठेकेदार द्वारा सड़क को मानक के अनुरूप निर्माण न करने तथा सड़क दो दिन उपरांत ही उखड़ने की शिकायत की। उन्होंने ठेकेदार के विरुद्ध जांच कर कार्रवाई करने तथा सड़क को मानक के अनुसार निर्माण कराने की मांग की। मांग पूरी न होने पर प्रदर्शनकारियों ने धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी। प्रदर्शन करने वालों में प्रमोद कुमार, सुबोध राजोरा, प्रधान हरज्ञान सिंह, सोनू कुमार, रायसिंह प्रधान, साहिल राघव, दीपक सिंह ठाकुर, विमल कुमार, दीपक राजौरा, संजय कुमार लोग उपस्थित रहे।

## चेयरपर्सन ने सफाई कर्मचारी को दी विदाई

बदायूं। नगर पालिका कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पालिका के सफाई कर्मचारी को भावभीनी विदाई दी गई। मंगलवार को पालिका कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चेयरपर्सन फात्मा रजा ने सेवानिवृत्त कर्मचारी सन्नू को शॉल व माला देकर सम्मानित किया। चेयरपर्सन फात्मा रजा ने सेवानिवृत्त सफाई कर्मचारी सन्नू को 10 लाख 63 हजार 316 रुपये का चेक दिया गया। कहा कि पालिका के सफाई कर्मचारियों की मेहनत के बल पर ही बदायूं नगर पालिका स्वच्छता में हमेशा सबसे आगे रहती है। कहा कि कर्मचारियों के मान-सम्मान की रक्षा के लिए उनका दरवाजा हमेशा के लिए खुला मिलेगा। अधिशासी अधिकारी विनय कुमार मणि त्रिपाठी ने भी सराहना करते हुए कहा कि 'इनका बहुत बड़ा योगदान रहा। इनके कार्य हमेशा से ही सराहनीय रहा और इनके कार्य में कोई कमी नगर में नहीं आया।'' उन्होंने आगे कहा, ''इसलिए मैं ईश्वर से कामना करना चाहूंगा कि इनका आगे का जीवन सुखमय बीते, और इन्हे जब भी जरूरत पड़ेगा तो इनके सहयोग के लिए हमेशा पालिका तैयार रहेगा। विदाई समारोह में सभासद रवि बाबू, कर निर्धारण अधिकारी चन्द्र भूषण, जेई निर्माण सूर्य प्रताप सिंह, कार्यालय अधीक्षक खालिद अली, खाद्य निरीक्षक केशव गंगवार, निर्माण लिपिक सचिन सक्सेना, नवैद इकबाल गनी, सूर्य प्रकाश सक्सेना, रजनेश चन्द्र, शरीफ अहमद, लवी, राजेन्द्र सिंह, विनोद सोनकर, सुमित सिंह, महेश बाबू, गजेन्द्र, सफाई कर्मचारी नेता रमेश डी लाल, संदीप, राजेन्द्र, अरुण, शिवा, छोटे, संजय समेत कई पालिका कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## मंडलीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिये छात्रों का चयन

बदायूँ। मुन्ना लाल इंटर कालेज वजीरगंज में आयोजित जनपदीय अंडर 17 क्रिकेट प्रतियोगिता में सिद्व बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया के खेल शिक्षक अनमोल उपाध्याय के दिशा निर्देशन में प्रतिभाग करते हुए शानदार प्रदर्शन करते हुए कक्षा 10 के छात्र सक्षम शर्मा व अर्पित शर्मा का अंडर 17 वही अंडर 19 वर्ग में कक्षा 12 के छात्र देव शर्मा का जनपदीय क्रिकेट टीम में चयन हुआ हैं। यही टीम मण्डल स्तर पर होने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता में जनपद बदायूँ का प्रतिनिधित्व करेंगी कालेज के प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने चयनित छात्रों को बधाई दी हैं।

## डीएम ने विजन डॉक्यूमेंट के लिए सुझाव के संबंध में नीमा के साथ की बैठक

सम्भल, बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के विजन डॉक्यूमेंट के लिए सुझाव के संबंध में नेशनल इंटीग्रेटिड मेडिकल एसोसिएशन ( नीमा) के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत नीमा संगठन बहजोई के अध्यक्ष वैद्य संजय गुप्ता द्वारा अपने संगठन के विषय में जानकारी प्रदान की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के लिए नीति निर्धारण करने के लिए सुझाव दिया जाए। उन्होंने सुझाव देने के लिए अपील की एवं अन्य लोगों को भी जागरूक करने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि आईएमए एवं नीमा की बैठक भी आगे की जाया करेंगी ताकि समस्याएं एवं सुझाव साझा किये जा सकें। जिलाधिकारी ने समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के विजन डॉक्यूमेंट को लेकर कहा कि इसमें सभी सभी लोग प्रत्यक्ष रूप से भागीदारी करें जो सर्वाधिक सुझाव देगा उसको सम्मानित किया जाएगा यह अभियान 5 अक्टूबर तक चलेगा तथा सुझाव देने के लिए अपनी लोकेशन को ऑन रखें एक सिम कार्ड से केवल तीन ही सुझाव दिए जा सकते हैं। जिलाधिकारी ने सम्भल संवाद एप के विषय में भी बताया उन्होंने कहा कि इस एप के माध्यम से जनपद की जानकारियां प्राप्त हो जाती हैं। यह एप प्रशासन से जुड़ने के लिए महत्वपूर्ण साधन है। जिलाधिकारी सम्भल कल्कि महोत्सव/ विकासोत्सव 2025 के विषय में भी बताया जोकि 6 अक्टूबर से विभागीय कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारम्भ होंगे जोकि 13 अक्टूबर तक चलेंगे एवं 5 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक स्टाल लगी रहेंगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, उप जिलाधिकारी सम्भल विकास चन्द एवं जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुत्रवधू से किया बलात्कार, रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश

चंदौसी, संभल। पहली पत्नी के होते हुए दूसरी शादी करने,दहेज के लिए उत्पीड़न करने,ससुर द्वारा बलात्कार करने के एक मामले में न्यायालय द्वारा ससुर सहित अन्य परिजनों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दे दिया है। अधिवक्ता देवेंद्र वार्ष्णेय के अनुसार ग्राम चोपा शोभापुर थाना बहजोई निवासनी निशा पुत्री लेखराज का विवाह दिनांक 20 अप्रैल 2024 को बुद्धनगर खंडवा थाना चंदौसी निवासी अतुल कुमार पुत्र रूम सिंह के साथ संपन्न हुआ था उसका पति गुरुग्राम में नौकरी करता था लेकिन उसके सुसराल वाले उसे दहेज के परेशान करते थे और पति ने गांव आना जाना बन्द कर दिया पति के गांव ना आने का फायदा ससुर रूम सिंह ने उठाना शुरू कर दिया और उसकी इच्छा के विरुद्ध उससे समय समय पर बलात्कार करने लगा स्थिति यह तक रही कि जेठ गुड्डू ने भी संबंध बनाने की कोशिश की पीड़ित ने उक्त समस्त तथ्यों को फोन पर अपने पति को अवगत कराया तो उसने भी साफ कह दिया कि मेरी माँ नहीं है मेरी तो पहले ही शादी गुरुग्राम की एक लड़की से हो चुकी है मैने अपने बाप रूम सिंह भूख मिटाने के लिए तुझसे शादी की है पीड़िता ने उक्त समस्त घटना से अपने माता पिता को अवगत करा तो सुसराल पक्ष ने उसे घर से निकाल दिया पुलिस ने भी कोई कार्यवाही नहीं की द्य जिस पर पीड़िता ने न्यायिक मजिस्ट्रेट संभल के न्यायालय में बीएनएसएस की धारा 173(4) के अंतर्गत प्राथना पत्र देकर न्याय दिलाने का अनुरोध किया थाना चंदौसी पुलिस ने भी अपनी रिपोर्ट में घटना की पुष्टि की न्यायिक मजिस्ट्रेट संभल दिव्य चिंडालिया ने मामले की संगीनता संज्ञेय प्रकृति मानते हुए प्रभारी निरीक्षक को आदेश दिया कि अभियोग सुसंगत धाराओं में पंजीकृत कर विवेचना प्रचलित करें।

# डीएम ने की एएसयूएसई एवं पीएलएफएस सर्वेक्षणों के संबंध में गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**जिलाधिकारी द्वारा समस्त सर्वेक्षकों एवं पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया गया कि क्षेत्रीय सर्वेक्षण कार्य करते समय सर्वेक्षण के संबंध में शासन स्तर से समय–समय पर जारी किए गए निर्देशों का अध्ययन करते हुए इनके अनुसार सर्वेक्षण करना सुनिश्चित करेंगे**

संभल। जिलाधिकारी के अध्यक्षता में जनपद संभल में और निगमित क्षेत्र के वार्षिक सर्वेक्षण एएसयूएसई एवं पीएलएफएस सर्वेक्षणों के संबंध में गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक आहूत की गई।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त, जिला सूचना अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, आसुस एवं पीएलएफएस से संबंधित अपर सांख्यिकी अधिकारीगण तथा इन दोनों सर्वेक्षणों से संबंधित समस्त पर्यवेक्षक एवं सर्वेक्षक उपस्थित थे। बैठक में जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी श्री रत्नेश कुमार द्वारा पीएलएफएस एवं आसुस सर्वेक्षणों के उद्देश्य के बारे में अवगत कराते हुए बताया गया कि श्रम बल आंकड़ों की उपलब्धता के महत्व को ध्यान में रखते हुए एनएसएसओ के माध्यम से पीएलएफएस सर्वे कराया जाता है जिसमें 3 महीने के छोटे समय अंतराल में प्रमुख रोजगार और बेरोजगारी संकेत का ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में अनुमान लगाया जाता है। इसी प्रकार आसुस सर्वेक्षण के बारे में अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश राज्य को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाए जाने हेतु प्रदेश के समस्त जनपदों में यह सर्वेक्षण किया जा रहा है।

अर्थव्यवस्था में जनपद स्तर पर अनिगमित क्षेत्र के योगदान के वास्तविक आकलन हेतु कोई विश्वसनीय स्रोत उपलब्ध नहीं होने के कारण यह सर्वेक्षण कराया जा रहा है। इस सर्वेक्षण के आधार पर जिला घरेलू उत्पाद के अनुमान तैयार किए जाएंगे। इन दोनों सर्वेक्षणों हेतु पर्यवेक्षक एवं सर्वेक्षकों का चयन आउटसोर्सिंग के माध्यम से किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा समस्त सर्वेक्षकों एवं पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया गया कि क्षेत्रीय सर्वेक्षण कार्य करते समय सर्वेक्षण के संबंध में शासन स्तर से समय-समय पर जारी किए गए निर्देशों का अध्ययन करते हुए इनके अनुसार सर्वेक्षण करना सुनिश्चित करेंगे। समस्त स्टेकहोल्डरों मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स विभाग, अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा, जिला उद्यान अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए कि क्षेत्रीय सर्वेक्षण कार्य के समय उनके कार्यालय में पंजीकृत समस्त दुकानों एवं संस्थाओं को सहयोग हेतु निर्देशित करना सुनिश्चित करें

# न्याय की जीत, बालिकाओं की सुरक्षा हेतु प्रभावी कार्यवाही

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विशेष अभियान मिशन शक्ति के अंतर्गत, 30 सितम्बर को विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो एक्ट, जनपद सम्भल, अवधेश सिंह जी के न्यायालय, स्थान चंदौसी में विशेष सत्र परीक्षण संख्याऽ100/2022 (अपराध संख्या 614/2022), धारा 376 क भारतीय दंड संहिता एवं 3/4 पॉक्सो एक्ट,थाना गुन्नौर, जिला सम्भल से संबंधित गंभीर प्रकरण में मेरी (नरेन्द्र कुमार यादव शासकीय अधिवक्ता पॉक्सो एक्ट जनपद संभल चंदौसी यूपी)की ओर से प्रभावी एवं तथ्यों पर आधारित पैरवी प्रस्तुत की गई।मामले में अभियुक्त जितेन्द्र पुत्र मुकेश निवासी वार्ड नंबर 3 लोहिया कालोनी राजघाट रोड बबराला, थाना गुन्नौर, जिला सम्भल द्वारा नाबालिग पीड़िता के साथ जबरन दुष्कर्म करना सिद्ध हुआ।माननीय न्यायालय ने मेरी सशक्त दलीलों एवं प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्तगण को दोषी ठहराते हुए–अभियुक्त जितेन्द्र को 20 वर्ष कठोर कारावास एवं 20,000 अर्थदंड,से दंडित किया गया।यह फैसला न केवल न्याय की विजय है, बल्कि यह स्पष्ट संदेश भी देता है कि समाज में बालिकाओं की गरिमा और सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।इस सफलता का श्रेय उत्तर प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को जाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में राज्य सरकार, जनपद सम्भल के जिलाधिकारी राजेन्द्र पेंसिया, पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण कुमार एवं अभियोजन विभाग की टीम ऐसे अपराधियों को कठोर सजा दिलाने के लिए दृढ़ संकल्पित और निरंतर प्रतिबद्ध है। यह निर्णय बालिकाओं की सुरक्षा के प्रति प्रदेश सरकार की अटूट प्रतिबद्धता, पुलिस प्रशासन की कड़ी मेहनत तथा अभियोजन विभाग की सशक्त पैरवी का सजीव उदाहरण है। नरेन्द्र कुमार यादव विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो एक्ट)जनपद सम्भल चंदौसी।

# नक्शा कार्यक्रम का डीएम ने किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अनूपशहर। भारत सरकार द्वारा शहरी भूमि की सही पहचान करने के लिए नक्शा कार्यक्रम के अंतर्गत आधुनिक तकनीक से प्रत्येक भूमि का सर्वेक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम श्रुति ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप जलाकर किया। मंगलवार को एलडीएवी इंटर कालेज में भारत सरकार द्वारा संचालित नक्शा कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम श्रुति, एडीएम प्रशासन प्रमोद कुमार पांडे, एसडीएम प्रियंका गोयल, पालिका अध्यक्ष बृजेश गोयल ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप जलाकर किया। इस मौके पर राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश तकनीकी विभाग के अधिकारियों ने शहरी भूमि की सही पहचान करने के तरीके से अवगत कराने के लिए मैदान में ड्रोन कैमरा तथा उससे संबंधित उपकरण दिखाकर बताया, कि प्रत्येक भूमि का सर्वेक्षण जीपीआरएस के माध्यम से किस प्रकार किया जाएगा। डीएम ने प्रत्येक कार्य प्रणाली को बिंदुवार समझने के लिए पूरी जानकारी ली। इस मौके पर राजस्व विभाग तकनीकी के अधिकारियों ने सभी को अवगत कराया की नक्शा कार्यक्रम के दूसरे चरण में अनूपशहर से कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है। इस कार्य के पूर्ण हो जाने पर प्रत्येक व्यक्ति अपनी भूमि का सरकारी स्तर पर स्वामित्व के रूप में दर्ज हो सकेगा। यह स्वामित्व यह भी दर्शाएगा कि सर्वेक्षण के दौरान इस भूमि का उपयोग किसके द्वारा किया जा रहा था। किसी भी अदालत के मामले में यह कार्यक्रम साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया जा सकेगा। जिस प्रकार ग्रामीण अंचल की भूमि में मालिक को खतौनी प्रमाण के रूप में मिलती है। इसी प्रकार प्रत्येक व्यक्ति को अपनी भूमि के स्वामित्व के रूप में प्रमाण प्रदान किए जाएंगे। अनूपशहर के 25 वार्डो का सर्वेक्षण कार्य पांच भागों में बांटकर किया जाएगा। इस कार्य में आईटीआई अनूपशहर के 10 विद्यार्थी सहयोगी के रूप में कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी गार्गी त्यागी, प्रभारी अधिकारी कंप्यूटर सेल विनीत कुमार, वरिष्ठ निदेशक राजेश कुमार गंगल, अजय अग्रवाल, विक्रांत कुमार आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अखंड प्रताप सिंह द्वारा किया गया।

# शासन द्वारा दिए गये निर्देश, सीसीटीएनएस पोर्टल पर अभियुक्तों की जाति का ना किया जाए उल्लेख

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**जातिगत क्षेत्र या जागीर घोषित करने वाले साईन बोर्डस या घोषणाओं को तत्काल हटाया जाए**

सम्भल, बहजोई। एक सर्वसमावेशी, संवैधानिक मूल्यों के अनुकूल व्यवस्था उत्तर प्रदेश सरकार की घोषित नीति है। समाज में व्याप्त विभेदकारी प्रवृत्तियों के उन्मूलन के दृष्टिगत पुलिस अभिलेख एवं सार्वजनिक संकेतों में जाति आधारित अंकन एवं प्रदर्शन रोकने के लिए तथा जातीय प्रदर्शनों द्वारा जातीय संघर्ष को प्रेरित करने वाले तत्वों के विरुद्ध शासन के निर्देशों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

उच्च न्यायालय इलाहाबाद के दिनांक 16 सितम्बर 2025 को क्रिमिनल मिस. अप्लीकेशन 482 संख्या-31545/2024 प्रवीण छेत्री बनाम उ.प्र. राज्य व अन्य में दिए आदेश के क्रम में शासन द्वारा निम्नलिखित दिशा निर्देश निर्गत किये गये जिसमे सीसीटीएनएस पोर्टल पर प्रयोग किये जा रहे प्रारुपों में अभियुक्तों की जाति अंकित करने संबंधी फील्ड को डिलीट करने तथा अभियुक्त के पिता के नाम के साथ माता का नाम भी अंकित किये जाने हेतु सीसीटीएनएस पोर्टल में आवश्यक व्यवस्था करने हेतु एनसीआरबी से पत्राचार किया जाए, एनसीआरबी द्वारा सीसीटीएनएस में उपरोक्त व्यवस्था किये जाने तक डेटा प्रविष्टि करने वाले सभी कार्मिकों द्वारा सीसीटीएनएस में जाति संबंधी सूचना अंकित करने के गैर अनिवार्य को बिना भरे खाली छोड़ दिया जाए, थानों में नोटिस बोर्ड्स पर अभियुक्तों के नाम के साथ उनकी जाति का उल्लेख न किया जाए। बरामदगी, पंचनामा, गिरफ्तारी मेमो तथा व्यक्तिगत तलाशी मेमो आदि में भी अभियुक्त की जाति का उल्लेख न किया जाए, पुलिस द्वारा तैयार किये जाने वाले अभिलेखों आदि में अभियुक्त के पिता का नाम के साथ साथ अभियुक्त की माता का नाम भी अंकित किया जाए, वाहनों, सार्वजनिक स्थानो पर जाति के नाम अथवा जाति को महिमामंडित करने संबंधी स्लोगन / स्टीकर आदि लगाकर चलने वाले वाहनों का केन्द्रीय मोटर वाहन अधिनियम 1988 की उपयुक्त धाराओं के अन्तर्गत चालान किया जाए, कस्बों, तहसीलों और जिला मुख्यालयों में, कतिपय तत्वों द्वारा जातिवाद या? अभिमान के कारण जाति का महिमामंडन करने वाले तथा भौगोलिक क्षेत्रों को जातिगत क्षेत्र या जागीर घोषित करने वाले साईनबोर्डस या घोषणाओं को तत्काल हटाते हुए भविष्य में ऐसे कोई भी बोर्ड्स आदि न लगाने हेतु प्रभावी कदम उठाये जाएं, राजनीतिक उद्देश्यों से आयोजित जाति आधारित रेलिया आदि समाज में जातीय संघर्ष को बढ़ावा देती हैं जो लोक व्यवस्था और राष्ट्रीय एकता के विपरीत है इन पर उत्तर प्रदेश राज्य में पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सोशल मीडिया पर किसी जाति को महिमामंडित करने तथा किसी जाति की निंदा करने वाली सोशल मीडिया संदेशों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। सोशल मीडिया के माध्यम से जातिगत द्वेष फैलाने अथवा जातिगत भावनाओं को उद्वेलित करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए, यदि किसी अधिनियम के अंतर्गत कानूनी बाध्यता होने पर जाति का नाम अंकित किए जाने की छूट प्रदान की गयी है, यथाः अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत कारित अपराधों की विवेचना करने वाले विवेचक अभियुक्त एवं पीड़ित की जाति अंकित कर सकते हैं।

# मंदिर के महंत की हत्या करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। इस्लामनगर थाना क्षेत्र में मंदिर से बाहर निकालने पर शराबी युवक ने महंत के सिर पर लोहे की रॉड से प्रहार कर दिया, जिससे सैफई ले जाते समय उनकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बदायूं के इस्लामनगर थाना क्षेत्र के कंदरपुर मढ़ी मंदिर के महंत हृदयदास के सिर पर शराबी ने रॉड से हमला कर दिया। इससे वह लहूलुहान हो गए। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। रविवार की रात 10:30 बजे पर महंत हृदयदास (55) मंदिर में थे। ग्रामीणों ने बताया कि तभी गांव का ही मोनू पुत्र भूदेव उर्फ चंगा नशे की हालत में मंदिर में घुसकर गाली-गलौज करने लगा। महंत मोनू को मंदिर से बाहर निकाल दिया। इसी बात से नाराज होकर मोनू ने पास की दुकान से लोहे की रॉड निकाल ली और महंत के सिर पर वार कर दिया। इससे सिर में चोट आई। सैफई ले जाते समय तोड़ा दिया गांव के लोग बचाने को दौड़े तो मोनू जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। गंभीर हालत में बाबा को जिला अस्पताल भेजा गया। जहां से राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। सोमवार को उन्हें सेफई रेफर कर दिया गया। रास्ते में ही बाबा की मौत हो गई। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने आरोपी की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। इंस्पेक्टर नरेश कुमार सिंह का कहना है कि मुकदमा हत्या की धारा में तरमीम करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## डीएम ने बहजोई, संभल और चंदौसी को लेकर विकास प्राधिकरण के सम्बंध में की बैठक

संभल, बहजोई। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की अध्यक्षता में बहजोई,संभल,चंदौसी विकास प्राधिकरण के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम बैठक में संभल विकास प्राधिकरण के प्रस्तावित प्रस्ताव के विषय में विस्तार पूर्वक विकास प्राधिकरण से संबंधित अधिकारियों के द्वारा अवगत कराया गया। जिसको लेकर जिलाधिकारी ने समस्त नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विकास प्राधिकरण से संबंधित जो भी सूचनाओं उपलब्ध करानी है वह समय रहते हुए शीघ्रता से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें जिससे प्रस्तावित नगर विकास प्राधिकरण का प्रस्ताव भेजा जा सके। और जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त सूचनाओं को भेजें उसके उपरांत शीघ्रता से ही पुनः बैठक का आयोजन किया जाएगा। इसके उपरांत नगर निकाय की बैठक का आयोजन किया गया।

# सीबीसी मशीन खराब, सीएमएस बोली एक हफ्ते तक ठीक होने की संभावना, मरीज परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बदायूं। जिला महिला अस्पताल की पूर्ण रक्त गणना (सीबीसी) मशीन पिछले कुछ दिनों से खराब है। इसलिए 100 से 160 मरीज बिना जांच करवाए लौट रहे हैं। ऐसे में मरीजों को बाहर से जांच करानी पड़ रही है। इसके लिए उनको अतिरिक्त धनराशि देनी पड़ रही है। महिला अस्पताल में रोजाना करीब 500 ओपीडी हो रही है। यहां पर जनरल मरीजों के अलावा गर्भवती महिलाएं भी आती है। मशीन खराब होने से महिला मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार सीबीसी मशीन 19 सितंबर को अचानक चलते हुए मशीन खराब हो गई थी। उसके बाद में वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में भर्ती मरीजों के ब्लड की जांच कराने के लिए जिला पुरुष अस्पताल के सीएमएस से बात की गई। सीएमएस की अनुमति से मरीजों को जांच के लिए वहां भेजा जाता है। सीबीसी मशीन से होती है 15 तरह की जांच सीबीसी मशीन से श्वेत रक्त कोशिका गणना (डब्ल्यूबीसी काउंट), लाल रक्त कोशिका गणना (आरबीसी काउंट), हीमोग्लोबिन (एचजीबी), हेमाटोक्रिट (एचसीटी), प्लेटलेट्स काउंट (प्लेटस काउंट), लाल रक्त कोशिकाओं का औसत आकार (एमसीवी), लाल रक्त कोशिका में हीमोग्लोबिन की मात्रा (एमसीएच), लाल रक्त कोशिकाओं में हीमोग्लोबिन की औसत सांद्रता (एमसीएचसी) की जांच होती है। वहीं मशीन खराब होने से स्टाफ की बल्ले बल्ले है। वहीं अंदर के कुछ जिम्मेदार स्टाफ मरीज का भार का रास्ता दिखा देते हैं।

इस मामले में सीएमएस, जिला महिला अस्पताल शोभा अग्रवाल ने बताया कि मशीन की खराबी की सूचना संबंधित विभाग को भेज दी गई है। अभी लगभग एक हफ्ता लग जाएगा। जल्द ही टेक्नीशियन बुलाकर इसे दुरुस्त कराया जाएगा। भर्ती मरीजों की जांच जिला अस्पताल से कराई जा रही है। अगर कोई स्टाफ मरीजों से बाहर जांच करने के लिए कह रहा है, तो कार्रवाई की जाएगी।

# 1100 कन्याओं का पूजन कर कराया भोज

**कन्या पूजन कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा, तरबगंज विधायक प्रेम नरायन पांडेय, सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व सीडीओ अंकिता जैन ने पहले हवन पूजन कर किया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर मंगलवार को जिला प्रशासन ने कन्या पूजन महोत्सव का आयोजन किया।मेडिकल कालेज परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में 1100 कन्याओं का पूजन कर उन्हे भोजन कराया गया तथा उपहा र दिए गए।कार्यक्रम के तहत 350 छात्राओं को टैबलेट का वितरण किया गया तथा महिलाओं को नवदेवी का सम्मान से सम्मानित किया गया। गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व बच्चों का अन्नप्राशन कार्यक्रम भी हुआ। कन्या पूजन कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा,तरबगंज विधायक प्रेम नरायन पांडेय, सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह,जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व सीडीओ अंकिता जैन ने पहले हवन पूजन किया। इसके बाद कन्या पूजन कार्यक्रम हुआ?।भोज के लिए परिषदीय स्कूलों की छात्रा ओं को बुलाया गया था।सदर विधायक प्रतीक भूषण ने छात्राओं को भोजन परोसा।वहीं प्रशासन की तरफ से सभी छात्राओं को उपहार दिए गए।नारी सशक्तिकरण को केंद्र में रखते हुए सरस्वती देवी नारी ज्ञानस्थली महिला महा विद्यालय,रघुकुल महिला डिग्री कॉलेज तथा गुरु वशिष्ठ के 350 छात्राओं को टेबलेट वित रित किए गए।टैबलेट वितरित करते हुए जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि इससे डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा मिलेगा और बेटियां तकनीकी रूप से सशक्त बन सकेंगी।इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित कर पोषण एवं स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश दिया गया।कार्यक्रम में महिलाओं को सम्मानित कर उन्हें समाज के प्रति उनके योगदान के लिए प्रेरित किया गया।इस कार्य क्रम में महिला कल्याण विभाग,बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग,स्वास्थ्य विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग,माध्यमिक शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग,पंचायती राज विभाग तथा पुलिस विभाग की सक्रिय भागीदारी रही।कार्यक्रम में विधायक गौरा प्रभात वर्मा,विधायक करनैलगंज अजय सिंह, एमएलसी अवधेश कुमार सिंह उर्फ मंजू सिंह, आयुक्त देवीपाटन मण्डल शशि भूषण लाल सुशील, पुलिस महानिरीक्षक अमित पाठक, पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, एसडीएम सदर अशोक कुमार गुप्ता, डीडीओ सुशील कुमार श्रीवास्तव, डीपीआरओ लालजी दुबे, डीसी एनआरएलएम जेएन राव, जिला प्रोवेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी, जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय उपाध्याय, एडीएसटीओ अरुण कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर रामचंद्र,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवारी समेत अन्य मौजूद रहे।मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना मनकापुर की महिला उप निरी क्षक महिमा तिवारी,कंचन सोनी न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट, पूनम बाल्मीकि सफाई कर्मचारी,आरती श्रीवास्तव आंगनबाड़ी कार्य कत्री,वंदना मिश्रा सहायक अध्यापक कंपोजिट विद्यालय पथवलिया दीक्षा श्रीवास्तव स्टेनो जनपद न्यायाधीश,शिम्पी मौर्य माध्यमिक शिक्षा विभाग तथा ताइक्वांडो खिलाड़ी पलक तिवारी को नव देवी सम्मान से सम्मानित किया गया।

# सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को एडिशनल एसपी ने दी विदाई



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त उप निरीक्षक और एक मुख्य आरक्षी अपनी अधिवर्षिता आ यु पूर्ण करने के उपरांत सेवानिवृत्त हुए।इस दौ रान पुलिस लाइन स्थित सभागार में विदाई स मारोह का आयोजन किया गया।पुलिस अधीक्ष क विनीत जायसवाल के निर्देशन में अपर पुलि स अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को शॉल व फूल-माला पहनाकर,छाता व अन्य धार्मिक पुस्तके भेंट करते हुए विदा किया गया।सेवा निवृत्त हुए पुलिस कर्मियों से सेवानिवृत्त होने पर उनके द्वारा पुलिस विभाग को दिये गये योगदान की सराहना की गयी एवं सेवानिवृत्ति उपरांत भी पुलिस विभाग का यथासंभव सह योग करने की अपेक्षा की गयी तथा सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभका मनाएं दी गयी।इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्ष क अजय कुमार सिंह एवं अन्य अधिकारी,कर्म चारीगण मौजूद रहे।

# पवनसुत हनुमान ने लंका को बनाया आग का गोला

**रामलीला मैदान में विजयादशमी की श्रृंखला में कलाकारों का बालि वध का रहा मनोहारी मंचन**

**मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम व सुग्रीव के मिलन पर दर्शकों के छलके आंसू**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। विजयादशमी की श्रृंखला में शहर के झिंगहा घाट के पास मौनी बाबा आश्रम रामलीला मैदान में सोमवार को परिसर में लंका व अशोक वाटिका, बिजली की झालरों से अलौकिक साज सज्जा दर्शनीय रही। श्रीराम की आदर्श लीलाओं की रसधार से सरोबोर श्रद्धालुओं ने रघुकल नंदन व वानर राज सुग्रीव के मिलन के भाव प्रवण मंचन से आध्यात्मिक गंगा में गोते लगाए।सोमवार को वृदांवन के कुशल कलाकारों ने राम भक्त हनुमान का अशोक वाटिका में राक्षसियों की कड़ी सुरक्षा से घिरी जनक नंदनी को प्रभु के संदेश व लंका दहन की भावप्रवण लीला की गई। संत शिरोमणि तुलसीदास कृत राम चरित मानस की चौपाइयों पर रविवार को लीला में राम वनवास के दौरान मां सीता का संयासी वेश में हरण के बाद सोने के मृगरूपी राक्षस के वध के बाद अनुज भ्राता लक्ष्मण धनुष बाण साधे युद्ध को तत्पर आते देख रघुकल नंदन चौक गए। वह सीता को कुटिया में अकेला छोड़ आने की वजह पूछते है। तब वह बताते है कि कुटिया तक हाय लक्ष्मण की ध्वनि पहुंचने पर माता सीता को लगा कि कुछ अनहोनी हुई है। आप संकट में है काफी समझाने पर भी उन्होंने भेजा था। भगवान राम कहते है राक्षस बड़े मायावी है। उन्हे लगता है कि जानकी कुटिया में नही है। जब दोनों भाई कुटिया में लौटते है तो जानकी नही मिलती। दोनों भाई सीता की तलाश में निकलते है। राम के करूण रूदन व पशु पक्षियों, वृक्षों से जानकी का पता जानने के भावपूर्ण अभिनय पर दर्शकों की आंखे छलछला उठती है। रास्ते मे घायल जटायु, रावण का सीता जी के हरण पर पुष्पक विमान से सीता मां के पहचान गिराने की जानकारी मिलती है। जटायु के निधन पर राम की ओर से अंतिम संस्कार, किष्कंधा पर्वत से पूर्व हनुमान जी का पुरोहित वेष में मिलन, सुग्रीव से मित्रता, बालि वध के मनोहारी मंचन पर दर्शक भाव विभोर हो गए। हनुमानजी का लंका प्रवेश, सीता मां से मिलन, भूख लगने पर फल खाने की अनुमति मांगना, फल खाकर पेड़ों के उखाड़ने पर युद्धरत रावणसुत अक्षय कुमार का बध, हनुमान पाश, लंका दहन की मनोहारी लीला का समापन हुआ।

# अवैध मिट्टी का खनन: प्रशासन मौन,रोके कौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। उत्तर प्रदेश सरकार की सख्ती के बावजूद भूमाफियाओं के बुलंद हौसलों के चलते क्षेत्र में अवैध रूप से मिट्टी का खनन जारी है।प्रदेश के मुखिया का बुलडोजर अवैध रूप से बने भवनों को मिट्टी में मिलाने का काम कर रहा है तो वहीं दूसरी ओर भू--माफियाओं के बुलडोजर अवैध रूप से मिट्टी का खनन करने से भी बाज नहीं आ रहे।

जहां तक प्रदेश के देवी पाटन मंडल का सवाल है तो स्वयं गोण्डा जनपद के कोतवालीनगर क्षेत्र के गोंडा-फैजाबाद रोड पराग डेयरी ठाकुरद्वारा के रास्ते नेपाल पुरवा,कटहा घाट कई ऐसे गांव हैं जहां भू माफियाओं के द्वारा बिना किसी प्रशासनिक अनुमति के अवैध रूप से मिट्टी का खनन किया जा रहा है।ऐसी बात भी नहीं कि संबंधित विभागीय अधिकारियों को इसकी ख़बर तक नहीं है लोगो के द्वारा कई बार शिकायत भी की जा चुकी है मगर कानों में तेल डालकर बैठे अधिकारियों द्वारा शिकायतों पर कोई ध्यान नहीं दिए जाने के कारण समा चार लिखे जाने तक भू माफियाओं द्वारा मिट्टी का बिना किसी प्रशासनिक अनुमति के अवैध रूप से खनन चल रहा है।देखने वाली बात ये होगी कि इतनी शिकायतों के बावजूद कुंभक रणी नींद में सोए संबंधित विभागीय अधिकारी जाग्रत हो कर अ वैध रूप से हो रहे मिट्टी के खनन को रोक पाने में कब तक सफल होते हैं।वही क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन की जानकारी के लिए खनन विभाग के अधिकारी से दूरभाष पर संपर्क किया गया तो उनके फोन की घंटी बजती रहे उन्होंने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा।

# मिशन शक्ति: आईजी अमित पाठक ने चलाया चेकिंग अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशन में प्रदेश भर में चलाये जा रहें मिशन शक्ति अभियान फ़ेज-5.0 के क्रम में पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र अमित पाठक के नेतृत्व में परिक्षेत्र के जनपदों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसके क्रम में पुलिस महानिरी क्षक के नेतृत्व में जनपदीय पुलिस द्वारा स्टंटबाजों,शोहदों, ब्लैक फिल्म,हूटर,गलत नम्बर प्लेट व मॉडिफाइड साइलेंसर लगे वाहनों की चेकिंग कर उनके विरुद् नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी तत्पश्चात आईजी देवीपाटन परिक्षेत्र द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को पम्फलेट वितरित कर उन्हे विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नम्बरों (112, 1090, 181, 102,108,1098,1076,1930 व शासन की कल्याणकारी योजनाओं, मिशन शक्ति केन्द्र तथा कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा परिक्षेत्र स्तर पर वृहद रूप में शोहदों,मनचलों के विरुद्व विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया है।पुलिस महानिरीक्षक द्वारा परिक्षेत्रीय अधिकारियों एवं मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि प्रतिदिन भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों जैसे स्कूलों, कॉलेजों, बैंकों व चौराहों पर शोहदों,मनचलों के विरुद् विशेष अभियान जारी रखें।पुलिस महानिरीक्षक द्वारा महि लाओं को सुरक्षित व सशक्त बनने व अपने आसपास की अन्य महिलाओं व बालिकाओं को जागरुक करने हेतु प्रेरित किया गया। चेकिं ग के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधि कारी नगर,थाना प्रभारी कोतवाली नगर व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहें।

# सतरूपा अष्टभुजा मंदिर में बच्चों ने देवी देवताओं के रूप धारण कर बिखेरा रंग

**कार्यक्रम में बहराइच सांसद डॉ. आनंद गौड़ भी पहुँचे और माता रानी का आशीर्वाद लेकर प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। शारदीय नवरात्रि की षष्ठी पर रूपईडीहा रोड स्थित कृष्णपुरी के सतरूपा अष्टभुजा दुर्गा मंदिर में धार्मिक उत्सव का मनमोहक आयोजन किया गया। भगवान रूप सज्जा एवं सनातन धर्म ज्ञान प्रतियोगिता में बच्चों ने माता दुर्गा सहित विभिन्न देवी-देवताओं का रूप धारण कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

अक्षिता श्रीवास्तव ने सिद्धिदात्री माता का स्वरूप प्रस्तुत किया, जबकि अपूर्वा श्रीवास्तव ने हनुमान रूप धारण कर उपस्थित भक्तों को आकर्षित किया। इस मौके पर बहराइच सांसद डॉ. आनंद गौड़ भी पहुँचे और माता रानी का आशीर्वाद लेकर प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में अमित पांडेय ने ज्ञान प्रतियोगिता का संचालन किया। निर्णायक मंडल में धीरज गुप्ता, अमित बडोला और ध्यान प्रकाश श्रीवास्तव शामिल रहे। सीनियर वर्ग में रुद्राक्ष तिवारी प्रथम, कृष्ण गुप्ता द्वितीय और अस्तित्व व प्रखर तृतीय स्थान पर रहे। वहीं जूनियर वर्ग में लक्ष्य अग्रवाल प्रथम, केशव गुप्ता द्वितीय तथा माधव गुप्ता व अनुष्का जायसवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन पर सॉफ्ट पेटल अकादमी की कक्षा 8 की छात्रा अक्षिता श्रीवास्तव ने ‟ए गिरि नंदिनि नंदनुतेङ्क पर क्लासिकल नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंदिर समिति के संयोजक धर्मेंद्र कंात श्रीवास्तव एवं डॉ. वीरांगना कंात श्रीवास्तव ने भगवान रूप धारण किए बच्चों की आरती उतारी। वहीं राजा बाजार चौकी प्रभारी राम गोविन्द वर्मा, समाजसेवी सुरेश शाह और अधिवक्ता ध्यान प्रकाश श्रीवास्तव ने विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में हर्ष गुप्ता, दिलीप जायसवाल, आनंद श्रीवास्तव, बलजीत, हर्षित, मयंकर, अंकुर श्रीवास्तव व शेफाली श्रीवास्तव आदि का विशेष सहयोग रहा।

# जेल में कैदी ने फंासी लगाकर की आत्महत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। मंडल कारागार में दहेज हत्या के मामले में बंद 26 वर्षीय रमजान अली ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली है।उसने जेल अस्पताल के पीछे अमरूद के पेड़ से लटककर जान दी है इस मामले में बंदी रक्षक सत्येंद्र कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जेल अधीक्षक मृत्युंजय कुमार पांडे ने प्रथम दृष्टया लापरवाही मिलने पर यह कार्रवाई की है।रमजान अली अपने माता-पिता और भाई कुदरत अली के साथ दहेज हत्या के आरोप में पिछले चार महीने से जेल में बंद था। आरोप था कि उसने अपने परिजनों के साथ मिलकर कुदरत अली की पत्नी की दहेज के लिए हत्या की थी।उसकी लाश कल देर शाम अमरूद के पेड़ से लटकती हुई मिली थी। बंदी रमजान अली की देखभाल के लिए बंदी रक्षक सत्येंद्र कुमार सिंह की ड्यूटी लगाई गई थी।जांच के दौरान उनकी ड्यूटी में लापरवाही सामने आई, जिसके कारण बंदी ने आत्महत्या कर ली।जेल अधीक्षक मृत्युंजय कुमार पांडे ने बताया कि उन्हें जिला जज के सेशन कक्षा में एक बैठक के दौरान घटना की जानकारी मिली। उन्होंने प्रथम दृष्टया लापरवाही पाए जाने पर बंदी रक्षक को निलंबित कर दिया है। इस पूरे मामले में विभागीय जांच के साथ-साथ न्यायि क जांच के भी आदेश दिए गए हैं। उन्होंने भवि ष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सभी को सचेत किया है और लापरवाही मिलने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी है। जेल अधीक्षक ने अभी कहा कि जेल के अंदर बंदियों और कैदियों दोनों को इसको लेकर के जागरूक किया जाएगा कि वह इस तरीके का कोई कदम ना उठाएं।जो भी परिजन मिलने आते हैं उन्हें भी बताया जा रहा है की जेल में बंद अपने लोगों को समझाया जाए।

# नवरात्र के बीच दस्तक अभियान की तैयारी तेज नानपारा में एसडीएम ने की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच । संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण को लेकर जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में आगामी दस्तक अभियान (05 से 31 अक्टूबर 2025) की तैयारी सुनिश्चित करने हेतु नानपारा तहसील सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने की।

बैठक में तय किया गया कि पंचायत विभाग नालियों की सफाई, झाड़ियां कटवाने, एंटीलार्वा छिड़काव और हैंडपंप मरम्मत का कार्य करेगा। वहीं हाई रिस्क क्षेत्रों में फॉगिंग कराई जाएगी और गांव-गांव में शौचालय उपयोग के लिए जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग की आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को घर-घर जाकर दिमागी बुखार, डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया जैसी बीमारियों के लक्षणों के बारे में जागरूकता फैलाने का दायित्व सौंपा गया। साथ ही लक्षणयुक्त मरीजों को नजदीकी सीएचसी/पीएचसी तक ले जाने की जिम्मेदारी भी दी गई। शिक्षा विभाग रैली के माध्यम से संचारी रोग नियंत्रण का संदेश देगा। बैठक में सीएचसी नानपारा के अधीक्षक डॉ. चंद्रभान राम, सीएचसी बलहा के डॉ. निखिल सिंह, सीएचसी चर्दा के डॉ. महेश कुमार विश्वकर्मा, सीएचसी शिवपुर के प्रतिनिधि सहित यूनिसेफ, डब्लू एच ओ, पंचायत, शिक्षा, कृषि, पशुपालन व महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बढ़ रहा अपराध : गांव के बाहर मिला महिला का शव,पति पर हत्या का शक

गोंडा। जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के तुलसी पुर माझा ग्राम पंचायत के पांडेय पुरवा गांव में 35 वर्षीय कांति उर्फ पूनम पांडे का शव घर के बाहर पड़ा मिला।शव मिलने से पूरे गांव में हड़ कंप मच गया।शव पर चोट के गंभीर निशान थे स्थानीय लोगों ने बताया कि महिला को डंडे से पीटने के बाद गला दबाकर मार डाला गया, सा थ ही चेहरे पर दांत से काटने के निशान भी मौ जूद थे।सूचना पाकर मौके पर पहुंची नवाबगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।प्रारंभिक जांच में पता चला कि यह हत्याकांड पारिवारिक कलह के चलते महिला के पति राजू पांडेय ने अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार,घटना के बाद से राजू पांडेय फरार है।नवाबगंज थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि जांच में सामने आया है कि पहले महिला के चेहरे पर दांत से चोट की गई, फिर डंडे से मारा गया और अंत में गला दबाकर हत्या की गई।

# बहराइच में फिर बढ़ा आदमखोर जानवर का आतंक , गांव में दहशत का माहौल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कैसरगंज बहराइच। कैसरगंज थाना अंतर्गत ग्राम मंझारा तौकली में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। सोमवार की शाम प्यारपुरवा में छेड़न 80 वर्षीय मानकीय 75 वर्षीय दोनों लोग गांव के खेत के उत्तर में अपने बंगले पर खेत की रखवाली के सिलसिले में लेटे हुए थे रात में जंगली आदमखोर खूंखार जानवर ने हमला कर दिया जिससे दोनों वृद्ध व्यक्तियों की मौत हो गई दोनों वृद्ध व्यक्तियों के हाथ पैर को जंगली जानवर ने खा लिया है सर को भी बुरी तरीके से खा लिया है मंझारा तौकली के एडवोकेट राधेश्याम यादव ने बताया कि आज रात प्यार पूर्व में जो घटना हुई है वह बहुत ही निंदनीय एवं दर्दनाक घटना है जिससे पूरे मंझारा तौकली के लोगों के होश उड़ा दिए हैं मौके पर वन विभाग की टीम मौजूद है लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग की टीम महज़ एक ही स्थान पर दिन और रात बैठी रहती है गांव में कहीं भी पेट्रोलिंग नहीं की जाती है जिससे भेड़िए का आतंक लगातार बढ़ता ही जा रहा है।

## पत्रकारों की एकजुटता से मिलेगा संरक्षण : अंतर्राष्ट्रीय पत्रकार महासंगठन



बहराइच। अंतर्राष्ट्रीय पत्रकार महासंगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दानिश सिद्दीकी से विशेष मुलाकात के दौरान प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उत्तर प्रदेश कार्यकारिणी पद ग्रहण कर आगे की रणनीति तय की गई। इस अवसर पर बहराइच निवासी फ़राज़ खान को प्रदेश महामंत्री और अब्दुल नासिर को प्रदेश सचिव तथा सैफ अली को ज़िला महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। संगठन ने स्पष्ट किया कि पत्रकारों के शोषण व उन पर हो रहे अत्याचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संगठन का मुख्य उद्देश्य पत्रकारों को संगठित कर उन्हें सुरक्षा और संरक्षण प्रदान करना है। बैठक में कहा गया कि पत्रकार लोकतंत्र की रीढ़ हैं, लेकिन वे लगातार चुनौतियों और खतरों का सामना कर रहे हैं। ऐसे में उनके हितों की रक्षा, सुरक्षा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करना संगठन की पहली प्राथमिकता होगी।

# अवैध प्लाटिंग से पानी की निकासी हुई बंद

**200 एकड़ फसल डूबने से किसान परेशान मुख्यमंत्री को भेजा पत्र**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर।ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री के नाम शिकायती पत्र एसडीएम को सौंपा और कहा कि जिले में हुई लगातार बारिश से सभी नदी नाले पुलिया खेत खलिहान उफान पर थे बारिश बंद होने के बाद जलस्तर घटने से स्थिति सामान्य हो गई है लेकिन लोधीपुर, धरमंगदपुर, तकिया दीनारपुर गांव में लगभग 200 एकड़ की फसल नष्ट होने के कगार पर है पीड़ित किसानों के मुताबिक कृषि भूमि ग्राम तकिया दीनारपुर , धरमंगदपुर, लोधीपुर तहसील व थाना पूरनपुर मे जिसमें बरसाती एवं बाढ़ के पानी का निकास माधौटांडा हाईवे पी रोड से लोधीपुर जाने बाले लो0नि0वि0 के लिंक मार्ग में बनी चार पुलियो / पुल के माध्यम से होता था किन्तु अब वहाँ पर अबैध रूप से प्लाटिंग करने बाले ग्राम प्रधान फरजन्द खां नि0ग्राम लोधीपुर आदि ने अपने निजी स्वार्थ हेतु पानी निकास के लिए बनी पुलियो / पुल को अबैध रूप से पाटकर बंद कर दिया जिससे पानी निकास की समस्या हो गई है। जिससे बरसात व बाढ के पानी का निकास नहीं हो पा रहा है और प्रधान द्वारा की गई अवैध प्लाटिंग से पानी निकासी का रास्ता बंद हो गया है। जिसका स्थायी समाधान किसान चाहते है। आक्रोशित किसानों ने चक्काजाम की चेतावनी दी है किसान अपनी समस्या को लेकर एसडीएम से पिछले कुछ समय से गुहार लगा चुके हैं लेकिन प्रशासनिक स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। वहीं एसडीएम ने निरीक्षण कर समाधान का आश्वासन दिया है पिछले सालों से खेतों में जल भराव की समस्या झेल रहे रियाजउद्दीन खा, आविद खा, शरफुद्दीन खा, शादाब, जलीश खा, सहित सैकड़ों किसानों ने अपने दर्द साझा किया वही 70 साल के बुजुर्ग किसान ने बताया कि कहा कि वह पीढ़ियों से खेती करते आ रहे हैं। उनके खेतों का पानी आसानी से निकलता था लेकिन रोड के उस पार पानी निकालने के रास्ते को अवैध प्लाटिंग करने वालों ने बंद कर दिया है माधोटांडा रोड के बाएं तरफ उनकी खेत पहली ही बारिश में डूब गई है पहले पानी आसानी से निकल जाता था लेकिन अवैध प्लाटिंग करने वालों ने पानी निकासी का रास्ता बंद कर दिया हैं।

## सरकारी स्कूल की छात्रा बनी तहसीलदार सुनी समस्याएं

पूरनपुर। प्राथमिक विद्यालय कल्यानपुर की कक्षा 5 की छात्रा नीलम को एक दिन के लिए तहसीलदार पूरनपुर बनाया गया। यह पहल मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत की गई है।जिसका उद्देश्य बालिकाओं को सशक्त बनाना और उन्हें नेतृत्व की भूमिकाओं में अनुभव प्रदान करना है। बालिकाओं को सशक्त बनाना और उन्हें नेतृत्व की भूमिकाओं में अनुभव प्रदान करना है। इस कार्यक्रम के तहत नीलम जैसी छात्राओं को विभिन्न प्रशासनिक भूमिकाओं में रखा जाता है।जहां वे अपने निर्णय लेने और नेतृत्व कौशल का विकास कर सकती हैं।कक्षा 5 की छात्रा नीलम ने एक दिन के लिए तहसीलदार के रूप में काम किया और विभिन्न प्रशासनिक कार्यों को संभाला। इस अनुभव से नीलम को प्रशासनिक कार्यों की जानकारी मिली और उनके नेतृत्व कौशल में सुधार हुआ। इस मौके पर उप जिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह,तहसीलदार आशीष कुमार गुप्ता,नायब तहसीलदार ऋषि कुमार दीक्षित,नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी सहित विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुगंध व तहसील स्टाफ उपस्थित रहा है।

# ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 29 एवं 30 सितम्बर 2025 को महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज, कल्याणपुर, ब्लॉक बरखेड़ा में आयोजित की गई।कार्यक्रम में समूह एवं व्यक्तिगत दोनों प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। समूह खेलों में लड़कों एवं लड़कियों के लिए अलग-अलग कबड्डी प्रतियोगिताएं कराई गईं। इस वर्ग में जोरा कल्याणपुर युवा क्लब ने दोनों ही वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया।व्यक्तिगत प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया 200 मीटर दौड़ (पुरुष वर्ग): बबलू प्रथम, मोहित द्वितीय 200 मीटर दौड़ (महिला वर्ग): नेत्र प्रथम, स्वाती द्वितीय 400 मीटर दौड़ (पुरुष वर्ग): राम लखन मौर्य प्रथम, अनिकेत द्वितीय 400 मीटर दौड़ (महिला वर्ग): लक्ष्मी प्रथम, मीनाक्षी देवी द्वितीय विजेताओं को टी-शर्ट, कैप, पदक एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के सफल समापन पर जिला युवा अधिकारी शिवम शर्मा ने सभी प्रतिभागियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ''खेल केवल शारीरिक फिटनेस के लिए ही नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की एक पद्धति है। यह कठिन परिश्रम, समय प्रबंधन और जीत-हार को समान भाव से स्वीकार करना सिखाता है।''इस अवसर पर कोच रमेश कुमार एवं लक्ष्मीकांत की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विभिन्न युवा क्लब के सदस्य सो्नु एवं अभय भारती सहित अनेक स्वयंसेवियों का सहयोग भी सराहनीय रहा।दो दिवसीय प्रतियोगिता ने युवाओं में उत्साह, प्रतिस्पर्धा और खेल भावना की नई ऊर्जा का संचार किया।

## रामलीला महोत्सव में लक्ष्मण शक्ति, हनुमान–भरत मिलाप और कुंभकरण वध का भव्य मंचन

पीलीभीत।रामलीला मैदान में आज श्री रामलीला महोत्सव संचालन समिति द्वारा लक्ष्मण शक्ति, हनुमान–भरत मिलाप, विभीषण– कुंभकरण संवाद और कुंभकरण वध की भव्य लीला का मंचन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुमन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट के निदेशक सौरभ सक्सेना रहे। प्रमुख यजमान सर्राफा वेलफ़ेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्याम बाबू अग्रवाल, महामंत्री शैली अग्रवाल एवं अन्य सदस्यों ने ठाकुरजी और राधा रानी की भोग आरती की।लीला में दर्शकों ने राम और रावण के बीच भयंकर युद्ध, लक्ष्मण की मूर्छा और हनुमान द्वारा संजीवनी बूटी लाने की अद्भुत घटनाओं का सजीव दृश्य देखा। कुंभकरण का युद्ध और उसके पश्चात पुतला दहन ने मंचन को और प्रभावशाली बना दिया। सभी भक्तगण प्रभु राम की जय–जयकार करते हुए आनंदित हुए।इस अवसर पर महंत ओमकार नाथ, सुनील मिश्रा, अमरीश शर्मा अंबू, अंकुर गुप्ता, राकेश लोधी, संजीव मिश्रा सहित अनेक पदाधिकारी एवं भक्तगण उपस्थित रहे। लीला का संचालन संजय पांडेय, सोमनाथ सप्रे एवं अंकुर मिश्रा ने किया।

## भाजपा सरकार में महंगाई चरम सीमा पर जनता कर रही त्राहि त्राहि : धनपति वर्मा एडवोकेट

**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सपा सुप्रीमो राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार एवं सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा के नेतृत्व में बरखेड़ा विधानसभा अध्यक्ष धनपति वर्मा एडवोकेट की अध्यक्षता में विधानसभा बरखेड़ा के ग्राम टांडा बिजेशी में पीडीए जनचर्चा पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं।कार्यक्रम के संयोजक एवं विधानसभा बरखेड़ा अध्यक्ष धनपति वर्मा एडवोकेट ने अपने संबोधन कहा कि भाजपा की गलत नीतियों ने व्यापार और कारोबार को चौपट कर दिया है। जीएसटी ने महंगाई को आसमान पर पहुंचा दिया है। मुनाफाखोरी को बढ़ावा दिया है।जनता महंगाई अन्याय और अत्याचार से तेरा ही त्राहि कर रही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सपा जिला उपाध्यक्ष बालकराम सागर,धनपति वर्मा एडवोकेट,सपा जिला सचिव शरफुद्दीन नूरी,रामौतार वर्मा,जगदीश वर्मा,बरखेड़ा महासचिव नरेश कुमार सागर,वेदप्रकाश दीक्षित,ऋषिपाल वर्मा,कंाता प्रसाद वर्मा,मो.रहीस अहमद,अशोक कुमार वर्मा,राजीव कुमार वर्मा, धीरेन्द्र प्रताप वर्मा,रमेश,अकील अहमद,हशरुद्दीन,गोविंद वैरागी,सुब्रत मंडल,महेश गाइन,सूरत सरकार आदि तमाम सम्मानित नेतागण पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे हैं।

## मुख्यमंत्री के फोटो को एडिट कर पोस्ट करने वाला 2 आरोपी गिरफ्तार

**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद पीलीभीत और बीसलपुर क्षेत्र में दो अलग घटना सामने आई सोमवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का एक आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया घटना सामने आने के बाद स्थानीय हिंदू संगठनों में आक्रोश फैल गया और उनके कार्यकर्ता पीलीभीत और बीसलपुर थाने पहुंचे उन्होंने आरोपी युवक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए तहरीर दी पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया और आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है जहां एक तरफ बीसलपुर से सलमान और पीलीभीत से इस्तकार अंसारी नाम के युवक को जेल भेज दिया गया है।

## बीसलपुर में कन्या पूजन एवं शस्त्र पूजन का भव्य आयोजन

**बीसलपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर में नवरात्रि के पावन अवसर पर नितिन पाठक के संयोजन में कन्या पूजन, शस्त्र पूजन एवं प्रीतिभोज का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 5000 से अधिक लोगों के लिए प्रसाद एवं भोजन की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नगरवासी शामिल हुए। कन्या पूजन के बाद शस्त्र पूजन की परंपरा निभाई गई और तत्पश्चात प्रीतिभोज का आयोजन हुआ।इस अवसर पर पप्पू भरतौल सहित क्षेत्र के कई प्रमुख नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में युवाओं और समाजसेवियों का विशेष योगदान रहा हैं।

## नगर पालिका सभागार मे वीडियो कांफ्रेंस के जरिये मुख्यमंत्री ने किया सीधे संवाद

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को पूरनपुर नगर पालिका सभागार मे वीडियो कॉन्फ्रेंस कर विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश 2047 विषय पर चर्चा की उन्होंने पूरनपुर नगर पालिका परिषद और प्रदेश के अन्य निगम और निकायों से आत्मनिर्भरता की राह पर चल रहे पालिका का उदाहरण भी दिया मुख्यमंत्री ने चेयरमैन,निकाय अधिकारियों से आत्मनिर्भर बनने के लिए कहा उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर बनने से ही विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश बनेगा नगर पालिका सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता, उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह, अधिशासी अधिकारी एजाज अहमद और कई पार्षद मौजूद रहे मुख्यमंत्री ने कहा कि आय बढ़ाने के लिए संसाधन जुटाने होंगे आय बढ़ाने के लिए विभिन्न स्रोत पर काम किया जा रहा मल्टीलेवल पार्किंग और स्पोर्ट्स प्लाजा समेत अन्य परियोजनाओं पर काम चल रहा है। इससे नगर निगम की आय बढ़ेगी। साथ ही, कहा कि नगर पालिका लोगों की सुविधाओं का ध्यान भी रख रहा मौके पर उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह,अधिशासी अधिकारी एजाज अहमद,नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता, सहित सभी पार्षद भी वीडियो कॉन्फ्रेस से जुड़े।

## क्षेत्र की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से मिले विधायक

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को लेकर विधायक बाबूराम पासवान ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की क्षेत्र के विकास को लेकर कई मांगों को लेकर पत्र दिया इसमें मुख्य रूप से डगा और कलीनगर पुल को बनवाने की मांग को रखा गया है विधायक बाबूराम पासववान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करने के दौरान विधानसभा क्षेत्र के विकास को लेकर चर्चा की इसके बाद मांगों को लेकर पत्र दिया पूरनपुर– खटीमा मार्ग पर डगा पुल,माधौटांडा– पीलीभीत पर कलीनगर पुल के खराब होने पर नया बनवाने,माधोटांडा सहित दोनो रेलवे क्रासिंग बंद होने से जाम की समस्या को भी सामने रखा जाम से निजात दिलाने के लिए ऊपरगामी सेतु बनवाने का प्रस्ताव दिया अन्य समस्याओं को भी मुख्यमंत्री के सामने रखा गया पूरनपुर माधोटांडा मार्ग पर रेलवे क्रासिंग 180ए/टी 2 पर रेल ऊपरगामी सेतु का निर्माण अति आवश्यक है। फाटक बंद होने पर जाम लगता है। निरीक्षण भवन पूरनपुर का मरम्मत एवं जीर्णोद्धार का कार्य, निरीक्षण भवन मुरैना गौढी पूरनपुर के जीर्णोद्धार एवं बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य, पूरनपुर क्षेत्र में सरकारी धान क्रय केंद्रों की संख्या बढ़ाने पसहित विकास कार्य करवाने की मांग की हैविधायक ने बताया कार्यों के स्वीकृति प्रदान करने का मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है। इस दौरान उनके साथ विहिप लखीमपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष गोविन्द पुरवार भी उपस्थित रहे।

## दो अक्टूबर को होगा रावण का दहन, आज होगा मेघनाथ का वध

सुल्तानपुर। नगर के रामलीला मैदान में चल रही 15 दिवसीय रामलीला महोत्सव में इस बार श्री रामलीला ट्रस्ट समिति(नगर) द्वारा लगभग 32 से 35 फीट का रावण तैयार कराया जा रहा है। दशानन का दहन गाँधी जयंती के दिन यानी दो अक्टूबर बृहस्पतिवार को दशहरा (विजयादशमी) मालगोदाम ओवरब्रिज पर शाम लगभग 6:00 बजे प्रभु राम द्वारा किया जाएगा। हरबार की भाँति जिले के अधिकारी व प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष भगवान राम द्वारा रावण के पुतले प्रतीक असत्य पर सत्य, अंधकार पर प्रकाश और बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इसके पहले भगवान राम और रावण का घमासान युद्ध होता हुआ शहर के प्रमुख मार्गो व चैराहों से होता हुआ रामलीला मैदान में आएगा । जहां पर प्रभु राम और रावण का संवाद होगा । इसके पश्चात गभरिया ओवर ब्रिज के ऊपर रावण की पुतले का दहन किया जाएगा । रावण के पुतले के दहन के एक दिन पूर्व 1 अक्टूबर दिन बुधवार को रामलीला मैदान के अंदर मेघनाथ के पुतले का दहन किया जाएगा ।मेघनाथ की लंबाई लगभग 20 फीट होगी।

## चोरी के आभूषणों के साथ दो युवकों को भेजा जेल

अमेठी। थाना मोहनगंज पुलिस ने गांव उत्तर पारा में हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुये चोरी के विभिन्न आभूषण के साथ दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर तैय्यब पुत्र इसरार व अमीन पुत्र खलील निवासीगण ग्राम रेवरी मजरे उत्तरपारा थाना मोहनगंज जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया।

# होटल की आड़ में चल रहा अवैध हुक्का बार, नाबालिगों की जिंदगी से खिलवाड़

**जिला प्रशासन और पुलिस की निष्क्रियता से बढ़ रहा कारोबार**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुलतानपुर। शहर के कई नामचीन होटलों में हुक्का बार और अवैध गतिविधियों का धंधा खुलेआम चल रहा है। दरियापुर, पयागीपुर, अमहट और गोलाघाट इलाके में होटल के अंदर बने केबिन और कमरों में न सिर्फ हुक्का और शराब पार्टी हो रही है बल्कि नाबालिग बच्चों को भी नशे की लत लगाई जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस प्रशासन को कई बार जानकारी देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का कहना है कि पुलिस की निष्क्रियता और मिलीभगत से अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं। हालात यह हैं कि शहर के हर बड़े चैराहे पर एक हुक्का बार मिल जाएगा। बताया जा रहा है कि पुलिस को बाकायदा हफ्ता दिया जाता है, जिससे यह कारोबार बिना रुकावट फल-फूल रहा है।



पूर्व में नगर थाना प्रभारी रहे राम आशीष उपाध्याय ने शास्त्री नगर स्थित एक हुक्का बार पर छापा मारकर संचालक को गिरफ्तार भी किया था। कुछ समय तक स्थिति नियंत्रित रही, लेकिन बाद में फिर से बड़े पैमाने पर होटल के अंदर यह धंधा शुरू हो गया। छापेमारी के दौरान कई युवक-युवतियों को हिरासत में भी लिया गया था, हालांकि बाद में उन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। होटलों में बने अलग-अलग केबिन और कमरों में प्रति घंटे के हिसाब से वसूली की जा रही है। इसके अलावा, हुक्का बार की आड़ में नशीले पदार्थों की सप्लाई और देह व्यापार की भी शिकायतें मिल रही हैं। इस पूरे मामले पर अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि ल्लऐसे मामलों की अभी कोई आधिकारिक शिकायत सामने नहीं आई है। फिर भी जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने पर होटल संचालकों पर कड़ी कार्रवाई होगी। शासन के निर्देशानुसार चेकिंग अभियान लगातार चलाए जाते हैं और भविष्य में भी यह अभियान जारी रहेगा। शहर में तेजी से फैल रहे इन अवैध हुक्का बार और उनसे जुड़े आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए आमजन में भारी आक्रोश है। लोगों की मांग है कि जिला प्रशासन और पुलिस तत्काल सख्त कार्रवाई करके युवाओं के भविष्य को बचाए।

# मां परमेश्वरी धाम का सौंदर्यीकरण कार्य संपन्न

**सुल्तानपुर।** विधायक विनोद सिंह के प्रयासों से प्रतापपुर महमूदपुर स्थित मां परमेश्वरी देवी धाम का सौंदर्यीकरण कार्य पूरा हो गया है। करीब एक करोड़ रुपये की लागत से संपन्न इस कार्य का आज विधायक ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विनोद सिंह ने कहा कि क्षेत्र का विकास और आपसी भाईचारा उनकी प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाएगा और जहां भी विकास कार्य लंबित हैं, उन्हें शासन–प्रशासन से मिलकर जल्द से जल्द पूरा करवाया जाएगा। विधायक ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों से संवाद करते हुए उनका हालचाल लिया और सभी से क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी मांगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र विकास की कड़ी से अधूरा नहीं रहेगा। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संतोष सिंह, कूरेभार ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नवनीत सिंह सोनू, कलखुरा प्रधान संगम सिंह, बीजेपी नेता डॉ. डी.एस. मिश्रा, गड़थौली प्रधान मोनू चतुर्वेदी, बहादुरपुर प्रधान विजय मिश्रा, अंबुज तिवारी रतापुर सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## पट खोलते ही दुर्गापूजा महोत्सव की हुई शुरुआत

**बल्दीराय/सुलतानपुर।** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के रैचा ग्रामपंचायत में स्थित भवानीगढ़ बाजार में सोमवार को मां दुर्गा जी की प्रतिमा का पट क्षेत्र के समाजसेवी मनोज सिंह (निर्मल सिंह) ने खोल कर दुर्गा पूजा महोत्सव की शुरुआत की। मुख्य अथिति श्री सिंह भव्य पंडाल का फीता काट कर उद्घाटन भी किया। क्षेत्र के प्रतिष्ठित समाजसेवी दिनेश मिश्रा ने माँ दुर्गा की प्रतिमा की नेत्र पटिका खोल कर आरती की पंडाल मे उपस्थित कृपा शंकर मिश्रा द्वारा सरस्वती माँ की आरती उतारी इसी के साथ पंडाल मे उपस्थित डॉ अजय पासी द्वारा माँ लक्ष्मी की प्रतिमा का नेत्र पटिका खोल कर मूर्ति का अनावरण किया गया अन्य अतिथियों द्वारा विभिन्न प्रतिमाओ की नेत्र पटिका खोली गयी। तत्पश्चात आरती के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। नव दुर्गा समिति के सदस्यों ने आये हुए अतिथियों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया साथ ही समिति सदस्यों द्वारा अतिथियों को चांदी के सिक्के उपहार स्वरुप भेट किये।

# चुनाव आयोग व भाजपा का गठजोड़ लोकतंत्र व संविधान के खतरा: अभिषेक सिंह राणा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुल्तानपुर। मंगलवार को कंाग्रेस के हस्ताक्षर अभियान की बैठक जनपद भदैया व दूबेपुर ब्लॉक में आयोजित की गई। पार्टी द्वारा आयोजित की गई बैठक में कंाग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा सहित जिले के अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। दूबेपुर ब्लॉक की बैठक को कंाग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने संबोधित करते हुए कहा कि देश में वोट चोरी के खिलाफ कंाग्रेस द्वारा चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान की मुहिम को गांव-गांव व हर बूथ तक पहुंचाने की हर एक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। इस मुहिम से देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग और भाजपा का गठजोड़ लोकतंत्र और संविधान के लिए सबसे बड़ा खतरा है। वोट चोरी के सच को गांव गांव जाकर हर एक नागरिक को बताएं जिससे देश में हो रही बड़े पैमाने पर वोट चोरी को रोका जा सके और देश में निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया बहाल हो सके। वहीं बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों से अभियान के तहत हस्ताक्षर करवाए गए, तथा गांव स्तर के प्रत्येक बूथ तक हस्ताक्षर एवं आमजन को वोट चोरी के बारे में जागरूक करने की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई। इस मौके पर वरिष्ठ नेता हरीश त्रिपाठी सुरेश चंद्र मिश्रा अतिउल्लाह अंसारी जमीदार यादव शीतला प्रसाद तिवारी रामचंद्र कोरी फजल रिजवी हृदय राम चैहान सम्राट तिवारी सियाराम तिवारी जनेश्वर उपाध्याय रामकिशोर मिश्र जनार्दन सिंह जटाशंकर तिवारी कक्कू तिवारी सुरेश वर्मा सियाराम वर्मा आदि लोगों उपस्थित रहे। राहुल गांधी के विचारों से प्रभावित होकर उस्मान खान बब्लू ने अपने समर्थकों के साथ कंाग्रेस का दामन थामा।

# ट्रैक में पैर फंसने से युवक का पैर कटा, ऊपर से गुजर गई ट्रेन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुल्तानपुर। जिले के लखनऊ नाका रेलवे क्रॉसिंग के पास हुए दर्दनाक हादसे ने लोगों को दहला दिया। लघु शंका करने गए युवक का पैर अचानक ट्रैक पर फंस गया। बचने की कोशिश में वह पटरी पर लेट गया और तभी ऊपर से ट्रेन गुज़र गई। हादसे में उसका एक पैर कट गया और वह बेसुध हालत में ट्रैक पर पड़ा रहा। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवक ट्रैक किनारे गया था, तभी उसका पैर अचानक रेल की पटरियों में फंस गया। इस बीच ट्रेन आते देख उसने खुद को बचाने के लिए ट्रैक पर लेटने की कोशिश की, लेकिन हादसा टल न सका। ट्रेन युवक के ऊपर से निकल गई और उसका एक पैर कटकर अलग हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना रेलवे पुलिस को दी।




स्थानीय लोगों का कहना है कि इस क्रॉसिंग पर हादसे लगातार बढ़ते जा रहे हैं। पहले यहां रेलवे जवानों की ड्यूटी रहती थी,लेकिन अब उसे हटा लिया गया है। लापरवाही का ही नतीजा है कि आए दिन कोई न कोई हादसा हो रहा है।

गौरतलब है कि पिछले वर्ष इसी स्थान पर ट्रेन का एक इंजन पलट गया था। उस घटना के बाद कुछ दिनों तक पुलिस तैनात रही परंतु उसके बाद सुरक्षा व्यवस्था फिर ढीली पड़ गई। आज भी क्षतिग्रस्त इंजन ट्रैक किनारे खड़ा है,जो कि उस भयावह हादसे की याद दिलाता है। स्थानीय यात्रियों का कहना है कि रेलवे प्रशासन को यहां सुरक्षा के ठोस इंतजाम करने चाहिए। समय रहते यदि निगरानी बढ़ाई जाती, तो इस तरह की घटनाओं को रोका जा सकता है।

# स्वस्थ नारी से ही सशक्त परिवार और समाज का निर्माण : डीएम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी। नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिये समर्पित मिशन शक्ति अभियान के तहत शारदीय नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी संजय चौहान एवं मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने दीप प्रज्वलित कर किया एवं कन्याओं का पूजन कर उन्हें प्रसाद वितरण एवं उपहार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल चतुर्वेदी, उपजिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी, उपजिलाधिकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव ने देवी स्वरूप इक्यावन कन्याओं को चंदन लगाया



उन्हें चुनरी ओढ़ाई और उन्हें स्टेशनरी किट, कैडबरी सेलिब्रेशन चॉकलेट, फल व भोजन प्रसाद के रूप में भेंट किया साथ ही सभी अधिकारियों ने कन्याओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के उपरांत कन्याओं को कलेक्ट्रेट परिसर का भ्रमण भी कराया गया।डीएम संजय चौहान ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जनपद में निरंतर जागरूकता और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नारी से ही सशक्त परिवार और समाज का निर्माण संभव है। प्रदेश सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए संकल्पित है। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, जिनमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति, वन स्टॉप सेंटर, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि प्रमुख रहीं।

# ई डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट के तहत अमेठी के समस्त एसडीएम को मिला लैपटॉप

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी। ई गवर्नेंस को बढ़ावा देने और प्रशासनिक कार्यों को अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से ई डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट के तहत जिलाधिकारी संजय चौहान ने जनपद की चारों तहसीलों गौरीगंज, अमेठी, मुसाफिरखाना और तिलोई के उपजिलाधिकारियों को लैपटॉप प्रदान किया। लैपटॉप मिलने से न केवल कार्यालय सम्बंधी कार्यों को सुगमता से सम्पन्न किया जा सकेगा, बल्कि जनसामान्य की समस्याओं का निस्तारण भी अधिक गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध ढंग से किया जा सकेगा। इसके माध्यम से ई ऑफिस पर कार्य करना और पत्रावलियों का डिजिटल रखरखाव सरल होगा। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जा सकेगा, न्यायालय संबंधी कार्यवाही और वर्चुअल मीटिंग्स में भाग लेना आसान होगा। शासन द्वारा पत्राचार एवं दस्तावेजों को अब डिजिटल माध्यम से भेजने की प्रक्रिया और अधिक सुचारु रूप से संचालित हो सकेगी।जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि ई-डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट शासन की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य आम जनता को त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराना है। लैपटॉप मिलने से प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी और आमजन की शिकायतों के निस्तारण में और अधिक दक्षता आयेगी। यह पहल न केवल 'डिजिटल इंडिया' के लक्ष्य को साकार करेगी बल्कि शासन और जनता के बीच विश्वास एवं पारदर्शिता भी बढ़ायेगी। शासन की मंशा है कि तकनीकी साधनों का उपयोग करके प्रशासन को पेपरलेस, फास्ट और अधिक पारदर्शी बनाया जाए। ई डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट के अंतर्गत विभिन्न सेवाओं को ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर लाने, शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण और न्यायालयीन कार्यवाही को सरल एवं प्रभावी बनाने पर विशेष बल दिया जा रहा है।

## सम्पादकीय

# गिरफ्तारी पर सवाल

हाल ही में लेह में हिंसा का घटनाक्रम दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा। लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की आजादी तो है लेकिन अराजक होने की अनुमति नहीं दी जा सकती। लेकिन सत्ताधीशों को प्रतिरोध व बेचौनी के निहितार्थों को संवेदनशील ढंग से समझना चाहिए। लद्दाख में जनाक्रोश के कारण समझे जाने चाहिए। कहीं न कहीं लोगों को केंद्रशासित प्रदेश बनने के बाद की आकांक्षाएं फलीभूत होती नजर नहीं आयी। उन्हें लगा कि उनकी भूमि व संसाधन बाहरी दबाव में आ सकते हैं। यही डर है जिसकी वजह से लोग संवैधानिक सुरक्षा की मांग छठी अनुसूची के रूप में करते रहे हैं। पर्यावरणविद् और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक लगातार चेताते भी रहे हैं कि अस्मिता की अनदेखी असंतोष को गहरा सकती है। इसको लेकर केंद्र से वांगचुक की अगुवाई में कई दौर की बातचीत भी हुई। कहीं न कहीं अगस्त 2019 में केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद किए वायदों को लेकर छह साल बाद लोगों का सब्र जवाब देने लगा। वांगचुक इस मुद्दे पर लंबे समय से आंदोलन करते रहे हैं। बीते साल मार्च में वह 21 दिनों के अनशन पर बैठे थे। दिल्ली पदयात्रा के दौरान भी उन्होंने अनशन किया था। उनका आंदोलन अहिंसक ही रहा है। केंद्र से कई मुद्दों पर मतैक्य न होने के बावजूद वे बातचीत के हामी रहे हैं। लेकिन हालिया हिंसा के बाद उनकी गिरफ्तारी को लेकर देश में विपक्षी दलों व जन आंदोलनों से जुड़े लोगों ने सवाल उठाये हैं। उनका मानना है कि लद्दाख के लोगों की चिंताओं पर संवेदनशील ढंग से विचार हो। दरअसल, वांगचुक और लद्दाख के लोगों की चिंता रही है कि यदि शासन में उनकी भागीदारी न रही तो लद्दाख के प्राकृतिक संसाधनों का गलत तरीके से उपयोग हो सकता है। दरअसल, वांगचुक उस छठी अनुसूची के क्रियान्वयन की मांग करते रहे हैं, जिसमें स्वशासन व स्वायत्तता निहित है। पूर्वोत्तर के कई जनजातीय बहुल राज्यों को इसके अंतर्गत संरक्षण मिला हुआ है। सर्वविदित है कि वांगचुक रचनात्मक, सामाजिक अभियानों व पर्यावरण अभियानों से जुड़े रहे हैं। उनके कृत्रिम ग्लेशियर बनाने के प्रयासों की पूरी दुनिया में चर्चा हुई है। उनके कार्यों की लोकप्रियता का आलम ये रहा है कि उनके रचनात्मक विचारों व शिक्षा पद्धति पर आधारित फिल्म 'थ्री इडियट' देश में हिट रही। निश्चित ही सख्त धाराओं में उनकी गिरफ्तारी का देश-दुनिया में अच्छा संदेश नहीं जाएगा। इस आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता कि उनके आंदोलन व जनाक्रोश का लाभ सियासी रस्साकशी में लगे लोगों ने उठाया हो। वक्त की जरूरत है कि आंदोलन में शामिल संगठनों को बातचीत की मेज पर लाया जाए। जिससे कारगिल की अस्मिता से जुड़े संवेदनशील मुद्दों को संबोधित किया जा सके। लोकतंत्र में मांगों के समर्थन में जनआंदोलन उसकी खूबसूरती भी है। जिसको लेकर सत्ताधीशों को उदारता अपनानी चाहिए। हमारा स्वतंत्रता संग्राम ऐसे आंदोलनों से ही सशक्त हुआ था। हमें ध्यान रखना चाहिए कि लद्दाख महज एक चुनावी क्षेत्र नहीं है, पाक-चीन सीमा से सटा यह इलाका सामरिक व सांस्कृतिक दृष्टि से भी संवदेनशील है। यह बात दिल्ली तक सुनी जानी चाहिए।

> लद्दाख में जनाक्रोश के कारण समझे जाने चाहिए। कहीं न कहीं लोगों को केंद्रशासित प्रदेश बनने के बाद की आकांक्षाएं फलीभूत होती नजर नहीं आयी। उन्हें लगा कि उनकी भूमि व संसाधन बाहरी दबाव में आ सकते हैं। यही डर है जिसकी वजह से लोग संवैधानिक सुरक्षा की मांग छठी अनुसूची के रूप में करते रहे हैं। पर्यावरणविद् और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक लगातार चेताते भी रहे हैं कि अस्मिता की अनदेखी असंतोष को गहरा सकती है।

# बुजुर्गों के प्रति हृदय में हर पल हो सम्मान का भाव

**अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर विशेष**

> भारतीय समाज में संयुक्त परिवार को हमेशा से अहमियत दी गई है लेकिन आज के बदलते परिवेश में छोटे और एकल परिवार की चाहत में संयुक्त परिवार की अवधारणा खत्म होती जा रही है। यही कारण है कि लोग अपने बुजुर्गों से दूर होते जा रहे हैं और नई पीढ़ी दादा-दादी, नाना-नानी के प्यार से वंचित होती जा रही है। एकल परिवार के बढ़ते चलन के कारण ही परिवारों में बुजुर्गों की उपेक्षा होने लगी है। न चाहते हुए भी बुजुर्ग अकेले रहने को मजबूर हैं। इसका एक गंभीर परिणाम यह देखने को मिला है कि बुजुर्गों के प्रति अपराध भी तेजी से बढ़े हैं। शहरों-महानगरों में आए दिन बुजुर्गों को निशाना बनाए जाने की खबरें दहला देती हैं। दूसरा गंभीर परिणाम यह कि बच्चों को बड़े-बुजुर्गों का सानिध्य नहीं मिलने के कारण उनके जीवन पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। एक सर्वे के अनुसार दादा-दादी या नाना-नानी के साथ रहने वाले बच्चों का विकास अकेले रहने वाले बच्चों की तुलना में कहीं ज्यादा अच्छा और मजबूत होता है और ऐसे बच्चों में आत्मविश्वास भी अधिक देखने को मिला है। आज पति-पत्नी दोनों ही कामकाजी हैं, ऐसे में बच्चे घर में अकेले रहते हैं और कम उम्र में ही उनमें अवसाद जैसी समस्याएं पनपने लगती हैं। वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार ने हालांकि वर्ष 1999 में एक राष्ट्रीय नीति बनाई थी तथा उससे पहले वर्ष 2007 में माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण विधेयक भी संसद में पारित किया गया था, जिसमें माता-पिता के भरण-पोषण, वृद्धाश्रमों की स्थापना, चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था और वरिष्ठ नागरिकों के जीवन और सम्पत्ति की सुरक्षा का प्रावधान था लेकिन इसके बावजूद देशभर में वृद्धाश्रमों में बढ़ती संख्या इस तथ्य को इंगित करती है कि भारतीय समाज में वृद्धों को उपेक्षित किया जा रहा है। कुछ समय पहले 96 देशों में कराए गए एक सर्वे के बाद 'ग्लोबल एज वॉच इंडेक्स' जारी किया गया था। उस सूचकांक के मुताबिक करीब 44 फीसदी बुजुर्गों का मानना था कि उनके साथ सार्वजनिक स्थानों पर दुर्व्यवहार किया जाता है जबकि 53 फीसदी बुजुर्गों का कहना था कि समाज उनके साथ भेदभाव करता है।

भारतीय संस्कृति में सदा से बड़ों के आदर-सम्मान की परम्परा रही है लेकिन आज दुनिया के अन्य देशों सहित हमारे देश में भी वृद्धजनों पर बढ़ते अत्याचारों की खबरें समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई हैं। अधिकांश परिवारों में वृद्ध जिस तरह की उपेक्षा झेलने को मजबूर हैं, उससे ज्यादा पीड़ादायक और क्या हो सकता है। समृद्ध परिवार होने के बावजूद घर के बुजुर्ग वृद्धाश्रमों में जीवनयापन करने को विवश हैं। बहुत से मामलों में बच्चे ही उन्हें बोझ मानकर वृद्धाश्रमों में छोड़ आते देते हैं। हालांकि यह उम्र का ऐसा पड़ाव होता है, जब उन्हें परिजनों के अपनेपन, प्यार और सम्मान की सर्वाधिक जरूरत होती है। एक व्यक्ति जिस घर-परिवार को बनाने में अपनी पूरी जिंदगी खपा देता है, वृद्धावस्था में जब उसी घर में उसे अवांछित वस्तु के रूप में देखा जाने लगता है तो लगता है जैसे उस घर में रहने वालों की इंसानियत और उनके संस्कार मर चुके हैं। विश्वभर में ऐसे हालात को देखते हुए ही वृद्धजनों के लिए कुछ कल्याणकारी कदम उठाने की जरूरत महसूस हुई थी। इसीलिए वर्ष 1982 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने 'वृद्धावस्था को सुखी बनाइए' जैसा नारा देते हुए 'सबके लिए स्वास्थ्य' अभियान का शुरू किया था। वृद्धों के साथ होने वाले अन्याय, उपेक्षा और दुर्व्यवहार पर लगाम लगाने और वृद्धजनों के प्रति उदारता व उनकी देखभाल की जिम्मेदारी के अलावा उनकी समस्याओं के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र ने 14 दिसंबर 1990 को निर्णय लिया कि प्रतिवर्ष एक अक्तूबर का दिन दुनियाभर में 'अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र की इस पहल के बाद एक अक्तूबर 1991 को पहली बार यह दिवस मनाया गया, जिसे 'अंतरराष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस' के नाम से भी जाना जाता है। बुजुर्गों के प्रति वैसे तो सभी के हृदय में हर पल, हर दिन सम्मान का भाव होना चाहिए लेकिन दिल में छिपे इस सम्मान को व्यक्त करने के लिए औपचारिक तौर पर यह दिन निश्चित किया गया। 1991 में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की शुरूआत के बाद वर्ष 1999 को पहली बार 'बुजुर्ग वर्ष' के रूप में भी मनाया गया था। इस वर्ष 'अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस' 'स्थानीय और वैश्विक कार्रवाई को आगे बढ़ाने वाले वृद्धजन : हमारी आकांक्षाएं, हमारा कल्याण, हमारे अधिकार' विषय के साथ मनाया जा रहा है। यह विषय लचीले और समतामूलक समाजों के निर्माण, अंतर-पीढ़ीगत एकजुटता को बढ़ावा देने तथा वृद्ध लोगों के अधिकारों और कल्याण को नीति और कार्रवाई का केंद्र बनाने में वृद्धों की परिवर्तनकारी भूमिका पर जोर देता है। भारतीय समाज में संयुक्त परिवार को हमेशा से अहमियत दी गई है लेकिन आज के बदलते परिवेश में छोटे और एकल परिवार की चाहत में संयुक्त परिवार की अवधारणा खत्म होती जा रही है। यही कारण है कि लोग अपने बुजुर्गों से दूर होते जा रहे हैं और नई पीढ़ी दादा-दादी, नाना-नानी के प्यार से वंचित होती जा रही है। एकल परिवार के बढ़ते चलन के कारण ही परिवारों में बुजुर्गों की उपेक्षा होने लगी है। न चाहते हुए भी बुजुर्ग अकेले रहने को मजबूर हैं। इसका एक गंभीर परिणाम यह देखने को मिला है कि बुजुर्गों के प्रति अपराध भी तेजी से बढ़े हैं। शहरों-महानगरों में आए दिन बुजुर्गों को निशाना बनाए जाने की खबरें दहला देती हैं। दूसरा गंभीर परिणाम यह कि बच्चों को बड़े-बुजुर्गों का सानिध्य नहीं मिलने के कारण उनके जीवन पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। एक सर्वे के अनुसार दादा-दादी या नाना-नानी के साथ रहने वाले बच्चों का विकास अकेले रहने वाले बच्चों की तुलना में कहीं ज्यादा अच्छा और मजबूत होता है और ऐसे बच्चों में आत्मविश्वास भी अधिक देखने को मिला है। आज पति-पत्नी दोनों ही कामकाजी हैं, ऐसे में बच्चे घर में अकेले रहते हैं और कम उम्र में ही उनमें अवसाद जैसी समस्याएं पनपने लगती हैं। वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार ने हालांकि वर्ष 1999 में एक राष्ट्रीय नीति बनाई थी तथा उससे पहले वर्ष 2007 में माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण विधेयक भी संसद में पारित किया गया था, जिसमें माता-पिता के भरण-पोषण, वृद्धाश्रमों की स्थापना, चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था और वरिष्ठ नागरिकों के जीवन और सम्पत्ति की सुरक्षा का प्रावधान था लेकिन इसके बावजूद देशभर में वृद्धाश्रमों में बढ़ती संख्या इस तथ्य को इंगित करती है कि भारतीय समाज में वृद्धों को उपेक्षित किया जा रहा है। कुछ समय पहले 96 देशों में कराए गए एक सर्वे के बाद 'ग्लोबल एज वॉच इंडेक्स' जारी किया गया था। उस सूचकांक के मुताबिक करीब 44 फीसदी बुजुर्गों का मानना था कि उनके साथ सार्वजनिक स्थानों पर दुर्व्यवहार किया जाता है जबकि 53 फीसदी बुजुर्गों का कहना था कि समाज उनके साथ भेदभाव करता है। भारतीय संस्कृति में जन्म देने वाली मां और पालन करने वाले पिता का स्थान ईश्वर से भी ऊंचा माना गया है। सदियों से मान्यता रही है कि जिन घरों में बुजुर्गों का सम्मान होता है, वे तीर्थस्थल से कम नहीं होते। ऐसे में वृद्धों के उत्पीड़न और उपेक्षा की घटनाएं बढ़ना गंभीर संकट का संकेत है। दरअसल वृद्धावस्था हर व्यक्ति के जीवन का एक पड़ाव है। यदि आज हम अपने बुजुर्गों की उपेक्षा करते हैं तो आने वाले समय में हमें भी अपने बच्चों से कोई अच्छी उम्मीदें नहीं रखनी चाहिए। वृद्धावस्था में बुजुर्ग शारीरिक रूप से शिथिल भी हो जाएं तो परिजनों का कर्त्तव्य है कि पूरे सम्मान के साथ उनका ध्यान रखा जाए। वृद्धावस्था में शारीरिक स्थिति में बदलव आना सामान्य बात है। बुजुर्गों में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, याद्दाश्त कमजोर पड़ने, भूलने जैसी समस्याएं आमतौर पर देखी जाती हैं लेकिन दवाओं के साथ-साथ परिजनों के अच्छे व्यवहार की मदद से ऐसी समस्याओं को कम करने में मदद मिल सकती है। आर्थिक समस्या से जूझते वृद्धों के लिए लगभग सभी पश्चिमी देशों में पर्याप्त पेंशन की व्यवस्था है। भारत में भी वृद्धावस्था पेंशन की सुविधा है लेकिन उनके सामने स्वास्थ्य समस्याओं के अलावा अकेलेपन की जो समस्या है, उसका इलाज नहीं है। यह अकेलापन वृद्धजनों को भीतर ही भीतर सालता रहता है। हालांकि 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी वर्गों के लोगों को आयुष्मान भारत योजना में शामिल करने का निर्णय निश्चित रूप से वृद्धजनों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाएगा और इससे देश में करीब साढ़े चार करोड़ पर्र?वारों को लाभ होने की उम्?मीद है लेकिन बुजुर्गों के मामले में कई बार चिंताजनक स्थिति यह होती है कि बीमारी के समय में भी सांत्वना देने वाला उनका कोई अपना उनके पास नहीं होता। हालांकि आज कुछ ऐसी संस्थाएं हैं, जो एकाकी जीवन व्यतीत कर रहे वृद्धों के लिए निःस्वार्थ भाव से काम कर रही हैं लेकिन ये संस्थाएं भी अपनों की महसूस होती कमी की भरपाई तो नहीं कर सकती। बहरहाल, वृद्धजनों को अपने परिवार में भरपूर मान-सम्मान मिले, इसके लिए सामाजिक जागरूकता जैसी पहल की सख्त दरकार है ताकि वृद्धों के प्रति परिजनों की सोच सकारात्मक होने से बुजुर्गों के लिए वृद्धाश्रम जैसे स्थानों की समाज में आवश्यकता ही महसूस नहीं हो। **-योगेश कुमार गोयल**

# संयुक्त परिवारों का स्वर्ण युग

**विजय गर्ग**

> संयुक्त परिवारों का अस्तित्व का काल समाज का स्वर्णिम काल था, क्योंकि संयुक्त परिवार की संरचना एक लघु-संगठन की तरह थी, जिसमें पंद्रह से बीस परिवार के सदस्य एक साथ रहते थे। परिवार में सबसे बड़ा बुजुर्ग साहूकार या चौधरी की भूमिका निभाता था। उनके पहनावे के साथ-साथ, बापू का खुंडा एक सामाजिक प्रतीक था।

मानव जीवन के तीन चरण होते हैं। प्राचीन काल में, संयुक्त परिवारों में बुजुर्ग, पति/पत्नी, उनके बच्चे, मामा/मामी, उनके बच्चे, पोते-पोतियाँ, परपोते-परपोतियाँ आदि होते थे, अर्थात चार पीढ़ियाँ, परिवार की चार इकाइयाँ एक ही छत के नीचे रहती थीं। ऐसे परिवारों को संयुक्त परिवार कहा जाता है। संयुक्त परिवारों का अस्तित्व का काल समाज का स्वर्णिम काल था, क्योंकि संयुक्त परिवार की संरचना एक लघु-संगठन की तरह थी, जिसमें पंद्रह से बीस परिवार के सदस्य एक साथ रहते थे। परिवार में सबसे बड़ा बुजुर्ग साहूकार या चौधरी की भूमिका निभाता था। उनके पहनावे के साथ-साथ, बापू का खुंडा एक सामाजिक प्रतीक था। परिवार में सबसे बड़ी बेटी को एक जिम्मेदार और सम्मानजनक स्थान प्राप्त था। बाकी सदस्य उन दोनों का सम्मान करते थे। वे उन पर विश्वास करते थे। संयुक्त परिवारों में शिष्टाचार और अच्छे व्यवहार की प्रधानता थी। परिवार में रिश्तों का सम्मान और गर्मजोशी उचित तरीके से देखी जाती थी। रिश्ते प्राकृतिक होते थे, भौतिकवादी नहीं। संयुक्त परिवारों में बच्चे दादा-दादी की देखरेख में होते थे। और वे परिवार के बाकी सदस्यों के प्यार और स्नेह से पले-बढ़े। जैसा कि कहावत है, 'ब्याज धन से ज़्यादा कीमती होता है।' बच्चों का पालन-पोषण उनके दादा-दादी ने प्यार से किया। बच्चों को बड़ों की गोद और लोरियों की गर्माहट का आनंद मिला। संयुक्त परिवारों में उन्होंने अपने बड़ों से स्वाभाविक शिक्षा, अच्छी आदतें, नैतिक मूल्य, भाईचारा, सहनशीलता, संस्कृति, धैर्य, संतोष, संयम और जीवन भर की गतिविधियाँ सीखीं। संयुक्त परिवार बच्चों और युवाओं के लिए अनौपचारिक शिक्षा प्राप्त करने के स्कूल थे। संयुक्त परिवारों के अस्तित्व के दौरान, परिवारों का मुख्य व्यवसाय कृषि और पशुपालन था। स्कूली शिक्षा का व्यापक प्रसार नहीं था। परिवार के सदस्य एक-दूसरे के काम में साथ-साथ काम करते थे। वे सब मिलकर, धैर्य, संतोष और संयम के साथ अपना-अपना काम करते हुए, परिवार को आर्थिक रूप से मजबूत बनाते थे। महिलाएँ साझी रसोई में मिलकर खाना बनातीं और सबसे बड़ी बेटी खाना परोसती, और परिवार के किसी भी सदस्य के बीच कोई भेदभाव नहीं किया जाता था। संयुक्त परिवारों में, बड़ों के सानिध्य में बच्चों का पालन-पोषण उनके जीवन में एक सुखद रंग भर देता था। आज संयुक्त परिवार टूट गए हैं। भौतिकवादी युग और आवश्यकताओं की अधिकता के कारण एकल परिवार अस्तित्व में आ गए हैं। परिवार सिकुड़ रहे हैं। एकल परिवारों में भी टूटने का खतरा मंडरा रहा है। बच्चे कम उम्र में ही विदेश जा रहे हैं। बुजुर्ग माता-पिता इधर-उधर अकेलेपन का दंश झेल रहे हैं। परिवारों में भी बुजुर्गों को बोझ समझा जाने लगा है। बुजुर्गों को वृद्धाश्रमों में धकेला जा रहा है। संवेदनशीलता कम हो गई है। समय के बदलाव के साथ बहुत कुछ बदल गया है। संयुक्त परिवारों के ज़माने को याद करके, बुजुर्ग एक-दूसरे से बातें करके शांति पाते हैं। जो समय बचता है, वह है अच्छे समय की अच्छी यादों को ताज़ा करके। वे खर्च कर रहे हैं।

## सेहत मंत्र

# मुट्ठीभर भीगे चने दूर करेंगे यूरीन प्रॉब्लम, कई और फायदे

काले चने, बादाम जैसे महंगे ड्राइफ्रूट्स से भी ज्यादा फायदेमंद होते हैं। इसमें प्रोटीन, फाइबर, मिनरल, विटामिन और आयरन भरपूर मात्रा में होता है जो प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने में मददगार है। सुबह खाली पेट भीगे हुए चने खाने से कई तरह की हेल्थ प्रॉबल्मस से छुटकारा पाना आसान हो जाता है। जानें किस तरीके से खाएं भीगे हुए चने। चने खाने का सही तरीका- मुट्ठी भर चने तो मिट्टी या चीनी के बर्तन में डालकर भिगोएं। रात भर इन्हें इसी तरह रखें और सुबह खाली इन्हें पानी से निकाल कर चबा-चबा कर खाएं। 1. कब्ज से राहत- भीगे हुए चने में ढेर सारे फाइबर्स होते हैं जो पाचन क्रिया दुरुस्त करके पेट साफ करने में मददगार है। इसे खाने से कब्ज जैसी परेशानी आसानी से दूर हो जाती है। 2. भरपूर एनर्जी-यह एनर्जी का बहुत अच्छा स्त्रोत है। रोजाना इसका सेवन करने से शारीरिक कमजोरी दूर होने लगती है। 3. मर्दानगी बढ़ाए- वैसे तो भीगे चने कोई भी खा सकता है लेकिन पुरुषों के लिए यह ज्यादा फायदेमंद हैं। 1 चम्मच शक्कर के साथ मुट्ठी भर भीगे चने खाने से मर्दानगी संबंधी कमजोरी दूर होती है। 4. फर्टिलिटी में सुधार- सुबह भीगे हुए चने के साथ शहद का सेवन करने से फर्टिलिटी में सुधार होता है। 5. यूरिन प्रॉब्लम दूर- बार-बार यूरिन जाने की परेशानी होती है तो भीगे चने के साथ गुड़ का सेवन करने से फायदा मिलता है। 6. वजन बढ़ाए- बॉडी मास में सुधार लाना चाहते हैं तो भीगे चने का सेवन बेस्ट है। इसे रोजाना खाने से मसल्स स्ट्रांग होने लगती हैं। 7. किडनी की बीमारियां दूर- जिन लोगों को किडनी से जुड़ी परेशानियां है उनके लिए चने का सेवन बहुत फायदेमंद है। चने किडनी से एकस्ट्रा साल्ट निकालने में मददगार है। जिससे किडनी स्वस्थ रहती है। 8. सर्दी-जुकाम से बचाव-इसे खाने से प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है जिससे सर्दी-जुकाम जैसी छोटी-मोटी परेशानियों से बचाव रहती है।

## धर्म मंत्र

# काशी के पिशाच मोचन कुंड पर त्रिपिंडी श्राद्ध करने से पितरों को मिलती है व्याधियों से मुक्ति

काशी को मोक्ष की नगरी कही जाती है। ऐसी मान्यता है कि यहीं से भगवान शिव ने सृष्टि रचना का प्रारम्भ किया था । कहते हैं यहां जो इंसान अंतिम सांस लेता है उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है इसीलिए कई लोग अपने अंतिम समय में काशी में ही आकर बस जाते हैं। मोक्ष नगरी काशी में चेतगंज थाने के पास पिशाच मोचन कुंड है। ऐसी मान्यता है कि यहां त्रिपिंडी श्राद्ध करने से पितरों को प्रेत बाधा और अकाल मृत्यु से मरने के बाद व्याधियों से मुक्ति मिल जाती है। इसीलिये पितृ पक्ष के दिनों पिशाच मोचन कुंड पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ती है। श्राद्ध की इस विधि और पिशाच मोचन तीर्थस्थली का वर्णन गरुण पुराण में भी मिलता है। **देश में सिर्फ इस कुंड पर ही होता है त्रिपिंडी श्राद्ध-** भारत में सिर्फ पिशाच मोचन कुंड पर ही त्रिपिंडी श्राद्ध होता है, जो पितरों को प्रेत बाधा और अकाल मृत्यु की बाधाओं से मुक्ति दिलाता है। इस कुंड के बारे में गरुड़ पुराण में भी बताया गया है। काशी खंड की मान्यता के अनुसार पिशाच मोचन मोक्ष तीर्थ स्थल की उत्पत्ति गंगा के धरती पर आने से भी पहले से है। **हजारों साल पुराना है कुंड-** वाराणसी के पिशाच मोचन कुंड में ये मान्यता है कि हजार साल पुराने इस कुंड किनारे बैठ कर अपने पितरों जिनकी आत्माए असंतुष्ट हैं उनके लिए यहा पितृ पक्ष में आकर कर्म कांडी ब्राम्हण से पूजा करवाने से मृतक को प्रेत योनियों से मुक्ति मिल जाती है। **पीपल के पेड़ पर बैठती हैं आत्माएं-** मान्यता के अनुसार यहां कुंड़ के पास एक पीपल का पेड़ है जिसको लेकर मान्यता है कि इस पर अतृप्त आत्माओं को बैठाया जाता है।

## पर्यटन



# थाईलैंड में सबसे ज्यादा घूमना पसंद करते हैं भारतीय

लॉग वीकेंड हो या एक-दो दिन की छुट्टी ज्यादातर भारतीय विदेशी कंट्री में जाना ही पसंद करते है खासकर थाईलैंड। भारत में खूबसूरत ट्रैवलिंग प्लेस होने के बावजूद भी भारतीयों को सबसे अधिक थाईलैंड पसंद आता है। आज हम आपको बताएंगे की आखिर क्यों भारत के लोगों को थाईलैंड जाना इतना अच्छा लगता है। 1. थाईलैंड की दूरी है कम- ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, यूके और यूरोप के मुकाबले थाईलैंड भारतीय लोगों को ज्यादा पास पड़ता है। इतना ही नहीं, भारतीय लोगों को थाईलैंड का ट्रिप सस्ता भी पड़ता है और वह आराम से यहां सफर कर पाते हैं। 2. सेल्फीज के लिए है बेस्ट जगह- अन्य देश के लोगों के मुकाबले भारतीय सेल्फीज लेने के ज्यादा शौकीन होते हैं। ऐसे में थाईलैंड की प्लेस सेल्फीज के लिए बेस्ट ऑप्शन है। यहां के खूबसूरत बीचों के अलावा ऐसी बहुत-सी जगहें है जहां सेल्फी बहुत अच्छी आती हैं। 3. छुट्टी के लिए बेस्ट ऑप्शन- थाईलैंड में ऐसी कई जगहें है जहां आप अपनी छुट्टियों का भरपूर मजा ले सकते हैं। यहां रोमांचक प्लेस, नाइटलाइफ, मनोरंजन, कला और संस्कृति का खजाना है, जोकि छुट्टियों को मजेदार बना देते हैं। चारो ओर से कई खूबसूरत नजारें और बीचेस से घिरे इस शहर में घूमने के लिए भारतीय बार-बार आते हैं। 4. थाईलैंड के समुद्री बीच- देखा जाए तो भारत की ज्यादातर ट्रैवलिंग स्टेट्स में बीच नहीं है, जिसके कारण लोगों को गोवा जाना पड़ता है। मगर थाईलैंड में बीचेस की इतनी ऑप्शन है कि लोग बार-बार जाकर भी बोर नहीं होते। भारतीय लोगों के लिए विदेशी शहर में थाईलैंड सबसे अच्छा विकल्प माना जाता है। 5. थाई मसाज और 4डी मूवी को करें एंजॉय-थाई मसाज और 4डी मूवी थिएटर के कारण भी थाईलैंड भारतीय की लिस्ट में सबसे ऊपर है। यहां की थाई मसाज लेकर वह अपनी सारी थकान भूल जाते हैं। इतना ही नहीं, यहां के शानदार थिएटर्स में फिल्म देखने का भी अपना ही मजा है।

# दुर्गा पूजा पंडाल में आयोजित हुआ भव्य कवि सम्मेलन, रात भर जमे रहे श्रोता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मसौली बाराबंकी। ग्राम डेढुआ में स्थित दुर्गा पूजा स्थल हरिदास बाबा के स्थान पर सोमवार को विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे समस्त कवियों को अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया।

वीरेंद्र विक्रम बहादुर सिंह उर्फ़ दद्दू भैया की अध्यक्षता मे आयोजित कवि सम्मेलन की शुरुआत डॉ कुमार पुष्पेंद्र की वाणी वंदना से हुई। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे सब इंस्पेक्टर थाना मसौली राकेश कुमार ने कहा कि कवि सम्मेलन एक स्वस्थ मनोरंजन का माध्यम है जिसमें मनोरंजन के साथ संस्कार भी प्राप्त होते हैं। हास्य कवि अजय प्रधान ने पढ़ा पूजा करो, नमाज पढ़ो, गुरुद्वारे, चर्च में जाओ पर। जब भी घर से निकलो, छूना मां के पांव जरूरी है ।

हास्य व्यंग्य के कवि प्रदीप महाजन ने कुछ इस तरह व्यंग्य किया कि बच्चों को मिले शुद्ध दूध इसलिए मित्रों,अध्यापकों को भैंस भी अब पालनी होगी। ओज के प्रसिद्ध कवि शिव कुमार व्यास ने पढ़ा कि नाक रगड़ो तुम पाक से हिन्दुस्तान तक,कश्मीर की इंच भर माटी नहीं देंगे ।

डॉ अम्बरीष अंबर ने पढ़ा कि स्वरों में धार आए तो धरा की शान बन जाए,कभी जयगीत बन जाए कभी जयगान बन जाए। हमारी कल्पना की तूलिका से रंग जब निकले, धरा अम्बर के बीचोबीच हिंदुस्तान बन जाए। डा कुमार पुष्पेन्द्र ने पढ़ा होइगे पढ़ि लिखि कै उई गंवार, खेवैया नैया पार कै देह्यो । ओज कवि राज कुमार सोनी ने पढ़ा कि लिया है जन्म भारत में करो सम्मान भारत का, करो यशगान भारत का करो जयगान भारत का। डा आलोक शुक्ल ने पढ़ा किशबरी गीध जटायू को तुम अपना मीत बनाते।

पत्थर पर लिख राम राम नल नील रहे तैराते। इस अवसर पर राम नरेश यादव,शरद यादव,प्रताप लोधी,श्रवण यादव,सुधीर यादव,श्याम लाल लोधी,ऊदल महराज,ओमप्रकाश लोधी,सतीश गुप्ता, श्रवण कुमार लोधी आदि उपस्थित रहे।

# अफवाहों से सावधान, उल्हास पूर्वक मनाए त्यौहार : सुश्री गरिमा पंत

## डीएसपी ने आमजन से की अपील शांति बनाए रखे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मसौली बाराबंकी। क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पंथ की अध्यक्षता मे मुस्लिम धर्मगुरुओ एव समाज के प्रतिष्ठित लोगो के बींच शांति समिति की बैठक सम्पन हुई। बैठक मे सीओ ने लोगो से शांति, सौहार्द और कानून बनाये रखने मे सहयोग की अपील की।

क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पंथ ने सभी मुस्लिम धर्मगुरुओं और समाज के प्रबुद्धजनों से अपील करते हुए कहा कि युवाओं को अफवाहों और भड़काऊ संदेशो पर ध्यान न देने के लिए प्रेरित करे। सीओ ने कहा कि पैगंबर मुहम्मद साहब सभी धर्मों के आदर्श है जिनके बताये हुए रास्ते संदेश एव शिक्षा सभी धर्मों के लिए महत्व रखते है मुहम्मद साहब का सम्मान हम सभी के दिलो मे है वर्तमान समय मे नवरात्रि दुर्गा पूजा महोत्सव चल रहा हैं जिसमे संयम रखने की जरूरत है आप सभी लोग सहयोग करे कुछ समय बाद सब कुछ सामान हो जायेगा।

क्षेत्राधिकारी सीओ यातायात आलोक पाठक ने कहा कि मसौली क्षेत्र कौमी एकता का प्रतीक है जिसमे समय समय पर मेले एव जुलुसो का आयोजन होता रहता है आप सभी लोग मिलजुल कर त्यौहार मनाये तथा कोई ऐसा कार्य न करे जिससे माहौल खराब हो उन्होंने लोगो से यातायात नियमों का पालन करने के निर्देश दिये। प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह ने मुस्लिम धर्मगुरुओ से आई लव मोहम्मद पर सतर्क रहने एव सहयोग करने की अपील की। इस मौक़े पर अतरिक्त प्रभारी निरीक्षक सनत मिश्रा, एस एस आई शमशाद अली, चौकी प्रभारी कस्बा राहुल शर्मा, उपनिरीक्षक अभय गुप्ता, ग्राम प्रधान मुईन वारिस , हाजी सालिम अंसारी, रामसिंह यादव, नूर मोहम्मद, मो0 कामिल, रफी अहमद, हाफिज मुईन कारी, हाफिज आसिफ अली, मौलाना इमरान नदवी, मौलाना फैजान, एजाज रसूल, रेहान अंसारी, शादाब अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, जहर खाने की आशंका

**देवा, बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** देवा थाना क्षेत्र के भटपुरवा मजरे सालेहनगर में सोमवार को 20 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान मान सिंह पुत्र रामनरेश यादव के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, अचानक मान सिंह की तबीयत बिगड़ गई और उसे लगातार उल्टियां होने लगीं। परिजनों ने आशंका जताई है कि युवक ने जहर खा लिया था गंभीर हालत में उसे पहले सीएचसी देवा ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल से भी लखनऊ रेफर किए जाने के दौरान रास्ते में ही युवक ने दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजन शव को घर लेकर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी हल्का उपनिरीक्षक दशरथ यादव ने बताया कि परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण का खुलासा हो सकेगा।

## ई–रिक्शा पलटने से चालक की दर्दनाक मौत

**सिद्धौर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बाराबंकी।असंद्रा थाना क्षेत्र के कोटवा सिद्धौर मार्ग पर सोमवार को हादसा हो गया। मोहम्मदपुर चंडी सिंह गांव के पास अचानक ई–रिक्शा पलट जाने से चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, असंद्रा थाना क्षेत्र के पैगंबरपुर निवासी मेराज (30 वर्ष) पुत्र मोहम्मद रईस अपने ई–रिक्शा से लगभग 20 बोरी पोटाश खाद लेकर जा रहे थे। रास्ते में अचानक ई–रिक्शा असंतुलित होकर पलट गया। हादसे में मेराज की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। थाना पभारी आलोक मणि त्रिपाठी ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है । मृतक मेराज के तीन छोटे बच्चे हैं। वह ई–रिक्शा चलाकर ही अपने परिवार का पालन–पोषण कर रहे थे। अचानक हुई इस दुर्घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## माती क्षेत्र में युवक का शव मिलने से सनसनी

**देवा , बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** देवा कोतवाली क्षेत्र के माती पुलिस चौकी से मात्र 20 मीटर की दूरी पर सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब झाड़ियों से घिरे एक गड्ढे में युवक का शव बरामद हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाकर जांच शुरू कर दी।

मृतक की पहचान 28 वर्षीय विजय चौहान, निवासी काजीपुर, जनपद अयोध्या के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने मौके पर ही शव की पहचान कर ली। बताया जा रहा है कि विजय माती कस्बे में किराए के मकान पर रहता था, जबकि उसकी शादी देवा कस्बे के बड़ा तालाब मोहल्ले में हुई थी। शव मिलने की खबर से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई और लोगों में तरह–तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं सबसे अहम बात यह है कि शव मिलने का स्थान माती पुलिस चौकी से कुछ ही कदमों की दूरी पर है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है कोतवाली प्रभारी अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि वह रात में पैदल कहीं जा रहा था और किसी वाहन की चपेट में आने के बाद सड़क किनारे गड्ढे में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

## भजन संध्या, ममतामयी माता तेरी महिमा निराली

**रामनगर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रामगढ़ क्षेत्र गर्री में बुढ़िया मैया के स्थान पर आयोजित दुर्गा जागरण कार्यक्रम के तहत रविवार को किशोरी जागरण ग्रुप द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य गायिका गोला गोकर्णनाथ से पधारी आरती राठौर मुख्य आकर्षण रही। लखनऊ से आए गायक कलाकार पिंकू मास्टर व ज्योति सिंह व विजय मिश्रा ने अपने मुखारविंद से सुंदर–सुंदर भजनों की प्रस्तुति की ।साथ ही साहिल सम्राट कानपुर की झांकी ग्रुप ने गणेश, विष्णु भगवान आदि की सुंदर–सुंदर झांकियां एवं मयूर नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में रामनगर निवासी डॉ. संजय तिवारी ने ''जो जो कृपा तेरी न होती ,तो तेरे द्वार में न आता।'' ''ममतामयी माता तेरी महिमा अजीब है।''आदि गीतों से समा बांधा।तो वहीं पिंकू मास्टर ने मेरी लाज रखना, मेरी शान रखना। तेरी जय हो गणेश। मां शारदे मां शारदे आदि गीत प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। भोर पहर तक कार्यक्रम में दर्शक जमे रहे । जागरण समिति के अध्यक्ष टिंकू सिंह ने आए हुए कलाकारों ,कमेटी के सदस्यों पदाधिकारियोंत, पत्रकारों को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राघवेन्द्र प्रताप सिंह (रज्जू सिंह) पूर्व जिला पंचायत सदस्य, जगजीवन सिंह पूर्व प्राचार्य,दिनेश प्रताप सिंह पूर्व प्राचार्य, अरविंद कुमार सिंह, नंद कुमार सिंह पूर्व प्रधान अध्यापक, लवी सिंह, राघवेंद्र सिंह ,मनीष सिंह, समेत हजारों दर्शक उपस्थित रहे।

## थाने के समीप बैंक परिसर से एक लाख ले उड़ा युवक

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अपराधियों को पुलिस का भी खौफ नहीं रहा।सफदरगंज थाना से कुछ सौ मीटर की दूरी पर स्थित केनरा बैंक परिसर में खड़ी बाइक की डिग्गी तोड़ बदमाश एक लाख नगदी ले उड़ा। सीसीटीवी की फुटेज में वार्ड टी कैद हुई इसी आधार पर पुलिस छानबीन में लगी है। लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ग्राम उधौली निवासी अंशु गुप्ता की गिट्टी मौरंग की दुकान पर विगत 10 वर्षो से संदीप कुमार पुत्र रामसागर काम करता है।मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे कस्बा सफदरगंज स्थित केनरा बैंक के सामने बाइक खड़ी कर बैंक के अंदर आरटीजीएस करने के लिए चला गया। तभी थाने की ओर से पैदल आये एक कम उम्र के युवक ने बाइक मे लगे थैले मे रखे बैग को निकाल कर कस्बे की ओर पैदल चला गया जो बैंक के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे मे कैद हो गया ।थानाध्यक्ष अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि बैंक सामने खड़ी बाइक से चोरी करते हुए एक नाबालिग़ बच्चे का फुटेज मिला है।युवक की पहचान कराई जा रही हैं जल्द खुलासा कर लिया जायेगा।

## 'स्वस्थ नारी सशक्त नारी' अधीक्षक ने की चर्चा

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरौलीगौसपुर में 'मिशन नारी शक्ति के तहत आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह ने किया।आज मंगलवार को आयोजित इस कार्यक्रम में 'स्वस्थ नारी सशक्त नारी' विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई। महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया।इस अवसर पर संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर के सीएमएस डॉ. ए.के. सिन्हा, अभय सिंह और शैलेश कुमार रावत ने भी महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में महिला चिकित्सक, नर्स, एएनएम, आशा कार्यकर्ता और संगिनी भी उपस्थित थीं।सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह ने बताया कि मिशन नारी शक्ति कार्यक्रम आने वाली सभी महिलाओं की जांच की गई, उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई और आवश्यक इलाज भी प्रदान किया गया।

# नदियां हमारी धरोहर इनके संरक्षण की जिम्मेदारी हमारी : पूजा सिंह



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर बाराबंकी खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह के निर्देशन मे सहायक विकास अधिकारी पंचायत द्वारा क्षेत्र के मूर्ति विसर्जन के लिए गोमती नदी के पहल घाट व नेपुरा घाट स्थल की साफ सफाई करवाई गई। विकासखंड सिद्धौर क्षेत्र में शारदीय नवरात्रि के पावन पर रखी गई, दुर्गा प्रतिमाओं को विसर्जित करने के लिए खंड विकास अधिकारी के निर्देश पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत कौशल कुमार अपने सफाई कर्मियों के साथ गोमती नदी के किनारे बने पहला घाट व नेपुरा घाट पर विसर्जित की जाने वाली दुर्गा प्रतिमाओं के स्थल कि मंगलवार को साफ सफाई करवाई गई।जिससे भक्तों को मूर्ति विसर्जन में कोई दिक्कत ना उत्पन्न हो । वहीं लोग घाटों की सफाई देखकर काफी खुश नजर आ रहे हैं।

# शारदीय नवरात्रि महा अष्टमी पर हवन पूजन, कन्या भोज आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा / सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। शारदीय नवरात्रि की अष्टमी के पावन अवसर पर ब्लॉक सभागार में विधि विधान पूर्वक कन्या भोज आयोजन हुआ। आज मंगलवार को खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता के द्वारा कन्याओं को विधि विधान से भोजन कराया।मिशन शक्ति अभियान और नवरात्रि के उपलक्ष्य में आयोजित अनुष्ठान में स्थानीय एवं पास पड़ोस की कन्याओं को ब्लॉक सभागार में आमंत्रित किया गया था। उन्हें दही, जलेबी, फल और मिष्ठान का भोग लगाया गया । जिसके बाद उनकी आरती उतारी गई। खंड विकास अधिकारी और ब्लॉक के अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों ने कन्याओं को दान-दक्षिणा के साथ उपहार भी भेंट किए। खंड विकास अधिकारी ने इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण अभियान पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आगे बढ़ाना है, जिसके लिए स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से उन्हें सशक्त करने की बात कही।इसके अतिरिक्त, खंड विकास अधिकारी ने नवरात्र के अवसर पर ब्लॉक परिसर में बने अधूरे मंदिर के जीर्णोद्धार की भी घोषणा की।

''निंदूरा'' : शारदीय नवरात्रि की अष्टमी के अवसर पर विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बहरौली के ग्राम नौहाई में शारदीय नवरात्रि के महा अष्टमी तिथि के अवसर पर सामूहिक हवन पूजन का आयोजन हुआ! बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए। यहाँ पर श्रीश रावत, दीपक यादव समेत सैकड़ों भक्तजन विधि-विधान के साथ हवन में शामिल हुए। मंत्रोच्चार और देवी गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।गांव के वरिष्ठजन और युवाओं ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया। महिलाओं और बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। अष्टमी के अवसर पर हवन-पूजन के बाद प्रसाद वितरण हुआ, जिसमें भक्तों ने आशीर्वाद स्वरूप प्रसाद ग्रहण किया।

# स्वदेशी अपनाने की भाजपाइयों ने की अपील

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। ब्लॉक मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय पर मंगलवार को आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत लोगों को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री संदीप गुप्ता ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार होगा जब हम विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार कर स्वदेशी उत्पादों को अपनाएंगे।

उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि स्थानीय उत्पादों के उपयोग से न केवल देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी बल्कि छोटे कारीगरों और उद्यमियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष निंदूरा विनय मौर्य, विशाल सिंह, नीरज कुमार, मंडल महामंत्री प्रमोद रावत और श्रीश रावत समेत पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# देवा में चोरों का धावा, घर में घुसकर उड़ाए 35 हज़ार रुपये

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देवा , बाराबंकी। देवा थाना क्षेत्र में चोरों ने एक बार फिर पुलिस गश्त की पोल खोल दी है। कासीराम कॉलोनी सेक्टर-5 में बीती रात अज्ञात चोरों ने घर में सेंध लगाकर 35,000 रुपये पर हाथ साफ कर दिया। वारदात के समय परिवार गहरी नींद में सो रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कॉलोनी निवासी बजरंगी पुत्र बाबूलाल अपनी पत्नी के साथ कमरे में सोए हुए थे। इसी बीच चोर घर में दाखिल हुए और चावल की टंकी में रखे गाय की बिक्री के रुपये चुरा ले गए। सुबह करीब 3 बजे जब पीड़ित की नींद खुली और दरवाजा खुला देखा तो शक हुआ। जांच करने पर टंकी में रखे रुपये गायब मिले पीड़ित ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की कस्बा इंचार्ज उप निरीक्षक हरिश्चंद्र ने बताया कि चोरी के संबंध में उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

## महिला सफाई कर्मी को सांप ने डंसा, नाजुक

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। महिला सफाई मित्र को कचरा प्रबंधन करते समय सांप ने डस लिया। जमीना देवी वाल्मीकि 50 पत्नी जुम्मन कचरे से प्लास्टिक और लोहा अलग कर रही थीं। इसी दौरान कचरे के ढेर में बैठा एक सांप ने उनके हाथ में काट लिया ।घटना की सूचना मिलते ही ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नियाज अंसारी तुरंत मौके पर पहुंचे। महिला को अपनी गाड़ी से सिरौली गौसपुर के संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहाँ उनका इलाज जारी है ।डॉक्टर संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि महिला की हालत में सुधार है और वह खतरे से बाहर हैं।

## शारदा नहर में मिला अज्ञात शव

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी ।शारदा सहायक नहर में मंगलवार की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ ।ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

बकरी चरा रही महिला की ट्रेन से कटकर मौत–पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। दरियाबाद बाराबंकी। दरियाबाद थाना क्षेत्र के बीकापुर निवासी आरती रावत 40 वर्ष पत्नी जियालाल जो मंगलवार शाम के समय रेलवे ट्रैक के किनारे बकरी चरा रही थी ।तभी बाराबंकी की तरफ जा रही ट्रेन की चपेट में महिला आ गई। जिससे ट्रेन से कटकर मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची। मृतका की शिनाख्त हुई। बताया गया कि मृतका के तीन बच्चे हैं ।वह मानसिक मंदित है ।वही कान से कम सुनाई भी देता था ।जब ट्रेन का हॉर्न बजा तो वह जिस ट्रैक पर ट्रेन गुजर रही थी ।उसी पर चली गई ।जिससे उसकी कटकर मौत हो गई ।मृतका के बेटे अतुल के मुताबिक रोज उसकी माता गांव के लड़कों के साथ जाती थी ।पर आज गांव के अन्य बच्चे मूर्ति देखने चले गए ।जिससे वह अकेली गई थी ।और वह ट्रेन आने की आवाज सुन न सकी जिसके चलते वह चपेट में आई है। इंस्पेक्टर मनोज सोनकर ने बताया कि ट्रेन से कटकर महिला की मौत हुई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## बाइक से गिरी महिला बीएलओ गंभीर जख्मी

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार को सुबह लखनऊ–अयोध्या हाईवे पर धरौली के पास बाइक पर जा रही एक महिला नीचे गिर पड़ी और गंभीर रूप से घायल हुई। जिससे सीएचसी रामसनेहीघाट इलाज के लिए भेजा गया हालात गंभीर देखते हुए डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।घायल महिला की पहचान सुमन देवी पत्नी अमरचंद कौशल निवासी कस्बा सुमेरगंज, रामसनेहीघाट के रूप में हुई है। वह नयागंज सुजागंज, अयोध्या में आंगनबाड़ी के पद पर कार्यरत हैं।


## त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि-2025

**पहले से ही घोषित अनेक त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के साथ–साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा। इन रेल सेवाओं की समय–सारणी निम्नानुसार होगी :–**

**09309/09310 इंदौर जं. - हजरत निज़ामुद्दीन - इंदौर जं. सुपरफास्ट विशेष ट्रेन (सप्ताह में दो दिन)** — 36 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09309 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09310 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 17:00 | इंदौर जं. | 21:00 | --- |
| 05:00 | --- | हजरत निजामुद्दीन | --- | 08:20 |

**चलने के दिन:** **09309 इंदौर जं. से** दिनांक 03.10.2025 से 30.11.2025 तक (प्रत्येक शुक्रवार एवं रविवार को) और **09310 हजरत निजामुद्दीन से** दिनांक 04.10.2025 से 01.12.2025 तक (प्रत्येक शनिवार एवं सोमवार को)।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता.
**ठहराव:** देवास जं., उज्जैन जं., नागदा जं., रामगंज मंडी जं., कोटा जं., सवाईमाधोपुर जं., गंगापुर सिटी एवं मथुरा जं. स्टेशन।

**09095/09096 बान्द्रा (टर्मि.) - अयोध्या कैंट - बान्द्रा (टर्मि.) विशेष ट्रेन (साप्ताहिक)** — 16 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09095 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09096 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 11:00 | बान्द्रा (टर्मि.) | 06:00 | --- |
| 17:30 | --- | अयोध्या कैंट | --- | 21:00 |

**चलने के दिन:** **09095 बान्द्रा (टर्मि.) से** दिनांक 01.10.2025 से 19.11.2025 तक (प्रत्येक बुधवार को) और **09096 अयोध्या कैंट से** दिनांक 02.10.2025 से 20.11.2025 तक (प्रत्येक गुरूवार को)।
**स्थान:** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, नवसारी, सूरत, भरूच जं., वडोदरा जं., दाहोद, मेघनगर, रतलाम जं., नागदा जं., उज्जैन जं., मक्सी जं., शुजालपुर, सीहोर, संत हिरदाराम नगर, बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ एवं बाराबंकी स्टेशन।

**09097/09098 बान्द्रा (टर्मि.)-लुधियाना जं.-बान्द्रा (टर्मि.) सुपरफास्ट विशेष ट्रेन (साप्ताहिक)** — 18 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09097 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09098 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 21:50 | बान्द्रा (टर्मि.) | 10:20 | --- |
| 00:30 | --- | लुधियाना जं. | --- | 04:00 |

**चलने के दिन:** **09097 बान्द्रा (टर्मि.) से** दिनांक 05.10.2025 से 30.11.2025 तक (प्रत्येक रविवार को) और **09098 लुधियाना जं. से** दिनांक 07.10.2025 से 02.12.2025 तक (प्रत्येक मंगलवार को)।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी।
**ठहराव:** बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, भरूच जं., वडोदरा जं., रतलाम जं., कोटा, सवाईमाधोपुर, गंगापुर सिटी, हिण्डौन सिटी, मथुरा जं., नई दिल्ली, पानीपत एवं अंबाला कैंट स्टेशन।

**07095/07096 चर्लपल्ली - हजरत निजामुद्दीन - चर्लपल्ली स्पेशल ट्रेन** — 4 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 07095 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 07096 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 07:40 | चर्लपल्ली | 04:00 | -- |
| 16:00 | | हजरत निजामुद्दीन | -- | 19:00 |

**चलने के दिन:** **07095 चर्लपल्ली** से दिनांक 07.10.2025 एवं 16.10.2025 (मंगलवार एवं गुरूवार) को और **07096 हजरत निजामुद्दीन** से दिनांक 08.10.2025 एवं 17.10.2025 (बुधवार एवं शुक्रवार) को।
**स्थान :** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** जनगांव, काजीपेट, पेद्दपल्ली, मंचिर्याल, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, चन्द्रपुर, सेवाग्राम जं., नागपुर जं., आमला जं., इटारसी जं., भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन।

**उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों और समय–सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।**

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें:– www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
पर हमें फॉलो करें
3023/25
उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर विजिट करें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## आईसीसी महिला विश्व कप : न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत के साथ आगाज करने उतरेगी चैम्पियन आस्ट्रेलिया

एजेंसी




इंदौर। सात बार की चैम्पियन आस्ट्रेलियाई टीम आईसीसी महिला एक दिवसीय क्रिकेट विश्व कप में बुधवार को न्यूजीलैंड की अनुभवी टीम के खिलाफ जीत दर्ज करके अपने अभियान की शानदार शुरूआत करना चाहेगी। मौजूदा टी20 चैम्पियन न्यूजीलैंड से उसे कड़ी चुनौती मिलेगी लेकिन आस्ट्रेलिया को आंतरिक चुनौतियों से भी पार पाना होगा। आस्ट्रेलिया के पास प्रतिभा और विकल्पों की कमी नहीं है और टीम की जरूरतों के हिसाब से संतुलन बनाना सबसे बड़ी परेशानी है। बायें हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनू और लेग स्पिनर जॉर्जिया वेयरहेम अपनी अपनी चोटों से उबर चुकी हैं। अब आस्ट्रेलियाई टीम प्रबंधन को देखना होगा कि अंतिम एकादश में उनकी जगह कैसे बनाई जाये। उन्हें देखना होगा कि वेयरहेम और अलाना किंग के रूप में दो लेग स्पिनरों को उतारा जाये या आक्रमण को विविधता देने के लिये मोलिनू को शामिल किया जाये। तेज गेंदबाजी में भी आस्ट्रेलिया के पास मेगान शूट, अनाबेल सदरलैंड, एलिसे पैरी, ताहलिया मैकग्रा और डार्सी ब्राउन जैसे खिलाड़ी हैं।बल्लेबाजी में बेथ मूनी, फीबी लिचफील्ड और एशले गार्डनर के साथ कप्तान एलिसा हीली को मोर्चे से अगुवाई करनी होगी। भारत के खिलाफ ब्रिसबेन में 87 गेंद में 101 रन बनाने वाली जॉर्जिया वोल भी टीम में है जिससे बल्लेबाजी मजबूत होगी। आस्ट्रेलिया ने विश्व कप से ठीक पहले भारत को द्विपक्षीय श्रृंखला में 2-1 से हराकर अपनी बल्लेबाजी मजबूत की है। न्यूजीलैंड को इस आस्ट्रेलियाई टीम को हराने के लिये अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। पिछले साल यूएई में टी20 विश्व कप में मिली खिताबी जीत के बाद उपमहाद्वीप में अच्छे प्रदर्शन का उसे आत्मविश्वास मिला है।

न्यूजीलैंड ने हालांकि मार्च में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के बाद से वनडे क्रिकेट नहीं खेली है। इसके अलावा 2024 के बाद से वे भारत, इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया से श्रृंखला हार चुके हैं। आस्ट्रेलिया हालांकि उन्हें हलके में लेने की गलती नहीं करेगा क्योंकि न्यूजीलैंड ने पिछले साल दस मैचों की हार का सिलसिला तोड़कर टी20 विश्व कप जीता था। उनके पास कप्तान सोफी डेवाइन, सूजी बेट्स, ली ताहुहू, एमेलिया केर और मैडी ग्रीन जैसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। वहीं जॉर्जिया प्लिमर, पोली इंगलिस , एडेन कारसन ओर इजी गेज जैसे युवा खिलाड़ी भी हैं।

## पाकिस्तानी खिलाड़ियों की छींटाकशी का सबसे सही जवाब एशिया कप जीतना ही था : तिलक

एजेंसी



हैदराबाद। एशिया कप फाइनल में भारत की जीत के सूत्रधार रहे मध्यक्रम के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने कहा कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों की छींटाकशी और आक्रामकता का सर्वश्रेष्ठ जवाब खिताब जीतना ही था और उन्होंने शुरूआत में बने दबाव से सहज पार पा लिया था। तिलक के नाबाद 69 रन की मदद से भारत ने दुबई में रविवार को खेले गए फाइनल में पांच विकेट से जीत दर्ज की। तिलक ने दुबई से कल रात यहां पहुंचने के बाद कहा ,'' शुरूआत में कुछ दबाव और तनाव था लेकिन मैने सबसे ऊपर अपने देश को रखा और मैं देश के लिये जीतना चाहता था। मुझे पता था कि दबाव के आगे घुटने टेक दूंगा तो अपने आप को और देश के 140 करोड़ लोगों को निराश करूंगा। उन्होंने कहा ,'' मैने बेसिक्स पर भरोसा रखा जो मैने शुरूआती दिनों में अपने कोचों से सीखे थे और उसका अनुसरण किया। उन्हें सबसे सही जवाब यही था कि हम एशिया कप जीत जायें और हमने वही किया। तिलक ने स्वीकार किया कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने मैच में जमकर छींटाकशी की लेकिन उन्होंने खामोश रहना पसंद किया। उन्होंने कहा ,'' हमने तीन विकेट जल्दी गंवा दिये थे और माहौल काफी गर्म हो गया था। मैं जल्दी बल्लेबाजी करने आ गया लेकिन मैने किसी को कुछ नहीं कहा और ना ही कोई खराब शॉट खेलकर टीम और देश को निराश किया। उन्होंने कहा कि एक बार भारत जीत गया तो उन्होंने पाकिस्तानी खिलाड़ियों को जवाब दिया। उन्होंने कहा ,'' मैने के दौरान मेरा फोकस बेसिक्स पर था और मैं उन्हें जवाब नहीं देना चाहता था। मुझे जो कुछ कहना था, वह मैने मैच के बाद कहा। मैच में बहुत कुछ चल रहा था जो मैं बता नहीं सकता। भारत और पाकिस्तान के मैचों में यह होता है लेकिन हमारा फोकस मैच जीतने पर था। भारत को आखिरी ओवर में दस रन चाहिये थे और तिलक ने कहा कि वह तब तक दबाव से ऊपर उठ चुके थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मैक्सवेल न्यूज़ीलैंड दौरे से बाहर, फिलिप को मिला मौका

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया को एक और झटका लगा है। टीम के स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल न्यूज़ीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज़ से बाहर हो गए हैं। नेट्स में गेंदबाज़ी करते समय मिचेल ओवेन के सीधे शॉट से उनकी दाईं कलाई में फ्रेक्चर हो गया। मैक्सवेल को तुरंत स्वदेश भेज दिया गया है और आने वाले दिनों में वे विशेषज्ञ डॉक्टर से परामर्श करेंगे। हालांकि मेडिकल टीम को उम्मीद है कि उनकी रिकवरी तेज़ होगी, लेकिन भारत के खिलाफ 29 अक्टूबर से शुरू हो रही पांच मैचों की घरेलू टी20 सीरीज़ में उनका खेलना संदिग्ध है। वहीं वे बिग बैश लीग (बीबीएल) के दिसंबर मध्य तक फिट हो सकते हैं। इस चोट के चलते ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी सिक्सर्स और न्यू साउथ वेल्स के विकेटकीपर–बल्लेबाज़ जोश फिलिप को टीम में शामिल किया है। फिलिप पहले भी जोश इंग्लिस के चोटिल होने पर चयन की दौड़ में थे, लेकिन उस समय एलेक्स कैरी को तरजीह दी गई थी। फिलिप सीधा मैक्सवेल का रिप्लेसमेंट नहीं हैं, लेकिन कैरी के बैकअप विकल्प के तौर पर उन्हें टीम में जगह मिली है। मैक्सवेल की गैरमौजूदगी से ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप 2026 की तैयारियों पर असर पड़ सकता है। इंग्लिस और मैक्सवेल दोनों जैसे बहुमुखी बल्लेबाज़ टीम से बाहर हैं। कैमरन ग्रीन भी घरेलू क्रिकेट और एशेज़ की तैयारी के चलते इस सीरीज़ और भारत के खिलाफ टी20 सीरीज़ से बाहर रहेंगे। कप्तान पैट कमिंस पीठ की समस्या के चलते दोनों सीरीज़ में नहीं खेलेंगे, जबकि नाथन एलिस अपने पहले बच्चे के जन्म के कारण टीम से बाहर हैं। मैक्सवेल बतौर पांचवें गेंदबाज़ न्यूज़ीलैंड के बाएं हाथ के बल्लेबाज़ों के खिलाफ अहम भूमिका निभाने वाले थे। अब मैट शॉर्ट और मार्कस स्टोइनिस पर अतिरिक्त गेंदबाज़ी का दारोमदार रहेगा। कप्तान मिच मार्श के फिलहाल गेंदबाज़ी करने की संभावना कम है, जबकि टीम ट्रैविस हेड की ऑफस्पिन को भी टी20 प्रारूप में विकसित करना चाहती है। फिलिप लगभग दो साल बाद ऑस्ट्रेलिया की टी20 टीम में लौटे हैं। उन्होंने हाल ही में भारत ए के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था, लेकिन बीबीएल और टी20 अंतरराष्ट्रीय में उनका रिकॉर्ड प्रभावशाली नहीं रहा है। पिछले दो बीबीएल सीज़न में उनके बल्ले से सिर्फ एक अर्धशतक निकला है और स्ट्राइक रेट भी 130 से कम रहा है। वहीं 12 टी20 अंतरराष्ट्रीय में उन्होंने केवल दो बार 13 रन से अधिक बनाए हैं।

### अब दिनेश कार्तिक डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 में शारजाह वॉरियर्ज़ के लिए खेलते नजर आएंगे

**शारजाह।** पूर्व भारतीय विकेटकीपर–बल्लेबाज दिनेश कार्तिक डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 में अब शारजाह वॉरियर्ज़ के लिए खेलते नजर आएंगे। कार्तिक को टीम में श्रीलंका के कुसल मेंडिस की जगह शामिल किया गया है। टीम के मुख्य कोच जेपी डुमिनी ने कार्तिक के आने को बड़ा फायदा बताया है। कार्तिक का क्रिकेट करियर दो दशकों से भी लंबा रहा है। वह आईपीएल 2013 विजेता मुंबई इंडियंस टीम का हिस्सा रहे और भारतीय टीम के साथ 2007 टी20 विश्व कप और 2013 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीत चुके हैं। हाल ही में वे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाजी कोच के तौर पर भी जुड़े थे और 2025 में टीम की पहली आईपीएल ट्रॉफी जीत में योगदान दिया। तमिलनाडु के रहने वाले कार्तिक अपने फिनिशिंग अंदाज़ और आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। वह अक्सर टी20 मैचों के अंतिम ओवरों में बड़े शॉट लगाने और तेज़ रन बनाने में माहिर माने जाते हैं। अब तक खेले गए 412 टी20 मुकाबलों में उन्होंने 7,437 रन बनाए हैं, जिनमें 35 अर्धशतक शामिल हैं। उनका स्ट्राइक रेट 136.66 रहा है। भारत की जर्सी में उन्होंने 60 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 686 रन बनाए, स्ट्राइक रेट 142.61 के साथ। शारजाह वॉरियर्ज़ में कार्तिक का साथ उनके पूर्व आरसीबी साथी टिम डेविड, जिम्बाब्वे के सिकंदर रज़ा, कप्तान टिम साउदी, जॉनसन चार्ल्स, टॉम कोहलर–कैडमोर और सौरभ नेत्रवलकर देंगे। दिनेश कार्तिक ने कहा, मैं शारजाह वॉरियर्ज़ से जुड़कर बेहद उत्साहित हूं। यह एक युवा टीम है और बड़े लक्ष्य हासिल करना चाहती है। शारजाह स्टेडियम में खेलना हमेशा से एक सपना रहा है और अब यह सपना पूरा हो रहा है। कोच जेपी डुमिनी ने कहा दिनेश कार्तिक एक अनुभवी और बेहद इनोवेटिव खिलाड़ी हैं। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी और अनुभव हमारी टीम के लिए बड़ी संपत्ति साबित होंगे। खासकर युवा खिलाड़ियों को उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

## दलीप ट्रॉफी में गेंदबाजी ने लय हासिल करने में मदद की: कुलदीप

एजेंसी




नयी दिल्ली। इंग्लैंड में पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के दौरान अंतिम एकादश में जगह बनाने में नाकाम रहे भारत के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव ने कहा कि दलीप ट्रॉफी में ' काफी अधिक गेंदबाजी करने' से उन्हें एशिया कप के लिए अपनी लय वापस पाने में मदद मिली।

कुलदीप ने इस टूर्नामेंट को 17 विकेट के साथ सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। उनका गेंदबाजी औसत 9.29 रहा। पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को दुबई में खेले गये फाइनल में उन्होंने विपक्षी बल्लेबाजों को अपनी फिरकी में फंसाते हुए 30 रन देकर चार विकेट झटके। उन्होंने बीसीसीआई द्वारा जारी वीडियो में रिंकू से बातचीत के दौरान कहा, '' जब आप लंबे समय तक क्रिकेट नहीं खेलते हैं, तो आपको लय की जरूरत होती है। मुझ दलीप ट्रॉफी में गेंदबाजी करने का काफी मौका मिला ऐसे में जब मैं टूर्नामेंट के लिए आया तो मेरी गेंदबाजी ज़ाहिर तौर पर अच्छी चल रही थी। कुलदीप ने अपने प्रदर्शन पर संतुष्टि जाहिर करते हुए कहा, ''मेरी भूमिका बीच के ओवरों में रन को नियंत्रित करने और विकेट लेने की थी। कप्तान को मुझ पर बहुत भरोसा था और मैंने अपनी भूमिका को बहुत अच्छे से निभाया। वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल के साथ कुलदीप ने शानदार स्पिन तिकड़ी बनाई। इस तिकड़ी ने अपनी विविधता से बल्लेबाजों को काफी परेशान किया। अबूझ स्पिनर वरुण ने कहा कि पावरप्ले के साथ-साथ आखिरी ओवरों में गेंदबाजी करने जैसे कठिन कार्य को सौंपे जाने के बाद वह टीम प्रबंधन की उम्मीदों पर खरा उतर कर खुश हैं। उन्होंने बीसीसीआई द्वारा जारी एक अन्य वीडियो में कहा, ''भारतीय टीम के लिए यह भूमिका पाकर बहुत खुशी हुई और निश्चित रूप से जब जीजी (मुख्य कोच गौतम गंभीर) और (कप्तान) सूर्या ने मुझे बताया कि मुझे इस टूर्नामेंट में मुश्किल भूमिका निभानी होगी, जैसे कि पावरप्ले और आखिरी ओवरों में भी गेंदबाजी करना। वरुण ने संजू सैमसन को अपनी ताकत का एक बड़ा स्तंभ बताया। इस वीडियो में उनके साथ बाद में सैमसन भी जुड़ गयी। सैमसन ने पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल में भारत के तीन विकेट जल्दी गिरने के बाद मध्य क्रम में एक उपयोगी पारी खेलकर टीम की जीत में उपयोगी योगदान दिया। वरुण ने सैमसन के साथ बातचीत करते हुए कहा, ''यह बंदा मेरे लिए समर्थन का एक स्तंभ रहा है। संजू मोहनलाल सैमसन। सैमसन ने कहा कि 147 रन का पीछा करते हुए भारत के अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल के शुरुआती विकेट गिरने के बाद उन्हें दबाव को झेलना पड़ा। उन्होंने कहा, '' मुझे दबाव से निपटते हुए टीम को मुश्किल स्थिति से बाहर निकालना था। मुझे बस क्रीज पर रह कर अपना नैसर्गिक खेल खेलने के साथ अपने पूरे अनुभव का उपयोग करना था। मैं काफी समय से इस टीम के साथ हूं ऐसे में मुझे पता था कि तिलक वर्मा के साथ सोझेदारी में दायें और बायें हाथ के बल्लेबाजों का संयोजन बना रहेगा। रिंकू सिंह ने मैच में खेली गई अपनी एकमात्र गेंद पर चौका मारकर टीम को जीत दिलाई। उन्होंने कहा कि वह अपनी बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण पर कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

## कार्ल लुईस दिल्ली हाफ मैराथन के अंतरराष्ट्रीय इवेंट दूत बने

नयी दिल्ली। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ एथलीटों में शुमार कार्ल लुईस को वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन का इवेंट दूत बनाया गया है। आयोजकों ने मंगलवार को कहा कि नौ बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अमेरिकी फर्राटा धावक और लंबी कूद के खिलाड़ी लुईस 12 अक्टूबर को दिल्ली में जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम से मैराथन को हरी झंडी दिखायेंगे। लुईस ने एक विज्ञप्ति में कहा ,'' दौड़ संभावना और प्रगति की सार्वभौमिक भाषा है। वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन जैसे आयोजन साबित करते हैं कि खेलों का जादू रिकॉर्ड और पदक से इतर है। यह जिंदगियां बदल देता है और सपने देखने के लिये प्रेरित करता है। चार ओलंपिक खेलों में नौ स्वर्ण पदक जीत चुके लुईस ने 1984 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में 100 मीटर, 200 मीटर, ऊंची कूद और चार गुणा 100 मीटर रिले में स्वर्ण पदक जीते थे।

## एडीबी का अनुमान- वित्त वर्ष 2025-26 में 6.5 फीसदी की दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

एजेंसी




नई दिल्ली। एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) ने चालू वित्?त वर्ष 2025-26 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। एडीबी ने कहा कि भारतीय सामानों पर अमेरिकी टैरिफ का दूसरी तिमाही में असर पड़ेगा, जिससे गति में गिरावट आएगी। एडीबी ने मंगलवार को जारी अपने ताजा एशियन डेवलपमेंट आउटलुक (एडीओ) में कहा कि पहली तिमाही में 7.8 फीसदी की मजबूत विकास दर के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 6.5 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान है। एडीबी का कहना है कि भारतीय निर्यात पर अमेरिकी शुल्क का प्रभाव विशेष रूप से दूसरी छमाही की संभावनाओं को कम करेगा। इससे पहले अप्रैल में एडीबी ने अपने एशियन डेवलपमेंट आउटलुक में भारत की जीडीपी 7 फीसदी की दर से बढ़ोने का अनुमान जताया था। इसे भारत से निर्यात होने वाले माल पर अमेरिका के 50 फीसदी शुल्क लगाए जाने की चिंता के कारण जुलाई की अपनी रिपोर्ट में आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 6.5 फीसदी कर दिया था। एशियन डेवलपमेंट बैंक ने अपने एडीओ में कहा कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में बेहतर खपत और सरकारी व्यय के कारण जीडीपी में 7.8 फीसदी की मजबूत वृद्धि हुई है, लेकिन भारतीय निर्यात पर अतिरिक्त अमेरिकी शुल्क से विकास दर में कमी आएगी। खासकर चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही और वित्त वर्ष 2026-27 में३। एशियन डेवलपमेंट आउटलुक रिपोर्ट के अनुसार शुल्क लागू होने के कारण निर्यात में कमी का असर चालू वित्त वर्ष 2025-26 और 2026-27 दोनों में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पर पड़ेगा। इसके परिणामस्वरूप शुद्ध निर्यात अप्रैल में पहले के अनुमान से अधिक तेजी से घटेगा। इसके अलावा रिपोर्ट में कहा गया है कि कर राजस्व वृद्धि में कमी के कारण राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद के 4.4 फीसदी के बजट अनुमान से अधिक रहने की संभावना है।

## वेस्टइंडीज को भारत के खिलाफ अहम मौकों को भुनाना होगा: वॉरिकन

एजेंसी

अहमदाबाद। बायें हाथ के स्पिनर जोमेल वॉरिकन ने कहा कि वेस्टइंडीज को अपने पिछले टेस्ट में 27 रन पर ऑल आउट होने की शर्मिंदगी को पीछे छोड़कर भारत के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला में चुनौती देने के लिए अहम क्षणें को भुनाना होगा। जुलाई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने सबसे कम टेस्ट स्कोर पर ढेर होने वाली कैरेबियाई टीम के सामने बृहस्पतिवार से शुरू हो रही दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में शानदार फॉर्म में चल रही भारत की कड़ी चुनौती होगी। वॉरिकन ने अभ्यास सत्र के बाद मीडिया से कहा, ''कोई भी टीम कभी नहीं चाहती कि वह 23 या 24 या जो भी स्कोर था, उस पर आउट हो जाए। हमें उस अनुभव से बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। हमें खुद को फिर से तैयार करना होगा और उससे सीखना होगा। उन्होंने कहा, ''इससे सीखना और आगे बढ़ने की कोशिश करना और यह दिखाना बहुत महत्वपूर्ण है कि हम क्या करने में सक्षम हैं, क्योंकि हमने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ प्रतिस्पर्धा की थी लेकिन अहम क्षणों को हम भुना नहीं पाए और उन्होंने हमसे बेहतर प्रदर्शन किया। वॉरिकन ने कहा, '' हमें वास्तव में सुधार करना होगा और यह जानना होगा कि हम एक शीर्ष प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ खेल रहे हैं, हमें इन खेलों में प्रमुख क्षणों पर पकड़ बनाना होगा और उम्मीद है कि हम इस श्रृंखला में सुधार कर सकते हैं और बहुत बेहतर कर सकते हैं। वॉरिकन ने कहा कि भारत दौरे पर बायें हाथ के विदेशी स्पिनरों ने अच्छा प्रदर्शन किया है, जिसमें मिशेल सैंटनर ने पिछले सत्र में पुणे टेस्ट में न्यूजीलैंड को यादगार जीत दिलाई थी। वॉरिकन ने कहा, ''इससे मेरे जैसे वामहस्त स्पिनरों का आत्मविश्वास काफी बढ़ता है। लेकिन आपको उस दिन खेलना होगा, परिस्थितियों के अनुसार ढलना होगा और मौजूदा स्थिति का आकलन करना होगा।

## सर्राफा बाजार में कीर्तिमान बनने का सिलसिला जारी

### नई ऊंचाई पर सोना और चांदी

### सर्राफा बाजार में 1.5 लाख रुपये के पार पहुंची चांदी की कीमत

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सोना और चांदी ने एक बार फिर मजबूती का नया रिकॉर्ड बना दिया है। आज के कारोबार में सोना 870 रुपये से लेकर 940 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इसी तरह चांदी 1,200 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी के साथ 1.50 लाख रुपये के स्तर को पार कर गया है।

आज की तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,16,410 रुपये से लेकर 1,16,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,06,710 रुपये से लेकर 1,06,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं, चांदी के भाव में तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,50,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,16,560 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,06,860 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,16,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,06,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,16,460 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,06,760 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,16,410 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,06,710 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,16,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,06,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,16,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,06,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,16,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,06,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,16,560 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,06,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में तेजी का रुख बना हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,16,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## सेल-एमटीआई और आईआईएम जम्मू ने समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

एजेंसी



नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने अपने प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआई) के जरिए भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) जम्मू के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत भविष्य के लिए तैयार नेताओं के निर्माण के उद्देश्य से कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रमों पर सहयोग किया जाएगा। इस्पात मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने अपने प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआई) के जरिए भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), जम्मू के साथ 29 सितंबर को नई दिल्ली में सेल के इस्पात भवन स्थित कॉर्पोरेट कार्यालय में हस्ताक्षर किए। मंत्रालय के मुताबिक इस समझौता ज्ञापन पर एमटीआई, सेल के कार्यवाहक कार्यकारी निदेशक (एचआर-एल एंड डी) संजय धर और आईआईएम जम्मू के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कमांडर केशवन भास्करन (आर) ने सेल के निदेशक (कार्मिक) केके सिंह की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए हैं। इस दौरान सेल के कार्यकारी निदेशक (एचआर) बीएस पोपली और आईआईएम जम्मू से डॉ. राजेश सिक्का भी उपस्थित थे। इस्पात मंत्रालय ने बताया कि बदलते व्यावसायिक परिदृश्य के लिए सक्षम नेतृत्व को विकसित करने की सेल की प्रतिबद्धता के अनुरूप यह सहयोग संगठनात्मक क्षमता को मजबूत करने, वैश्विक स्तर पर सर्वोत्तम कार्य पद्धतियों को अपनाने और नेतृत्व की उत्कृष्टता के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के साझा लक्ष्य को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# गन्ना शोध के लिए आईसीएआर की अलग टीम बनेगी : शिवराज

एजेंसी

नयी दिल्ली। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि गन्ना और गन्ना किसानों को कैसे ज्यादा से ज्यादा फायदा पहुंचे और उनके हित के लिए किस तरह की नीति हो इसके बारे में शोध के वास्ते भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) में अलग टीम का गठन किया जाएगा।

श्री चौहान ने मंगलवार को यहां अर्थव्यवस्था पर एक राष्ट्रीय परामर्श सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि गन्ने की 238 किस्में में चीनी की मात्रा अच्छी निकली है लेकिन इसमें रेड रॉट की समस्या आ रही है। इसमें यह भी विचार करने की जरूरत है कि एक किस्म कितने साल चलेगी और साथ-साथ गन्ने की दूसरी किस्म पर भी काम करते रहना पड़ेगा।



उनका कहना था कि महत्वपूर्ण, रोगों का मुकाबला है क्योंकि नई किस्म आती है तो रोग भी आते हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि मोनोक्रॉपिंग तरह-तरह के रोगों को निमंत्रण देता है। इससे जहां नाइट्रोजन स्थिरीकरण की समस्या भी पैदा होती है वहीं फसल पोषक तत्वों को भी कम करती है। उन्होंने यह भी कहा कि यह देखा जाना चाहिए कि मोनोक्रॉपिंग (एकल फसल) की जगह इंटरक्रॉपिंग कितनी व्यावहारिक है। गन्ना किसानों की समस्याओं से सब परिचित हैं इसलिए उत्पादन बढ़ाने पर जोर देने की जरूरत है। किसानों की मदद के लिए लागत घटाने तथा चीनी की रिकवरी ज्यादा करने के साथ ही पानी के इस्तेमाल को कम की भी आवश्यकता है और इस बारे में भी काम करने की जरूरत हैं। इसके लिए 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' सोच का आधार होना चाहिए। इसमें यह भी देखना होगा कि ड्रिप बिछाने के लिए ज्यादा पैसे चाहिए तो क्या किसान उतना खर्च कर सकेगा। श्री चौहान ने कहा कि जैव उत्पादक और अधिक उपयोगी कैसे हो सकती है इस पर विचार करना चाहिए। उनका यह भी कहना था कि एथेनॉल का अपना महत्व है और मोलासेस की अपनी उपयोगिता है लेकिन इन दोनों की मदद से अन्य कौन से उत्पाद बन सकते हैं जिनसे किसानों का लाभ बढ़े और उनको इस काम में फायदा हो। उनका कहना था कि वेल्यू चैन की किसानों की शिकायत व्यावहारिक है। किसानों को गन्ने का भुगतान देरी में होता है इस पर भी गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

# ईडी ने जीएसटी धोखाधड़ी मामले में की 15.41 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को बताया कि उसने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से जुड़े एक बड़े धोखाधड़ी मामले में 15.41 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियां कुर्क की है।

ईडी के अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई रांची अंचल कार्यालय द्वारा शुरू की गयी। ईडी द्वारा कुर्क की गयी 10 अचल संपत्तियां कोलकाता और हावड़ा में स्थित हैं। ये संपत्तियां बड़े पैमाने पर जीएसटी धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड अमित गुप्ता और उसके सहयोगियों की हैं।

ईडी ने जीएसटी खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई) द्वारा जमशेदपुर में शिव कुमार देवड़ा, अमित गुप्ता, सुमित गुप्ता और अमित अग्रवाल उर्फ विक्की भालोटिया के नेतृत्व वाले एक आपराधिक गिरोह के खिलाफ दर्ज की गयी कई शिकायतों के आधार पर यह जांच शुरू की है। ईडी की जांच से पता चला है कि आरोपियों ने झारखंड, पश्चिम बंगाल और दिल्ली में 135 फर्जी कंपनियों का एक नेटवर्क बनाकर और उसका संचालन करके एक बड़ी धोखाधड़ी को अंजाम दिया। इस सिंडिकेट की कार्यप्रणाली में बिना किसी वास्तविक आपूर्ति के फर्जी जीएसटी चालान जारी किये गये थे। इससे उन्हें 734 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) बनाने में मदद मिली। इस फर्जी आईटीसी को फिर कमीशन के लिए विभिन्न अंतिम-उपयोगकर्ता संस्थाओं को बेच दिया गया। इस अवैध क्रेडिट का इस्तेमाल अपनी वैध जीएसटी देनदारियों से बचने के लिए किया, जिससे सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ। जांच से पता चला है कि इस आपराधिक गतिविधि से सिंडिकेट को लगभग 67 करोड़ रुपये का कमीशन मिला। मुख्य वित्तीय प्रबंधक के रूप में कार्यरत अमित गुप्ता ने कई अचल संपत्तियां अर्जित करके इस अवैध आय को वैध बनाने में अहम भूमिका निभायी है। जांच से यह भी पता चला है कि डीजीजीआई द्वारा जांच शुरू करने के बाद अमित गुप्ता ने जानबूझकर इन संपत्तियों को अपने रिश्तेदारों और सहयोगियों को हस्तांतरित करके अपने कृत्यों को छिपाने की कोशिश की है। इससे पहले ईडी ने इसी वर्ष आठ मई को तलाशी अभियान चलाया था, जिसमें मुख्य मास्टरमाइंड शिव कुमार देवड़ा, मोहित देवड़ा, अमित गुप्ता और अमित अग्रवाल उर्फ विक्की भालोटिया को गिरफ्तार किया गया था। वे फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी ने गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ रांची स्थित विशेष पीएमएलए अदालत में अभियोजन शिकायत पहले ही दायर कर दी है। हाल ही में ईडी ने इस सिंडिकेट के प्रमुख शिव कुमार देवड़ा की 5.29 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की थी। यह 15.41 करोड़ रुपये की नवीनतम कुर्क संपत्ति, अवैध आय का पता लगाने और उसे कुर्क करने के चल रहे प्रयासों का एक और हिस्सा है।

# सट्टेबाजी ऐप मामले की ईडी जांच में शामिल हुईं उर्वशी रौतेला

एजेंसी

नयी दिल्ली।अभिनेत्री उर्वशी रौतेला मंगलवार को अवैध प्रतिबंधित सट्टेबाजी ऐप वनएक्सबेट से जुड़ी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की धनशोधन मामले की जांच में शामिल हुयी।

इससे पहले बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद, पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह और वेब सीरीज गंदी बात की अभिनेत्री अन्वेषी जैन ने अपना बयान दर्ज कराया था। ईडी के सूत्रों के मुताबिक इन मशहूर हस्तियों ने वनएक्सबेट के लिये प्रचार अभियान किया था, इस कारण इस अवैध प्लेटफॉर्म को भारत में प्रतिबंध के बावजूद पर्याप्त यूजर डेटाबेस बनाने में मदद मिली।

केंद्रीय एजेंसी ने एक बयान जारी कर विनियमित मनी गेमिंग ऐप्स पर हाल ही में लगे प्रतिबंध के बाद उभर रहे एक नये खतरे पर भी चिंता जताई। उन्होंने भारत में उपयोगकर्ताओं को निशाना बनाने वाले अवैध सट्टेबाजी प्लेटफार्मों में संभावित वृद्धि की चेतावनी दी और इस चुनौती से निपटने के लिये रणनीतियों की आवश्यकता पर जोर दिया। अधिकारियों ने समस्या की गंभीरता को समझाते हुए बताया कि इस साल की पहली तिमाही में ही अवैध सट्टेबाजी वेबसाइटों को एक अरब से ज्यादा हिट मिले। अनियमित जुआ गतिविधियों का कुल मूल्य लगभग 100 अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है।

हाल ही की कार्रवाई एक बड़े खुलासे का हिस्सा है क्योंकि ईडी ने पहले ही विभिन्न मशहूर हस्तियों के बयान दर्ज कर लिये हैं। बंगाली अभिनेता अंकुश हाजरा से हाल ही में पूछताछ की गयी जबकि अभिनेत्री उर्वर्शी रौतेला ने अभी तक जांच में शामिल होने से इनकार किया था। जून से अवैध गेमिंग ऐप्स के कथित समर्थन के संबंध में जांच में पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन और टॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के कई अभिनेता भी शामिल हो चुके हैं। जांचकर्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि इन प्लेटफार्म द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली एक आम रणनीति कानूनी प्रतिबंधों से बचने के लिये जुए की गतिविधियों को कौशल-आधारित खेल के रूप में पेश करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि परिणाम मुख्यतः वास्तविक कौशल के बजाय संयोग पर आधारित होते हैं और पैसे के दांव वाले फैंटेसी गेम धांधली वाले एल्गोरिदम पर चलते हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि ऐसा कोई भी खेल जिसमें पैसा दांव पर लगा हो, जुआ कहलाता है।

# कीमतों में तेज बढ़ोतरी से चांदी उत्पादक कंपनियों के शेयरों में उछाल की संभावना: विशेषज्ञ

एजेंसी

नयी दिल्ली। सोने और चांदी की लगातार चढ़ रही कीमतों के बीच विशेषज्ञों की उम्मीद है कि आने वाले समय में चांदी उत्पादन के काम में लगी कंपनियों के शेयरों में उछाल आ सकता है।

चांदी ने इस साल अब तक 57 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। इससे कुछ लोगों ने चांदी में निवेश करना शुरू कर दिया है। वहीं विशेषज्ञों की राय है कि इसका असर आने वाले समय में चांदी के उत्पादन करने वाली और आभूषण बनाने वाली कंपनियों के शेयरों पर भी देखने को मिलेगा। देश में चांदी के उत्पादन में लगी सबसे बड़ी कंपनी हिंदुस्तान जिंक का एक महीने का रिटर्न अब तक 10 प्रतिशत रहा है और उम्मीद है कि आने वाले दिनों में चांदी की कीमतों का असर शेयर पर आयेगा। ऐसे में जानकार सीधे चांदी खरीदने की बजाय चांदी के उत्पादन में लगी कंपनियों में निवेश की सलाह दे रहे हैं। एम के ग्लोबल फाइनेंस सर्विसेज ने चांदी पर अपनी रिपोर्ट में कहा है कि चांदी की बढ़ती हुई कीमतों का असर हिंदुस्तान जिंक के शेयर पर दिख रहा है और उम्मीद है कि कंपनी की वैल्यू आने वाले समय में और बढ़ेगी। दरअसल दुनिया भर में चांदी की मांग लगातार बढ़ रही है, लेकिन उसका उत्पादन मांग के मुकाबले नहीं बढ़ पा रहा है। चांदी का औद्योगिक इस्तेमाल अब लगातार बढ़ रहा है। सोलर पैनल, इलेक्ट्रिक वाहन, मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं में चांदी का उपयोग बढ़ रहा है। साथ ही, निवेश के लिहाज से भी अब चांदी काफी तेजी से खरीदी जा रही है। मांग में इस तेजी की वजह से आने वाले कुछ वर्षों में अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी 70 डॉलर प्रति औंस के उच्च स्तर को छू सकती है।?इससे घरेलू बाजार में भी चांदी की कीमतें उसी अनुरूप बढ़ेंगी और भाव दो लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर तक जा सकते हैं। इससे चांदी उत्पादन में लगी कंपनियों को सीधा फायदा पहुंचेगा। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, अगले 12 महीने में चांदी की कीमतों में जबरदस्त तेजी देखने को मिल सकती है। अनुमान है कि घरेलू बाजार में चांदी का भाव धीरे-धीरे बढ़कर 1.35 लाख रुपये प्रति किलोग्राम और फिर 1.50 लाख रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच सकता है। देश में लगभग 700 टन चांदी का उत्पादन होता है। मुख्य उत्पादन राजस्थान और कुछ अन्य राज्यों में होता है। वहीं, चांदी की मांग के मामले में भारत पहले पायदान पर है। इस साल देश की कुल चांदी की मांग 5,500 से 6,000 टन के बीच रहने की संभावना है। पिछले साल यह आंकड़ा रिकॉर्ड 7,669 टन था।

## नड्डा ने मंत्रालय की पहलों से राधाकृष्णन को अवगत कराया

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्रालयों की प्रमुख पहलों से मंगलवार को अवगत कराया गया।

श्री राधाकृष्णन ने इस बारे में सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने अपने मंत्रिमंडल के सहयोगी राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल और प्रतापराव जाधव के साथ उनसे मुलाकात की। आधिकारिक सूचना में भी कहा गया है कि केंद्रीय मंत्रियों के साथ ही स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के सचिव भी उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में श्री राधाकृष्णन से मुलाकात करने पहुंचे। बैठक के दौरान, उपराष्ट्रपति को दोनों मंत्रालयों की प्रमुख पहलों, उपलब्धियों और कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया।

# एआई के दौर में हमें सांस्कृतिक विविधता को बचाना होगा : शेखावत

एजेंसी

जोधपुर। बार्सिलोना में संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) की ओर से आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन मोंडियाकल्ट 2025 में दुनिया के कई देशों के संस्कृति मंत्री और विशेषज्ञ शामिल हुए। सम्मेलन में भारत की ओर से केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने हिस्सा लिया।

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने जापान, ऑस्ट्रेलिया और कांगो के मंत्रियों व सचिवों के साथ सांस्कृतिक अधिकारों एवं सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था पर चर्चा की। शेखावत ने कहा कि नई तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के इस दौर में हमें सांस्कृतिक विविधता को बचाना होगा। संस्कृति को लोगों से जोड़ने और हर वर्ग तक पहुंचाने के लिए नीतियों एवं



कानूनों को मजबूत बनाने की जरूरत है। शेखावत ने जोर दिया कि तकनीक और एआई को कलाकारों एवं समुदायों को सशक्त बनाने के औजार के रूप में इस्तेमाल करना चाहिए, न कि संस्कृति को कमजोर करने के लिए। शेखावत ने स्पेन के संस्कृति मंत्री एर्नेस्ट उर्तासुन से द्विपक्षीय मुलाकात की। इस दौरान भारत और स्पेन के बीच बड़ा समझौता हुआ। दोनों देशों ने वर्ष 2024ऽ28 सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम पर हस्ताक्षर किए और वर्ष 2026 को भारत-स्पेन संयुक्त सांस्कृतिक वर्ष घोषित किया। शेखावत ने विश्वास जताया कि यह पहल भारत-स्पेन सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। दोनों देशों को सांस्कृतिक कूटनीति के वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करेगी।

केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि भारत और स्पेन के बीच यह पहल न केवल सांस्कृतिक रिश्तों को नई ऊर्जा देगी बल्कि धरोहर संरक्षण, रचनात्मकता और नवाचार को भी मजबूती प्रदान करेगी। मुझे विश्वास है कि यह कदम एक स्थायी विरासत छोड़ेगा, परस्पर समझ को गहरा करेगा और भारतऽस्पेन को सांस्कृतिक कूटनीति में वैश्विक अग्रणी बनाएगा।

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने सर्बिया के संस्कृति मंत्री निकोला सेलाकोविच के साथ भी सार्थक चर्चा की। दोनों नेताओं ने आपसी सहयोग को मजबूत करने की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया। सम्मेलन के दौरान शेखावत ने विश्व प्रसिद्ध कला क्यूरेटर अमीन जाफर से मुलाकात की, जिनकी जड़ें कच्छ (गुजरात) से जुड़ी हैं। शेखावत ने कहा कि अमीन जाफर की यात्रा इस बात का उदाहरण है कि भारत की धरोहर पूरे विश्व से सहज रूप से जुड़ती है।

# नहीं रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय कुमार मल्होत्रा

एजेंसी

**94 वर्ष की आयु में एम्स में ली अंतिम सांस, प्रधानमंत्री मोदी ने शोक जताया**

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी( भाजपा) के वरिष्ठ नेता विजय मल्होत्रा का निधन हो गया। उन्होंने आज सुबह राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के एम्स में 94 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली । एम्स ने विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके निधन पर शोक जताया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स संदेश में लिखा, '' श्री विजय कुमार मल्होत्रा ??जी एक उत्कृष्ट नेता थे, जिन्हें जन मुद्दों की गहरी समझ थी। उन्होंने दिल्ली में हमारी पार्टी को मज़बूत करने में अहम भूमिका निभाई। उन्हें संसदीय मामलों में उनके हस्तक्षेप के लिए भी याद किया जाता है। उनके निधन से दुःख हुआ। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदना। शांति।

भाजपा नेता मल्होत्रा पिछले 45 वर्ष में दिल्ली से पांच बार सांसद और दो बार विधायक रहे। वर्ष 2004 के आम चुनाव में मल्होत्रा दिल्ली में अपनी सीट जीतने वाले एकमात्र भाजपा उम्मीदवार थे। अपने पूरे राजनीतिक करियर में मल्होत्रा बेदाग और स्वच्छ छवि वाले नेता रहे। मल्होत्रा ने हिंदी साहित्य में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। वह राजनीति और सामाजिक गतिविधियों के अलावा दिल्ली में शतरंज और तीरंदाजी क्लबों के प्रशासन में भी शामिल रहे।

मल्होत्रा का जन्म तीन दिसंबर, 1931 को वर्तमान पाकिस्तान के लाहौर में हुआ था। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से निकलकर राजनीति में कदम रखा था। मल्होत्रा ने दिल्ली में संघ की विचारधारा के विस्तार के लिए जनसंघ काल से बहुत काम किया। दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली भाजपा के प्रथम अध्यक्ष प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा का आज सुबह आकसमिक निधन हो गया । उन्होंने कहा कि प्रो. मल्होत्रा का जीवन सादगी एवं जनसेवा को समर्पण की मिसाल रहा। उनके जीवन से हम सभी प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा दिल्ली के प्रथम विकास पुरुष थे। पटेल नगर को मोती नगर से जोड़ने वाला दिल्ली का सबसे पहला फ्लाईओवर का निर्माण उन्होंने 1970-75 के अपने मुख्य कार्यकारी पार्षद के सेवाकाल में करवाया था।

## लद्दाख में हुई हत्याओं की निष्पक्ष न्यायिक जांच हो: राहुल गांधी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लद्दाख में प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा की घटनाओं की न्यायिक जांच करके दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की है।



श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर लद्दाख के लोगों को धोखा देने का आरोप लगाया और कहा कि जो लोग हक की मांग कर रहे हैं, उनको हिंसा से डराने की बजाय उनसे संवाद करना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने लद्दाख के एक पूर्व फौजी की पीड़ा का वीडियो भी जारी किया, जिसने देश के विभिन्न हिस्सों में सेवाएं दी और उसका बेटा लद्दाख में हुई गोलीबारी में मारा गया। कांग्रेस नेता ने अपनी पोस्ट में कहा ''पिता फौजी, बेटा भी फौजी - जिनके खून में देशभक्ति बसी है। फिर भी भाजपा सरकार ने देश के वीर बेटे की गोली मारकर जान ले ली, सिर्फ इसलिए क्योंकि वो लद्दाख और अपने अधिकार के लिए खड़ा था। पिता की दर्द भरी आंखें बस एक सवाल कर रही हैं - क्या आज देशसेवा का यही सिला है। श्री गांधी ने कहा ''हमारी मांग है कि लद्दाख में हुई इन हत्याओं की निष्पक्ष न्यायिक जांच होनी ही चाहिए और दोषियों को कड़ी से कड़ी सज़ा मिलनी चाहिए। मोदी जी, आपने लद्दाख के लोगों को धोखा दिया है। वो अपना हक़ मांग रहे हैं, संवाद कीजिए - हिंसा और डर की राजनीति बंद कीजिए।''

# पेज एक का शेष

### तीनों सेनाओं का...

अनुभवों के आधार पर अभियानगत पद्धतियां, निरीक्षण ढांचे और ऑडिट प्रणालियां विकसित की हैं। उन्होंने बर्फ से ढकी चोटियों से लेकर रेगिस्तान, घने जंगलों, गहरे समुद्र और खुले आसमान तक विविध परिस्थितियों में सशस्त्र बलों के कार्य करने के लचीलेपन की सराहना की। उन्होंने बताया कि इस तरह के कठिन परिश्रम से अर्जित ज्ञान अक्सर एक ही सेना तक सीमित रह जाता है। रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि आज की सुरक्षा परिस्थितियों में सेनाओं के बीच कामकाज को अलग-अलग खानों में बांटकर रखने की बजाय मुक्त आदान-प्रदान और सामूहिक रूप से सीखने की प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा, 'दुनिया तेज़ी से बदल रही है। ख़तरे कहीं ज़्यादा जटिल हो गए हैं और हमें यह स्वीकार करना होगा कि कोई भी सेना अलग-थलग होकर काम नहीं कर सकती। किसी भी संघर्ष में सफलता के लिए अब अंतर-संचालन और संयुक्तता ज़रूरी है।'

### भविष्य में परमाणु और...

होना चाहिए। सीडीएस चौहान ने कहा कि 'हमारी नर्सों के प्रशिक्षण में भविष्य में आने वाली चुनौतियों को ध्यान में रखना होगा। कोविड महामारी के दौरान दुनिया कठिन दौर से गुजरी। मेरे विचार से, जैविक खतरे, चाहे वे मानव निर्मित हों, आकस्मिक हों या प्राकृतिक, भविष्य में बढ़ने की आशंका है। ऐसे खतरों से बचाव और संक्रमित लोगों के इलाज के लिए हमें अलग उपचार प्रोटोकॉल की जरूरत होती है। हमें भविष्य में इसके लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर के बाद, हमारे प्रधानमंत्री ने कहा है कि भारत परमाणु ब्लैकमेलिंग से नहीं डरेगा। हमारे विचार से परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की संभावना बहुत कम है, फिर भी समझदारी इसमें है कि हम इससे बचाव की तैयारी करें। रेडियोलॉजिकल खतरे से बचाव के लिए अलग प्रोटोकॉल की जरूरत होती है और यह हमारे प्रशिक्षण का हिस्सा होना चाहिए। परमाणु खतरों के खिलाफ तैयारी इससे बचाव में योगदान करती है। मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है।

### पाकिस्तान में विस्फोट...

हमला' बताया। उन्होंने 'एक्स' पर एक बयान में कहा ''आतंकवादी अपने कायरतापूर्ण कृत्यों से राष्ट्र के संकल्प को कमज़ोर नहीं कर सकते। जनता और सुरक्षा बलों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। हम बलूचिस्तान को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### बिहार में एसआईआर...

पूर्णिया से 273920, कटिहार से 184254, मधेपुरा से 98076, सहरसा से 131596, दरभंगा से 203315, मुजफ्फरपुर से 282845, गोपालगंज से 310363, सीवान से 221711, सारण से 273223, वैशाली से 225953, समस्तीपुर से 283955, बेगूसराय से 167756, खगड़िया से 79551, भागलपुर से 244612, बांका से 117346, मुंगेर से 74916, लखीसराय से 48824, शेखपुरा से 26256, नालंदा से 138505, पटना से 395500, भोजपुर से 190832, बक्सर से 87645, कैमूर (भभुआ) से 73940, रोहतास से 156148, अरवल से 30180, जहानाबाद से 53089, औरंगाबाद से 159980, गया से 245663, नवादा से 126450 और जमुई से 91882 मतदाताओं का नाम सूची प्रारूप में नहीं है।

### आरएसएस के शताब्दी...

आपदा राहत के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आरएसएस के स्वयंसेवकों ने बाढ़, भूकंप और चक्रवात सहित प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत और पुनर्वास प्रयासों में सक्रिय रूप से भाग लिया है। इसके अतिरिक्त, आरएसएस के विभिन्न सहयोगी संगठनों ने युवाओं, महिलाओं और किसानों को सशक्त बनाने, जनभागीदारी को बढ़ावा देने और स्थानीय समुदायों को मजबूत बनाने में योगदान दिया है। शताब्दी समारोह न केवल आरएसएस की ऐतिहासिक उपलब्धियों का सम्मान है, बल्कि भारत की सांस्कृतिक यात्रा और राष्ट्रीय एकता के संदेश में इसके स्थायी योगदान को भी उजागर करता है।

### आईएमसी जिलाध्यक्ष...

भेजा गया। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में पता लगा है कि आरोपी ताजिम थाना बारादरी के काजी टोला का निवासी है। पूर्व में गोकशी एवं गैंगस्टर के मामलों में जेल जा चुका है। इसी ने श्यामगंज पुल के पास पुलिस पर फायर किया था।

### सपा पार्षद के चार्जिंग स्टेशन पर...

पहुंची और सीलिंग की कार्रवाई की। टीम ने नोटिस चस्पा किया है, जिसके मुताबिक अवैध तरीके से निर्माण करने पर यह कार्रवाई की गई है।

### आज कई महत्वपूर्ण पदों ...

पीसीएस अधिकारी अरुण मणि तिवारी अयोध्या में एडीएम एलए और सर्वेश कुमार गुप्ता मुरादाबाद में एडिशनल कमिश्नर हैं। ये सभी मंगलवार को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। वहीं वर्ष 2011 बैच की आईपीएस अधिकारी सुधा सिंह ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए आवेदन किया है। इस मामले में कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। सुधा सिंह इस समय डीआईजी रेलवे के पद पर तैनात है। उनके पति विनय सिंह भी आईपीएस अधिकारी है। कुछ समय पहले वह काफी बीमार हो गए थे। माना जा रहा है कि इस वजह से ही सुधा सिंह ने वीआरएस के लिए आवेदन किया है। हालांकि इस बारे में कोई अधिकृत बयान किसी का नहीं आया है। इसके अलावा एक और आईपीएस अधिकारी के भी वीआरएस मांगने की चर्चा रही। पर, इस बारे में कोई पुष्टि नहीं हो सकी। हाल ही में आईपीएस अधिकारी के. सत्यनारायण ने भी चीआरएस के लिए आवेदन किया था। उनके मामले में अभी प्रक्रिया चल रही है।

# अब मानसून अवधि समाप्त, सभी सड़कें निर्धारित समय-सीमा में गड्ढा मुक्त की जाएं: धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में एक उच्च स्तरीय बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए अब मानसून अवधि पूर्ण हो चुकी है, सभी विभाग धरातल पर कार्यों में तेजी लाएं। सड़क निर्माण और मरम्मत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी सड़कें निर्धारित समय-सीमा में गड्ढा मुक्त की जाएं। क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनर्निर्माण एवं मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए। जिन क्षेत्रों से बार-बार सड़क संबंधी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, वहां विशेष निगरानी रखी जाए और कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने गड्ढा मुक्त सड़क अभियान की कार्य प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा करने और 31 अक्टूबर तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, सचिव शैलेश बगोली, डॉ. पंकज पांडेय, विनय शंकर पांडेय, अपर पुलिस महानिदेशक ए.पी.अंशुमान, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते एवं अपर सचिव बंशीधर तिवारी उपस्थित थे।

## राजीव प्रताप मामले में उच्चस्तरीय जांच जारी : एसपी

उत्तरकाशी। पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी श्रीमती सरिता डोबाल ने मृतक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के पत्रकार राजीव प्रताप के पोस्टमार्टम रिपोर्ट खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मे डॉक्टरों ने डेड बॉडी पर मारपीट सम्बन्धी कोई निशान नहीं पाये, उसके शरीर के चेस्ट ऐबडोमिनल हिस्से में कुछ आन्तरिक चोटे हैं, जो दुर्घटना के समय आना सम्भव है। डॉक्टरों ने आन्तरिक चोटो को ही मृत्यु होना सम्भव बताया गया है। पुलिस अधीक्षक श्रीमती सरिता डोबाल ने बताया कि 18 सितम्बर की रात्रि में राजीव अपने दोस्त के साथ उत्तरकाशी बस अड्डे, चौहान होटल में खाना खाने के बाद राजीव अपने दोस्त की अल्टो कार लेकर उत्तरकाशी से गंगोरी की ओर निकल गया था। जब वह वापस नहीं लौटा तो अगले दिन 19 सितंबर को उसके दोस्त द्वारा उक्त सम्बन्ध में डायल 112 व राजीव के परिजनों को इसकी जानकारी दी गयी। परिजनों की तहरीर पर पुलिस द्वारा कोतवाली उत्तरकाशी पर राजीव की गुमशुदगी, अपहरण का मामला दर्ज कर गहन तलाश शुरु की गयी।

# दिल्ली-एनसीआर में झमाझम बारिश उमस और गर्मी से मिली राहत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी और एनसीआर में मंगलवार को तेज बारिश से लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग ने दिनभर सामान्यतः बादल छाए रहने और लगातार बारिश की संभावना जताई है।

दिल्ली, गाजियाबाद और नोएडा में आज तेज बारिश हुई, जिससे कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। फिरोजशाह रोड, पटेल चौक मेट्रो स्टेशन के आसपास के इलाकों समेत अन्य जगहों पर पानी भरने से आवागमन प्रभावित हुआ। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने पूर्वानुमान जारी करते हुए कहा है कि अगले 2 से 3 घंटों में गुरुग्राम और एनसीआर के अन्य हिस्सों में तेज बारिश हो सकती है। इसके अलावा अगले 6 घंटों में नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद, पीतमपुरा, बागपत और हरियाणा के झज्जर, रोहतक, भिवानी में गरज-चमक के साथ भारी बारिश होने की संभावना है। अचानक हुई बारिश से जहां लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली है।

# संक्षिप्त समाचार

## भारतीय डाक ने स्पीड पोस्ट शुल्क में किया संशोधन

**फगवाड़ा।** भारतीय डाक ने अपने अंतर्देशीय स्पीड पोस्ट दस्तावेज़ शुल्कों में संशोधन की घोषणा की है, जो एक अक्टूबर से प्रभावी होंगे। इस कदम का उद्देश्य परिचालन लागत को सेवा की गुणवत्ता में सुधार और भविष्य के नवाचारों में निवेश की आवश्यकता के साथ संतुलित करना है। राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से अधिसूचित संशोधित शुल्क संरचना अब भार और दूरी के स्लैब के अनुसार अलग-अलग होगी, जिसके अतिरिक्त वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) भी लागू होगा। फगवाड़ा के पोस्ट मास्टर प्रीतपाल सिंह ने मंगलवार को बताया कि 50 ग्राम तक के दस्तावेजों के लिए स्थानीय डिलीवरी पर 19 रुपये का शुल्क लिया जायेगा, जबकि 200 किलोमीटर से अधिक की दूरी के लिए 47 रुपये की एक फ्लैट दर लागू होगी। 51 से 250 ग्राम के बीच के दस्तावेजों के लिए, टैरिफ स्थानीय स्तर पर 24 रुपये से लेकर 2,000 किलोमीटर से अधिक की दूरी के लिए 77 रुपये तक होगा, और 251 से 500 ग्राम के बीच के लोगों के लिए स्थानीय स्तर पर 28 रुपये और सबसे लंबी दूरी के लिए 93 रुपये तक का खर्च आयेगा। विश्वसनीयता और सुरक्षा को मजबूत करने के लिए, इंडिया पोस्ट ने वैकल्पिक मूल्य वर्धित सेवायें भी शुरू की हैं, जिनमें पंजीकरण और वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी) आधारित डिलीवरी शामिल है, दोनों की कीमत पांच रुपये प्लस वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) है। डाक विभाग द्वारा जारी व्यापक टैरिफ चार्ट से पता चलता है कि मूल्यवर्धित सेवाओं के संयोजन के आधार पर, समग्र लागत बुनियादी सेवाओं के लिए लगभग 22 रुपये से लेकर कई ऐड-ऑन वाली वस्तुओं के लिए 133 रुपये से अधिक हो सकती है। गौरतलब है कि भारतीय डाक अपनी पांच दशक पुरानी पंजीकृत डाक सेवा को एक अक्टूबर से बंद कर देगा, और इसे उन्नत डाक प्रौद्योगिकी पहल के तहत अधिक उन्नत स्पीड पोस्ट ढांचे के साथ मिला देगा। अधिकारियों ने बताया कि यह निर्णय पंजीकृत डाक की मांग में लगातार गिरावट के बाद लिया गया है, जो डिजिटल संचार के बढ़ते चलन और निजी कूरियर सेवाओं से प्रतिस्पर्धा के कारण है। दोनों सेवाओं को बनाये रखने से परिचालन लागत भी बढ़ गयी थी।

## पंडित श्रद्धाराम फिल्लौरी की 188वीं जयंती पर अर्पित की गयी श्रद्धांजलि

**फगवाड़ा।** दुनिया भर के हिन्दू मंदिरों और घरों में गायी जाने वाली 'ओम जय जगदीश हरे' आरती के रचयिता और हिंदी उपन्यासकार पंडित श्रद्धा राम फिल्लौरी की 188वीं जयंती पंजाब स्थित उनके गृह नगर फिल्लौर में मंगलवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। लुधियाना और जालंधर में भी उनकी जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किये गये। सैकड़ों नागरिकों ने बस स्टैंड के पास स्थित पंडित शारदा राम फिल्लौरी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद फिल्लौर मंदिर में एक धार्मिक समागम का आयोजन किया गया, जहां सैकड़ों श्रद्धालुओं ने फिल्लौरी को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धालुओं ने कीर्तन और भजन प्रस्तुत किये। आज कई स्थानों पर लंगर का भी आयोजन किया गया। फिल्लौरी का जन्म 30 सितंबर, 1837 को फिल्लौर के एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनका विवाह एक सिख लड़की मेहताब कौर से हुआ था। उन्होंने गुरुमुखी के अलावा हिंदी, संस्कृत, फ़ारसी, ज्योतिष और संगीत की शिक्षा भी ली थी। पंडित श्रद्धाराम फिल्लौरी प्रसिद्ध विद्वान, प्रचारक, समाज सुधारक, स्वतंत्रता सेनानी और हिंदी के शुरुआती उपन्यास भाग्यवती के रचयिता थे। दुनिया भर में जहां कहीं भी हिन्दू मंदिर स्थापित किया गया है, वहां रोजाना सुबह-शाम 'ओम जय जगदीश हरे' की आरती गूंजती है। बहुत कम लोगों को यह पता है कि इस आरती के रचयिता श्रद्धाराम फिल्लौरी जालंधर में फिल्लौर के रहने वाले थे।

## जालंधर में साढ़े चार किग्रा हेरोइन के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**पटियाला।** पंजाब के जालंधर में 4.721 किलोग्राम हेरोइन के साथ मंगलवार को एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि आरोपी की पहचान वंश कुमार निवासी दालम बटाला के तौर पर हुई है। वंश कुमार जेल में बंद गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया का सहयोगी है। श्री यादव ने कहा कि इस संबंध में थाना स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल, अमृतसर में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। नेटवर्क के संबंधों सहित पूरी सांठगांठ का पर्दाफाश करने के लिए जांच जारी है। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस मादक पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क को ध्वस्त करने और एक सुरक्षित, नशामुक्त पंजाब सुनिश्चित करने के अपने संकल्प पर अडिग है।

## पंजाब पुलिस ने मानव तस्करी पर एक राज्य-स्तरीय परामर्श आयोजित किया

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस के सामुदायिक मामलों के प्रभाग ने बच्चों के लिए न्याय अधिकार के सहयोग से मंगलवार को चंडीगढ़ स्थित राज्य न्यायिक अकादमी में मानव तस्करी पर एक राज्य-स्तरीय परामर्श आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस, सरकारी विभाग, आयोग और गैर-सरकारी संगठन शामिल हुए। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने मंगलवार को यह जानकारी दी। श्री यादव ने अपने उद्घाटन भाषण में इस बात पर ज़ोर दिया कि तस्करी एक गंभीर शोषणकारी अपराध है जो कमज़ोर तबकों को निशाना बनाता है और जिसके दीर्घकालिक परिणाम विनाशकारी होते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की सीमाओं के पार इस समस्या का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के लिए, पुलिस, श्रम, महिला एवं बाल विकास विभागों और गैर-सरकारी संगठनों के बीच अंतरराज्यीय और अंतर-एजेंसी समन्वय की तत्काल आवश्यकता है। श्री यादव ने कहा कि रेलवे सुरक्षा बल, राजस्थान पुलिस, यूआईडीएआई और पंजाब राज्य महिला एवं बाल आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों ने मानव तस्करी से निपटने के महत्वपूर्ण उपकरणों के रूप में कानून प्रवर्तन, साइबर निगरानी, सुदृढ़ कार्यान्वयन और जन जागरूकता पर बहुमूल्य जानकारी साझा की।

## वीरेंद्र सचदेवा ने विजय कुमार मल्होत्रा के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और दिल्ली भाजपा के प्रथम अध्यक्ष प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा का मंगलवार प्रातः 94 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन पर दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मल्होत्रा का जीवन सादगी, निष्ठा और जनसेवा को समर्पित रहा। सचदेवा ने एक बयान में कहा कि जनसंघ काल से ही प्रो. मल्होत्रा ने दिल्ली में संगठन और संघ की विचारधारा के विस्तार के लिए ऐतिहासिक कार्य किया। उनका जीवन हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए सदैव प्रेरणादायक रहा है और आगे भी प्रेरणा देता रहेगा। सचदेवा ने प्रो. मल्होत्रा को दिल्ली का ल्लप्रथम विकास पुरुषङ्ग बताते हुए कहा कि उनके प्रयासों से राजधानी को आधुनिक विकास की दिशा मिली। उन्होंने याद दिलाया कि पटेल नगर को मोती नगर से जोड़ने वाला दिल्ली का पहला फ्लाईओवर प्रो. मल्होत्रा जी के मुख्य कार्यकारी पार्षद के कार्यकाल (1967-71) में ही बनवाया गया था।

# दुर्गा पूजा महोत्सव: 108 कमल के फूलों से हुआ माता का अभिषेक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नैनीताल। सार्वजनिन दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में नगर में आयोजित हो रहे 69वें दुर्गा पूजा महोत्सव के अवसर पर माता नयना देवी मंदिर परिसर में मंगलवार को अष्टमी पूजन हुआ। इस अवसर पर नैनी झील के तट पर स्थित नयना देवी मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और वातावरण भक्तिमय बना रहा। मुख्य पुजारी शुभ चक्रवर्ती के नेतृत्व में आयोजित हुई संधि पूजा के दौरान माता को 108 कमल पुष्प, 108 दूर्बा, 108 बेलपत्र अर्पित किए गये और 108 दीपों से महिषासुर मर्दिनी की आरती कर माता दुर्गा का अभिषेक किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और मां दुर्गा से सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। अष्टमी पूजन के इस अवसर पर आयोजक समिति के अध्यक्ष बहादुर बिष्ट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष त्रिभुवन फर्त्याल, महासचिव उमेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार सहित डॉली भट्टाचार्या, तृप्ति मजूमदार, कमलेश शर्मा, मिथाली रॉय, सुना जयसिंघानी, मोमिता मजूमदार, कुमकुम शर्मा, यश शर्मा, विकाश वर्मा, अमन महाजन, आशीष वर्मा व नवीन शर्मा आदि शामिल रहे। दुर्गा पूजा महोत्सव के अवसर पर नयना देवी मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मंदिर के बाहर डीएसए मैदान में मेला लगा हुआ है, साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी शुरुआत हो गयी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्य और विशिष्ट अतिथि महिला उद्यमिता विभाग की अध्यक्ष रेनू अधिकारी ने किया। इस दौरान लवली पब्लिक स्कूल, नैनी पब्लिक स्कूल, अमेरिकन किड्स, गोल्जू ग्रुप नैनीताल, घुघुति कला संस्कृति संस्था, कुमाउनी संस्कृति उत्थान मंच नैनीताल और कुमाऊं संस्कृति कला दर्शन लोहाघाट के कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। साथ ही स्टार नाइट कार्यक्रम में लोक कलाकार इंदर आर्य और मेघा चंद्रा के गीतों पर दर्शक देर तक थिरकते रहे। उन्होंने हे मधु, सवारी सवारी, गुलाबी शरारा, एके47 हाथ मा, मॉडर्न कुमाऊं, लहँगा, हिट मधुली, हफ्ते में ऐतवार का दिन, कोशी गाड़ा धाना, इंटर में फ़ेल, मधुली हीरा और मैं छु ठेठ पहाड़ी जैसे गीतों से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

## एडवोकेट धामी ने जसजीत सिंह समुंद्री के निधन पर दुख व्यक्त किया

अमृतसर। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने सिख हस्ती तेजा सिंह समुंदरी के पोते और भारतीय विदेश सेवा के पूर्व अधिकारी जसजीत सिंह समुंदरी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। पूर्व अमेरिकी राजदूत तरनजीत संधू के बड़े भाई जसजीत सिंह समुंदरी का आज सुबह कनाडा में निधन हो गया। वह लंबी बीमारी के कारण उपचाराधीन थे। उनके परिवार में पत्नी और दो पुत्रियां हैं। वह 72 वर्ष के थे। एडवोकेट धामी ने कहा कि श्री तेजा सिंह समुंदरी सिख समुदाय में अत्यंत सम्मानित थे, जिन्होंने शिरोमणि कमेटी और सिख मोर्चों की स्थापना में प्रमुख भूमिका निभायी थी। उन्होंने कहा कि श्री समुंदरी के परिवार ने धार्मिक और सामाजिक रूप से भी बड़ी ज़िम्मेदारियां निभाई हैं। उनके पोते श्री जसजीत सिंह समुंदरी का निधन परिवार और समाज के लिए एक बड़ी क्षति है। एडवोकेट धामी ने दुख की इस घड़ी में परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने तथा परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# छात्राओं से छेड़छाड़ में गिरफ्तार बाबा जांच में नहीं कर रहा सहयोग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। वसंत कुंज स्थित श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट एंड रिसर्च की 17 छात्राओं से छेड़छाड़ का आरोपित चैतन्यानंद सरस्वती जांच में सहयोग नहीं कर रहा है। पूछताछ में गोलमोल जवाब दे रहा है। उसे देखकर ऐसा नहीं लग रहा कि उसे अपने किए पर कोई पछतावा हो। आरोपित बाबा चैतन्यानंद सरस्वती की दो महिला सहयोगियों को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस इन दोनों का आमना-सामना बाबा से करवाएगी। पुलिस के मुताबिक, बाबा के फोन से कई लड़कियों के व्हाट्सएप चैट्स मिले हैं। बाबा इन चैट्स में लड़कियों को झांसा देकर बरगलाने की कोशिश कर रहा था। जांच में सामने आया कि बाबा के पास दो पासपोर्ट हैं। पहला पासपोर्ट उसने स्वामी पार्थ सारथी के नाम से बनवाया, जबकि दूसरा स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती के नाम से जारी कराया। 62 वर्षीय चैतन्यानंद सरस्वती अगस्त से फरार था, जिसे 24 सितंबर को आगरा से गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि बाबा पर 17 छात्राओं ने अश्लील हरकत और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया था। आरोपित चैतन्यानंद ने छात्राओं के विरोध को खूब दबाने की कोशिश भी की थी। पीड़िताओं के मुताबिक, जिस किसी ने भी विरोध की हिम्मत दिखाई, उन्हें लगातार प्रताड़ित किया गया। उनकी उपस्थिति काट दी जाती, अंक घटा दिए जाते और यहां तक कि डिग्री भी रोक ली जाती। श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट एंड रिसर्च, शृंगेरी पीठ के अधीन संचालित होता है। इसी पीठ ने आरोपित चैतन्यानंद के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

## सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स की पहली पासिंग आउट परेड सफलतापूर्वक आयोजित

चंडीगढ़। चंडीगढ़ प्रशासन ने मंगलवार को सेक्टर-7 स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स की पहली पासिंग आउट परेड आयोजित की। इस ऐतिहासिक अवसर पर लगभग 400 प्रशिक्षित वॉलंटियर्स ने भाग लिया। इन्हें सेक्टर-26 स्थित एमजीएसआईपीए में कक्षा आधारित प्रशिक्षण तथा चंडीमंदिर कैंटोनमेंट में आर्मी अफसरों और चंडीगढ़ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में फील्ड प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में मनीप सिंह ब्रार, आईएएस, गृह सचिव, यूटी चंडीगढ़; निशांत कुमार यादव, आईएएस, उपायुक्त सह-कंट्रोलर सिविल डिफेंस अन्य अधिकारी शामिल थे। मुख्य अतिथि के रूप में चंडीगढ़ के मुख्य सचिव राजीव वर्मा ने परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने वॉलंटियर्स के अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि यह केवल प्रशिक्षण का परिणाम नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा, ''आपको युद्ध लड़ने के लिए नहीं, बल्कि जीवन बचाने के लिए प्रशिक्षित किया गया है फिर भी आप किसी सैनिक से कम नहीं हैं। उपायुक्त सह-कंट्रोलर सिविल डिफेंस निशांत कुमार यादव ने कहा कि देश में पहली बार इस प्रकार की पहल की गई है, जिसमें सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स को संगठित ढंग से जोड़ा गया है। उन्होंने चंडीगढ़ निवासियों के उत्साह और स्वेच्छा से भागीदारी की सराहना भी की। अब ये प्रशिक्षित वॉलंटियर्स आपदा की स्थिति में नागरिक प्रशासन का सहयोग करने के लिए तैयार हैं। यह पहल चंडीगढ़ की सिविल डिफेंस व्यवस्था और सामुदायिक सुरक्षा के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक आस्था और उत्सव का माहौल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सारण। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर छपरा शहर से लेकर आसपास के ग्रामीण इलाकों तक आस्था और उत्सव का माहौल बना हुआ है। श्रद्धालु माता रानी के दर्शन और पूजन के लिए अलगऽअलग पंडालों में भारी संख्या में पहुंच रहे हैं। शहर की गलियों से लेकर प्रमुख चौकऽचौराहों और बाजारों में आकर्षक पंडालों का निर्माण किया गया है, जिनमें विभिन्न थीम पर आधारित भव्य सजावट देखने को मिल रही है। शहर के श्याम चक, पंकज सिनेमा रोड, भगवान बाजार, लल्लू मोड़, गुदरी राय चौक, नगरपालिका चौक, टेलपा टेम्पु स्टैंड, नेहरू चौक और गांधी चौक सहित दर्जनों मुहल्लों में मां दुर्गा की भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। सुबह, शाम पूजन, और भजन, कीर्तन का सिलसिला लगातार जारी है। श्रद्धालु परिवार के साथ पंडालों में पहुंचकर मां के दर्शन कर रहे हैं और वातावरण जयकारों से गूंज रहा है। इस बार के पंडालों में थीम आधारित सजावट खास आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। बनियापुर में बना ल्लऑपरेशन सिंदूरङ्ग पंडाल देश के जवानों के शौर्य और बलिदान की झलक दिखा रहा है। यहां पंडाल देखने के लिए भीड़ उमड़ रही है और लोग देशभक्ति से भावविभोर हो रहे हैं। वहीं, जलालपुर के फुटानी बाजार में विशाल ऑक्टोपस के आकार का पंडाल बनाया गया है, जो देखने वालों को चकित कर रहा है। बच्चे और युवा इस पंडाल को सेल्फी प्वाइंट बना चुके हैं। नवरात्र के इन पावन दिनों में शहर में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला भी जारी है। कहीं भजन संध्या का आयोजन हो रहा है तो कहीं गरबा और डांडिया की धूम देखने को मिल रही है। शाम ढलते ही रोशनी से नहाए पंडालों की भव्यता देखते ही बनती है। छपरा और उसके आसपास के इलाकों में नवरात्र का पर्व केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सामाजिक एकजुटता और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का प्रतीक बन गया है। पंडालों में उमड़ रही भीड़ इस बात का प्रमाण है कि मां दुर्गा के प्रति श्रद्धा और उत्साह हर वर्ग और हर उम्र के लोगों में समान रूप से मौजूद है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063